# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | भोपाल, शुक्रवार 26 जनवरी 2024






inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


### गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं

*गणतंत्र दिवस के अवसर पर सुधि पाठकों, विज्ञापनदाताओं, एजेंसियों और हॉकर बंधुओं समेत सभी शुभचिंतकों को हार्दिक शुभकामनाएं।*

### अवकाश

*इस अवसर पर 26 जनवरी शुक्रवार को हरिभूमि कार्यालय में अवकाश रहेगा। 28 जनवरी रविवार को आपका यह प्रिय अखबार आपके हाथों में होगा।*

*प्रधान संपादक*

## कोहलीः आईसीसी वनडे क्रिकेटर ऑफ द ईयर

**नई दिल्ली।** भारत के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली को आईसीसी वनडे क्रिकेटर ऑफ द ईयर चुना गया है। इस अवॉर्ड के लिए विराट के साथ भारत के ही शुभमन गिल, शमी और न्यूजीलैंड के डेरिल मिचेल भी रेस में थे।



विराट को चौथी बार यह अवॉर्ड मिला है। इससे पहले वे 2012, 2017 और 2018 में भी चुने गए थे। वहीं वर्ल्ड चैंपियन ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस क्रिकेटर ऑफ द ईयर बने। विराट ने साल 2023 में 27 वनडे मैचों में 1377 रन बनाए। इसमें 6 शतक और 8 अर्धशतक शामिल रहे। उन्होंने 1 विकेट और 12 कैच भी लपके।

### मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा-'मप्र गान' पर खड़े होने की जरूरत नहीं

# राष्ट्रगान का स्थान नहीं ले सकता है कोई अन्य 'गान'

राज्य सिविल सेवा में चयनित अभ्यर्थियों को दिए नियुक्ति पत्र किया संवाद

राजधानी के रवींद्र भवन में आयोजित कार्यक्रम में मप्र गान होने पर जब अधिकारी खड़े हुए तो सीएम डॉ. यादव ने इशारा कर सभी को बैठा दिया।

कार्यक्रम में मध्य प्रदेश सिविल सेवा के वर्ष 2019 व 2020 के चयनित अभ्यर्थी सम्मिलित हुए।

डॉ. यादव ने अभ्यर्थियों से संवाद में उनके कई प्रश्नों के उत्तर दिए।



◆ लोकसेवकों से कहा- विनम्रता, अहंकार शून्यता और नवाचार की प्रवृत्ति बनाएं

प्रमुख सचिव स्कूल शिक्षा रश्मि अरूण शमी ने प्रदेश की 20 वर्षों की प्रगति यात्रा और प्रमुख सामाजिक आर्थिक संकेतकों पर प्रस्तुतिकरण दिया।



विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि राष्ट्रगान का स्थान कोई अन्य गान नहीं ले सकता। इसलिए, मप्र गान के समय खड़े होने की जरूरत नहीं है। राजधानी के रवींद्र भवन में आयोजित कार्यक्रम में मप्र गान होने पर जब अधिकारी खड़े हुए तो उन्होंने इशारा कर सभी को बैठा दिया।

उन्होंने कहा कि प्रदेश, शहर, गांव अथवा अन्य से संबंधित कोई भी गान बनाया जा सकता है लेकिन वह राष्ट्रगान का स्थान नहीं ले सकता। बता दें, पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज ने एक समय संकल्प दिलाया था कि जब भी मप्र गान हो तब उसके सम्मान में अफसरों सहित सभी मौजूद लोग खड़े हो जाएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव गुरुवार को मध्यप्रदेश राज्य सिविल सेवा में चयनित अभ्यार्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान करने तथा उनके ▶▶ शेष पेज 4 पर

### *नई तकनीक अपनाने और सीखने की प्रवृत्ति बनाएं*

*डॉ. यादव ने अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वर्तमान युग विज्ञान और तकनीक का युग है। सौंपे गए कार्यों के संपादन में नई तकनीक को अपनाकर अपनी क्षमता बढ़ाने तथा कार्य को अधिक से अधिक सक्षमता, पारदर्शिता से शत-प्रतिशत पूर्णता तक ले जाने के लिए हमें संकल्पित रहना है। उन्होंने कहा कि विनम्रता, अहंकार शून्यता और नवाचार की प्रवृत्ति बनाए रखें। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का उदाहरण देते हुए अभ्यर्थियों को प्रेरित किया और कहा कि हमें जो भी दायित्व मिले उसे शत-प्रतिशत सफलता की ओर ले जाने के लिए हम प्रतिबद्ध रहें। डॉ. यादव ने राज्य द्वारा सौंपे गए दायित्वों के निर्वहन में समर्पण, कर्तव्यनिष्ठा और त्याग के संबंध में चाणक्य, पन्नाधाय, डॉ. राजेंद्र प्रसाद और कर्पूरी ठाकुर के उदाहरण देते हुए अभ्यर्थियों को विनम्र, तालमेल से कार्य करने और अध्ययनशील व सीखने के प्रवृत्ति बनाए रखने के लिए प्रेरित किया।*

## आईआईटी इंदौर के उज्जैन सैटेलाइट परिसर को मिली सैद्धांतिक स्वीकृति



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को दिल्ली पहुंच कर केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और निर्मला सीतारमण से मुलाकात की। प्रधान से मुलाकात में आईआईटी इंदौर के उज्जैन सैटेलाइट परिसर को सैद्धांतिक स्वीकृति मिल गई। मुलाकात में तय हुआ कि प्रधान राज्य में आईआईटी दिल्ली के सहयोग से किए जाने वाले कौशल उन्ननयन नवाचारों का शुभारंभ करेंगे और असीरगढ़ किले में वीर सुरेंद्र साईं ▶▶ शेष पेज 4 पर

### भाजपा ने 2024 लोकसभा चुनाव के लिए जारी किया कैंपेन थीम



## सपने नहीं, हकीकत बुनते हैं तभी तो सब मोदी को चुनते हैं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में 2024 के अपने चुनावी अभियान की शुरुआत करते हुए कैंपेन थीम लॉन्च किया। पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने भाजपा का कैंपेन थीम गीत 'सपने नहीं हकीकत बुनते हैं, तभी तो सब मोदी को चुनते हैं' जारी किया। अभियान लोगों के बीच से निकलकर सामने आया है और भाजपा ने जनभावनाओं के बारे में मिले फीडबैक के अनुरूप इसे अपनाया है।

■ नड्डा ने कहा अभियान लोगों के बीच से निकलकर सामने आया

### *यह अभियान मोदी की गारंटी का पूरक*

*इस नए अभियान की थीम 'मोदी की गारंटी', जन आंदोलन के अनुरूप चल रहे राष्ट्रीय उत्साह निर्माण का भी पूरक है। अभियान लॉन्च के दौरान, नमो नव मतदाता सम्मेलन आयोजित किया गया और इसी दौरान एक संगीत वीडियो जारी किया। इसे लॉन्च किया गया। इसमें दिखाया गया है कि कैसे पीएम मोदी ने करोड़ों भारतीयों के सपनों और आकांक्षाओं को वास्तविकता में बदल दिया है। नड्डा ने सभी पार्टी कार्यकर्ताओं से खुद को लोगों की भावनाओं के अनुरूप बनाने व अभियान के बारे में जागरूक करने का आग्रह किया।*

### घोषणापत्र के लिए नमो एप पर जनता से मांगे सुझाव

भाजपा ने लोकसभा चुनाव की तैयारियां जोर-शोर से शुरू कर दी हैं। पार्टी ने अपने घोषणापत्र के लिए भी जनता से सुझाव मांगे हैं। राष्ट्रीय मतदाता दिवस के मौके पर पीएम मोदी की वेबसाइट की तरफ से इसे लेकर जानकारी भी दी गई है। इसमें कहा गया है कि पीएम मोदी ने खुद नागरिकों से भाजपा के चुनावी घोषणा पत्र के लिए सुझाव मांगे हैं। इसके लिए यूजर्स कमेंट सेक्शन पर सुझाव दे सकते हैं। गौरतलब है कि भाजपा ने 2019 के लोकसभा चुनाव से पहले भी जनता से सुझाव लेने के बाद ही अपना घोषणा पत्र जारी किया। मोदी सरकार ने इस घोषणा पत्र को तब संकल्प पत्र कहा था। भाजपा ने तब इसके लिए तीन तरीके से सुझाव हासिल किए थे।





नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री
डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री
विकास के अमृत काल में संवैधानिक मूल्यों के साथ
रामराज्य की ओर बढ़ता मध्यप्रदेश
गुणवत्तापूर्ण शिक्षा | सशक्त और आत्मनिर्भर नारी शक्ति | अंत्योदय उत्थान
समृद्ध होता अन्नदाता | सक्षम युवा | सुलभ और आधुनिक स्वास्थ्य सेवाएं | सांस्कृतिक समृद्धि
75 वें गणतंत्र दिवस
की प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं...
"आइये, हम सब मिलकर मध्यप्रदेश को एक ऐसे गणतंत्र के रूप में लेकर आगे बढ़ें, जो सुराज, सुशासन सम्मत कार्यशैली और रामराज्य के आदर्शों का द्योतक हो, जिसमें सबका हित - सबका मंगल समाहित हो। शुभकामनाएं।"
डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री
मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी
मध्यप्रदेश शासन
आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2024
D-11180/23

भोपाल
शुक्रवार, 26 जनवरी 2024
माघ मास कृष्ण पक्ष-01
वर्ष : 10, अंक : 310
पृष्ठ : 18 मूल्य : 4.00 **
मौसम
अधि. 29
न्यून. 09

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi com








## खबर संक्षेप

### बाल अपचारी बाल संप्रेक्षण गृह से भागे

**भोपाल।** जिले के बाल संप्रेक्षण गृह से छह बाल अपचारी फरार हो गए। इन्हें नहाने के लिए गर्म पानी



दिया जा रहा था, इस दौरान वह कर्मचारी को धक्का देकर बाहर निकले और फिर दीवार लांघकर फरार हो गए। यह सभी 6 बाल अपचारी अलग-अलग थानों में गंभीर मामलों में शामिल थे। इसके अलावा तीन बाल अपचारी पूर्व डीजीपी की नातिन अक्षरा के हत्याकांड में भी आरोपी हैं। घटना के बाद पुलिस ने बाल अपचारियों की तलाश शुरू कर दी है। वहीं, पूर्व डीजीपी के घर के सुरक्षा भी बढ़ा दी गई।

### एक्स प्रेमी ने दोस्तों संग किया रेप,वीडियो बनाया

**इंदौर।** पुलिस ने महिला का अपहरण कर उसके साथ गैंगरेप करने के आरोप में मुख्य आरोपी



20 साल के अंकित कदम समेत 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। द्वारिकापुरी नगर निरीक्षक अनिल गुप्ता ने कहा, 'महिला और अंकित कदम अच्छे दोस्त थे। कदम ने उसे शादी के लिए प्रपोज किया, लेकिन महिला ने इनकार कर दिया और दूसरे शख्स से शादी कर ली। सितंबर 2023 में, कदम ने उसे उसके घर से किडनैप कर लिया और आईडीए की पुरानी इमारत में गैंगरेप किया।

### कंटेनर की टक्कर से 12 श्रद्धालुओं की मौत

**शाहजहांपुर।** थाना मदनापुर क्षेत्र के गांव दमगड़ा से गंगा स्नान करने के लिए जा रहे श्रद्धालुओं के



ऑटो को कंटेनर ने टक्कर मार दी। हादसे में 12 लोगों की मौत हो गई। हादसा गुरुवार की सुबह करीब 10:30 बजे अल्हागंज के गांव सुगसुगी के पास बरेली-फर्रुखाबाद हाईवे पर हुआ। कंटेनर चालक फरार है। जानकारी मिलने के बाद डीएम उमेश प्रताप सिंह, एसपी अशोक कुमार मीणा और जलालाबाद विधायक हरिप्रकाश वर्मा मौके पर पहुंचे। सीएम योगी आदित्यनाथ ने हादसे पर दुख व्यक्त किया है।

### जंतर-मंतर देखा, फिर किया हवा महल तक रोड शो, पूरे रास्ते हुई फूलों की वर्षा

# पीएम मोदी और मैक्रों के 'बीच' बॉन्डिंग से दुनिया को बड़ा संदेश

दोनों नेताओं ने ऐतिहासिक जंतर मंतर का अवलोकन किया व उसके बारे में जाना।



होटल रामबाग पैलेस में दोनों शीर्ष नेताओं के बीच द्विपक्षीय बैठक हुई, दोनों नेता रात में ही दिल्ली पहुंच गए

## इस बॉन्डिंग से दुनिया को यह बड़ा संदेश गया कि फ्रांस भारत का सबसे भरोसेमंद साथी है

मैक्रों 26 जनवरी को दिल्ली में आयोजित होने वाले गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि

फ्रांस की वायु सेना के दो राफेल लड़ाकू विमान और एक एयरबस ए-330 मल्टी-रोल टैंकर परिवहन विमान भी समारोह में शामिल होंगे



एजेंसी ▶▶| जयपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति एमैनुएल मैक्रों के बीच गुरुवार को गजब की बॉन्डिंग नजर आई। इस बॉन्डिंग से दुनिया को यह बड़ा संदेश गया कि फ्रांस भारत का सबसे भरोसेमंद साथी है। इस दोनों नेताओं की मुलाकात जयपुर में गर्मजोशी से भरी रही। मैक्रों ने जयपुर में पीएम मोदी के साथ रोड शो भी किया। यह रोड शो जंतर मंतर से हवा महल तक किया गया।

इस दौरान दोनों नेता एक गाड़ी पर खड़े नजर आए। दोनों नेताओं ने हाथ हिला कर लोगों का अभिवादन किया। दोनों नेता एक वाहन पर खड़े दिखे और हाथ हिलाकर लोगों का अभिवादन ▸▸ शेष पेज 4 पर

### मैक्रों आमेर के किले भी पहुंचे, कलाकारों से बात की

मैक्रों का काफिला हवाईअड्डे से आमेर के किले के लिए रवाना हुआ। रास्ते में जगह जगह स्कूली बच्चों व आम लोगों ने काफिले का स्वागत किया। मैक्रों ने कई जगह हाथ हिलाकर बच्चों का अभिवादन किया। किले में भी वह वहां मौजूद लोगों से बात करते व उनके साथ फोटो खिंचवाते नजर आए। किले में विदेश मंत्री जयशंकर तथा राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी भी मौजदू थी। यहां मैक्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी देखा।

### दोनों नेताओं ने बड़ी चौपड़ में हवा महल के सामने चाय पी

पीएम मोदी ने मैक्रों को यूपीआई पेमेंट डिजिटल सिस्टम के बारे में जानकारी दी। हवा महल देखते समय मैक्रों ने 2 सवाल भी पूछे। पहला- हवा महल में कितनी खिड़कियां हैं। दूसरा- इसमें लगे शीशे का रंग नीला क्यों है। इस बीच दोनों नेता बड़ी चौपड़ में हवा महल के सामने चाय पी। मैक्रों और मोदी जंतर-मंतर पर बने सम्राट यंत्र को देखा। यह जंतर-मंतर पर सबसे बड़ा यंत्र है। इसकी ऊंचाई 90 फीट है।

### *गणतंत्र दिवस समारोह में शामिल होने वाले छठे फ्रांसीसी नेता*

*दिल्ली में मैक्रों कर्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस परेड में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। फ्रांसीसी सेना की एक टुकड़ी इस साल के गणतंत्र दिवस परेड में भाग ले रही है। फ्रांस की वायु सेना के दो राफेल लड़ाकू विमान और एक एयरबस ए330 मल्टी-रोल टैंकर परिवहन विमान भी समारोह में शामिल होंगे। मैक्रों गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेने वाले छठे फ्रांसीसी नेता (पांचवे राष्ट्रपति) हैं, उनसे पहले 2016 में तत्कालीन फ्रांसीसी राष्ट्रपति फ्रांस्वा ओलांद, 2008 में निकोलस सरकोजी, 1998 में जैक्स शिराक, 1980 में वालेरी गिस्कार्ड डी'एस्टैंग और 1976 में प्रधान मंत्री जैक्स शिराक भारत के गणतंत्र दिवस पर मुख्य अतिथि बन चुके हैं।*

### बिहार में फिर सियासी हलचल तेज

# नीतीश का 'इंडिया' से मोहभंग फिर जा सकते हैं मोदी के 'संग'

*नीतीश कुमार के करीबी नेता दिल्ली पहुंचे, भाजपा के प्रमुख नेताओं को शाह ने अचानक बुलाया*



एजेंसी ▶▶| पटना

बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को अगले कदम को लेकर चल रही अटकलें एक बार फिर तेज हो गई हैं। लोकसभा चुनाव के नजदीक आने के साथ सियासी घटनाक्रम तेजी से बदलता हुआ नजर आ रहा है। दरअसल, गुरुवार को जदयू के वरिष्ठ नेता केसी त्यागी के दिल्ली पहुंच गए। ▸▸ शेष पेज 4 पर

### पीएम मोदी, शाह और नड्डा में चर्चा

नीतीश कुमार भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व के संपर्क में बने हुए हैं। दावा किया जा रहा है कि नीतीश कुमार के मुद्दे को लेकर पीएम मोदी ने गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से करीब 3 घंटे तक चर्चा की है।

### उज्जैन के माकड़ौन में मूर्ति लगाने पर दो पक्षों में विवाद

# पथराव में एसआई घायल, लापरवाही पर टीआई निलंबित... पुलिस बल तैनात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल



उज्जैन से 50 किलोमीटर दूर स्थित माकड़ौन क्षेत्र में लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की मूर्ति लगाने की बात को लेकर एक बड़ा विवाद हो गया।

एक पक्ष ने सरदार वल्लभभाई पटेल की मूर्ति को हटाने के लिए उस पर ट्रैक्टर चढ़ा दिया। ये पक्ष संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा लगाना चाहता है। इसके बाद दोनों पक्ष आमने-सामने हो गए। विवाद को शांत करने के लिए पुलिस को माकड़ौन के साथ ही उज्जैन और तराना का पुलिस बल भी यहां तैनात करना ▸▸ शेष पेज 4 पर

### जिले से हटाकर बिना काम जीएडी पूल में किया अटैच

# महिला से शू लेस बंधवाने वाले एसडीएम को हटाया

सीएम ने कहा- एसडीएम को सिर्फ हटाया, सस्पेंड नहीं किया, बीमार हैं तो छुट्टी पर चले जाते, किसने रोका?



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

सिंगरौली में महिला कर्मचारी ने जिस एसडीएम के लेस बांधे थे, उन्हें सीएम डॉ. मोहन यादव ने हटा दिया है। सीएम ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लिखा कि सिंगरौली जिले के चितरंगी में एसडीएम असवन राम चिरावन द्वारा एक महिला से उनके जूते के फीते बंधवाने का मामला सामने आया है, जो अत्यंत निंदनीय है। इस घटनाक्रम को लेकर एसडीएम को तत्काल हटाने के निर्देश दिए हैं।

हमारी सरकार में नारी सम्मान सर्वोपरि है। असवन को अगले आदेश तक विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी सामान्य प्रशासन विभाग (पूल) के पद पर भेजा गया है। उनकी ▸▸ शेष पेज 4 पर

### केंद्रीय गृह मंत्रालय ने किया ऐलान

# नक्सलियों को ढेर करने वाले अंशुमान, शुक्ल और कापसे को वीरता पदक

4 आईपीएस को विशिष्ट सेवा और 19 पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों को सराहनीय सेवा पदक, डीजीपी ने अफसरों को फोन कर दी बधाई

मो शाहिद अबसार एडीजीपी ईओडब्ल्यू, योगेश चौधरी एडीजीपी लोकायुक्त, डिप्टी कमांडेंट भारत भूषण राय तथा निरीक्षक शारदा चौधरी को विशिष्ट सेवा पदक



मो . शाहिद




योगेश चौधरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपाल

43 लाख रुपए के इनामी नक्सलियों को मार गिराने वाले मध्यप्रदेश के तीन पुलिस कर्मचारियों को गैलेंट्री अवार्ड मिलेगा। इसके साथ ही चार आईपीएस अफसरों को विशिष्ट सेवा और ▸▸ शेष पेज 4 पर

### *इनको सराहनीय सेवा पदक के लिए चुना*

*राष्ट्रपति वीरता पदकों की श्रेणी में सराहनीय सेवा पदक के लिए मध्य प्रदेश के जिन अफसरों के नाम चुने गए हैं, उनके नाम आईजी सुशांत कुमार सक्सेना, आईजी डॉ. आशीष, कमांडेंट अतुल सिंह, एसएसपी प्रशांत खरे, सत्येंद्र कुमार शुक्ला एआईजी, दिनेश कुमार कौशल एआईजी, मनीषा पाठक* ▸▸ शेष पेज 4 पर




### गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर पद्म पुरस्कारों का ऐलान

# वेंकैया नायडू समेत 5 हस्तियों को... पद्म विभूषण राम नाईक, मिथुन को पद्म भूषण, 110 को पद्मश्री

मप्र के माच लोक नाट्य कलाकार ओम प्रकाश शर्मा सहित 4 को पद्मश्री



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर गुरुवार को पद्म पुरस्कारों का ऐलान किया गया। इनमें 5 पद्म विभूषण, 17 को पद्म भूषण और 110 हस्तियों को पद्मश्री पुरस्कार दिए जाएंगे। अभिनेत्री वैजयंती माला, वेंकैया नायडू को पद्म विभूषण और मिथुन चक्रवर्ती, ऊषा उत्थुप का नाम पद्म भूषण अवॉर्ड के लिए चुना गया है। 2024 के लिए पद्मश्री पुरस्कार ऐसे लोगों को दिया जा रहा है, जो अब तक गुमनाम थे। इनमें असम की रहने वाली देश की पहली महिला महावत पार्वती बरुआ और जागेश्वर यादव हैं। चार्मी मुर्मू, सोमन्ना, सर्वेश्वर, सांगथाम समेत कई बड़े नाम भी हैं। पद्म पुरस्कार विजेताओं में से 30 महिलाएं हैं। इनमें 8 विदेशी/एआरआई कैटेगरी के लोग भी हैं। 9 हस्तियां ऐसी हैं, जिन्हें मरणोपरांत पुरस्कार दिए जा रहे हैं।

### मप्र की विभूतियां

- कालूराम बमानिया आर्ट
- सत्येंद्र सिंह लोहिया स्पोर्टस
- भगवतीलाल राजपुरोहित साहित्य एवं शिक्षा

### उज्जैन के पं शर्मा लोक नृत्य नाटिका कला 'माच' का बड़ा चेहरा हैं



मध्यप्रदेश के पंडित ओमप्रकाश शर्मा को साल 2024 के लिए पद्म श्री सम्मान से नवाजा जाएगा। उज्जैन के रहने वाले पंडित ओमप्रकाश शर्मा को भारत में माच लोक रंगमंच का चेहरा माना जाता है। उन्होंने मालवी भाषा में माच के लिए कई नाटक लिखे। उन्होंने थिएटर प्रस्तुतियों के लिए संगीत भी तैयार किया। इस लोक कला में युवा कलाकारों को प्रशिक्षण भी दिया। पंडित शर्मा ने अपनी जिंदगी के 70 साल मालवा की 200 साल पुरानी इस पारंपरिक लोक नृत्य नाटिका को दिए हैं। वे माच के उस्ताद कालूराम स्कूल से हैं। उस्ताद कालूराम उनके दादा थे। पंडित ओमप्रकाश शर्मा बचपन से ही माच लोक कला का अभ्यास करते रहे हैं।

राजधानी के कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कंवेंशन सेंटर में राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर कार्यक्रम

# वोटर्स-डे पर नए मतदाताओं को बांटे वोटर कार्ड, एक महीने बाद बंटेंगे 36 हजार कार्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



नेशनल वोटर्स-डे पर राजधानी के कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कंवेंशन सेंटर में राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें नए वोटर्स को वोटर कार्ड बांटे गए।

इन मतदाताओं को पहले ही कार्ड दे दिए थे। वर्तमान में 18 हजार नए वोटर्स और 16 हजार संशोधन वाले मतदाताओं को इपिक कार्ड दिए जाने है। यह कार्ड फरवरी के अंतिम सप्ताह तक दिए जाएंगे। जिससे घर पर ही मतदाताओं को कार्ड मिलेंगे। गुरुवार को हुए कार्यक्रम में राज्यपाल मंगूभाई पटेल ने नए वोटर्स को कार्ड बांटे। जबकि अफसरों को भी चुनाव में बेहतर काम करने के लिए सम्मानित किया गया। इस मौके पर राज्यपाल ने कहा कि हमें उम्मीद है कि आने वाले समय में मतदान का प्रतिशत और अधिक बढ़ाने में सफल होंगे। उन्होंने मतदान करने के लिए बुजुर्ग वोटर्स को वाहनों के माध्यम से मतदान केंद्र तक लाने और घर पर मतदान कराने की सुविधा को सराहनीय बताया। उन्होंने कहा कि मतदाता जागरूकता के लिए और अधिक प्रयास करने की जरूरत है।

## ये अधिकारी हुए सम्मानित

विधानसभा चुनाव में अच्छा काम कराने वाले पांच जिलों के अफसरों 5 जिलों के कलेक्टर को सम्मानित किया गया। जिसमें सिवनी कलेक्टर क्षितिज सिंघल, कलेक्टर मुरैना अंकित अस्थाना, कलेक्टर मंडला सलोनी सिडाना, कलेक्टर उमरिया बुद्धेश वैद्य और कलेक्टर धार प्रियंक मिश्रा को राज्यपाल ने सम्मानित किया। इसके अलावा आईजी शहडोल डीसी सागर को भी स्पेशल अवार्ड से सम्मानित किया। इनके अलावा तीन उप जिला निर्वाचन अधिकारी, तीन रिटर्निंग अफसर, चार तहसीलदार और नायब तहसीलदार, 12 बूथ लेवल अफसर भी आयोग की ओर से चुनाव कार्य में बेस्ट परफॉर्मेंस के लिए सम्मानित किया।




### जिपं सीईओ को मिला स्पेशल अवॉर्ड

जिला पंचायत सीईओ भोपाल ऋतुराज सिंह को विधानसभा चुनाव के दौरान मतदाताओं में मताधिकार के प्रति जागरुकता लाने के विशेष प्रयासों के लिए सम्मानित किया। राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर जिला पंचायत निवाड़ी के सीईओ रोहन सक्सेना को दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सम्मानित किया। यह सम्मान चुनाव आयोग की ओर से बेस्ट इलेक्टोरल अवॉर्ड 2023 के रूप में बतौर स्पेशल अवॉर्ड दिया गया है।

### पहली बार वोट डालेंगे अजय, मिलन और ईशा

मतदाता दिवस पर राज्यपाल ने जिले के दस युवा वोटर्स को इपिक कार्ड दिया। पहली बार नाम जुड़वाने वाले उत्तर विस के अजय मालवीय ने बताया कि इस बार मैं भी वोट डालूंगा। वोट डालने की खुशी अलग ही महसूस हो रही है। ईशा वर्मा और मिलन यादव ने भी वोट डालने को लेकर खुशी जाहिर की।


- राज्यपाल पटेल ने नव मतदाताओं को दिए मतदाता परिचय-पत्र
- 18 हजार नए, 16 हजार संशोधन वाले मतदाताओं को इपिक कार्ड दिए जाने हैं
- मतदाता जागरूकता के लिए और अधिक प्रयास करने की जरूरत : पटेल
- अफसरों को चुनाव में बेहतर काम करने के लिए सम्मानित किया

# देश का युवा पीएम मोदी की गारंटी का गारंटर है: शर्मा

हुजूर में नमो-नवमतदाता सम्मेलन का आयोजन



विधायक रामेश्वर ने राष्ट्रीय सहसंगठन महामंत्री शिवप्रकाश के साथ प्रधानमंत्री मोदी के संबोधन को सुना

कोलार में हजारों नवमतदाताओं के साथ विधायक रामेश्वर ने किया संवाद, लोकतंत्र का महत्व बताया

2024 के आम चुनाव से पहले देशभर में नवमतदाताओं को जोड़ने की कवायद शुरू हो गई है। राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर भाजयुमो द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर 'नमो-नवमतदाता सम्मेलन' आयोजित किया गया, जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने संबोधित किया। भोपाल की हुजूर विधानसभा में भी विधायक रामेश्वर शर्मा द्वारा नमो-नवमतदाता सम्मेलन का आयोजन कराया गया, जिसमें भाजपा के राष्ट्रीय सहसंगठन महामंत्री शिवप्रकाश, भाजयुमो प्रदेशाध्यक्ष वैभव पवार के साथ हजारों नवमतदाताओं ने शामिल होकर प्रधानमंत्री मोदी के संबोधन को सुना।

### नवमतदाताओं से राष्ट्र के लिए आगे आने का आग्रह

*प्रधानमंत्री मोदी ने नवमतदाताओं से राष्ट्र की उन्नति के लिए आगे आने का आग्रह किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि - आपका एक वोट देश को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना सकता है। इसलिए युवाओं को विवेकशीलता के साथ मतदान के लिए आगे आना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस बार भाजपा का संकल्प पत्र कैसा हो उसके लिए भी युवा सुझाव भेजें, खास कर युवाओं को लेकर आगे किस तरह की योजनाएं बनाई जाए इसके लिए युवाओं को सुझाव भेजना चाहिए। उन्होंने कहा कि भाजपा का संकल्प पत्र युवाओं के सुझावों पर जारी किया जाएगा।*

### विश्व में बढ़ रहा भारत का मान




नवमतदाताओं को संबोधित करते हुए विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा कि देश का युवा आज देश को प्रगति की राह पर द्रुत गति से अग्रसर होते देख रहा है। विश्व में भारत के बढ़ते मान-सम्मान का साक्षी है। वह मोदी की गारंटी भी देख रहा है और उन गारंटियों को पूरा होते भी देख रहा है। इसलिए अब देश का युवा मोदी की गारंटी का गारंटर बन गया है।

हिंदी भवन में नमो नव मतदाता सम्मेलन

# नए भारत की नई शक्ति, नया स्वरूप हैं नव मतदाता: वीडी



नवमतदाता सम्मेलनों में 5 लाख से अधिक नवमतदाता शामिल हुए

देश में लगभग 5 करोड़ नव मतदाता हैं, जिनमें से करीब 53 लाख मध्यप्रदेश में हैं। देश और मध्यप्रदेश में नौजवानों की यह जो पीढ़ी है, इसे प्रधानमंत्री एक बड़ी ताकत के रूप में देखते हैं और यही नए भारत का नया स्वरूप है। सृजनात्मक काम करने की क्षमता रखने वाले ऐसे नौजवान देश के किसी भी कोने में हों, प्रधानमंत्री उनसे राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका को लेकर संवाद कर रहे हैं। यह बात भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कही।

युवा मोर्चा द्वारा गुरूवार को हिंदी भवन में 'नमो नव मतदाता सम्मेलन' आयोजित किया गया। सम्मेलन में प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने कहा कि स्वामी विवेकानंद दुनिया के युवाओं के आदर्श हैं। हमारे प्रधानमंत्री का फोकस भी देश की युवाशक्ति पर है, इसीलिए प्रधानमंत्री मोदी नमो एप पर देश के एक करोड़ युवाओं, नव मतदाताओं से संवाद कर रहे हैं।

### प्रदेश में 460 स्थानों पर हुए सम्मेलन


भाजपा युवा मोर्चा द्वारा पहली बार मतदाता बने 18 वर्ष से 23 वर्ष के युवाओं को पार्टी से जोड़ने के अभियान के तहत गुरूवार को देश भर के पांच हजार स्थानों पर नमो नव मतदाता सम्मेलन का आयोजन किया गया। 'नमो नवमतदाता सम्मेलन' को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजस्वी सूर्या ने वर्चुअली संबोधित किया। मध्यप्रदेश में प्रत्येक विधानसभा में 2-2 सम्मेलन आयोजित हुए। युवा मोर्चा द्वारा प्रदेश में कुल 460 स्थानों पर हुए नवमतदाता सम्मेलनों में 5 लाख से अधिक नवमतदाता शामिल हुए। पार्टी के प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ओरिएंटल कॉलेज में आयोजित नमो नवमतदाता सम्मेलन में शामिल हुए। प्रदेश भर में अलग-अलग स्थानों पर सम्मेलन हुए।

## खेल एवं युवा कल्याण मंत्री सारंग ने दी गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं



**भोपाल।** खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास सारंग ने प्रदेश और देशवासियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी हैं। सारंग ने अपने शुभकामना संदेश में कहा है कि आज ही के दिन हम गणतंत्र के रूप में स्थापित हुए थे। लाखों क्रांतिकारियों की कुर्बानी के बाद यह देश आजाद हुआ और उसके बाद 26 जनवरी को ही हम इस दुनिया के सबसे बड़े गणतंत्र के रूप में स्थापित हुए। मंत्री सारंग ने कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि हम सबसे बड़े लोकतंत्र के नागरिक हैं। हमारे देश की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लगातार इस देश में विकास और कल्याण को तो आगे बढ़ा ही रहे हैं।

## खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री राजपूत बोले-हमें अपना सर्वश्रेष्ठ देना होगा



**भोपाल।** खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर सभी प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। राजपूत ने शुभकामना संदेश में कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हमारा राष्ट्र विकास के नये आयाम गढ़ रहा है। इसमें हमें भी अपना महत्वपूर्ण योगदान देना होगा। राष्ट्र के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ दें। इसी संकल्प के साथ हम सभी गणतंत्र दिवस पर्व को हर्षोल्लास के साथ मनायें और अविस्मरणीय बनाए। भारतवासी 26 जनवरी को ही इस दुनिया के सबसे बड़े गणतंत्र के रूप में स्थापित हुए।

## पंचायत एवं ग्रामीण विकास और श्रम मंत्री पटेल ने गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी



**भोपाल।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम मंत्री पटेल ने सभी को राष्ट्रीय मतदाता दिवस और गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान के अनुसार 18 वर्ष की आयु के व्यक्ति को अपने मत के उपयोग का अधिकार है। अपने इस अधिकार का उपयोग अवश्य करें। आज का दिन हमारे भविष्य के निर्णय के लिए भी विचार करने का मौका देता है। उन्होंने कहा कि अपने अधिकार एवं कर्त्तव्यों को जानने के लिए भारतीय संविधान को पढ़ना होगा। मंत्री पटेल ने गणतंत्र दिवस की देश और प्रदेश के लोगों को हार्दिक शुभकामनाएं दी।

## संकल्प लें कि हम सामूहिक प्रयासों से प्रदेश और देश को मजबूती प्रदान करेंगे: शिवराज



**भोपाल।** पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रदेशवासियों को 75वें गणतंत्र दिवस की बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि गणतंत्र दिवस के अवसर पर हम संविधान के आदर्शों के प्रति आस्था व्यक्त करते हैं। गणतंत्र का उद्देश्य ही एकता-अखण्डता, समावेशी विकास और लोक कल्याण है। सर्वे भवंतु सुखिनः, सर्वे संतु निरामयः हमारी भारतीय संस्कृति का मूल है, जिसे हमने संविधान में अंगीकार किया है। इसी भावना के अनुरूप भारतीय जनता पार्टी ने देश एवं प्रदेश के तेजी से विकास के लिऐ सबके सहयोग तथा समन्वय की नीति को अपनाया है।

गांव चलो अभियान को लेकर हुई कार्यशाला

# 9 से 11 फरवरी तक गांव और नगरीय बूथों पर कार्यकर्ता बिताएंगे 24 घंटे



- प्रदेश के गांवों तक केंद्र राज्य सरकार की योजनाओं को पहुंचाएंगे कार्यकर्ता
- कार्यशाला में भाजपा पदाधिकारियों ने कार्यकर्ताओं को दिए दिशा-निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने तैयारियां तेज कर दी हैं। गुरुवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में गांव चलो अभियान के संबंध में कार्यशाला आयोजित हुई।

इस कार्यशाला में राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री और गांव चलो अभियान के राष्ट्रीय प्रभारी शिवप्रकाश, प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने संबोधित कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। शिवप्रकाश ने कहा कि गांवों तक योजनाओं को पहुंचाना है।

### 22 जनवरी से रामराज्य की हुई शुरुआत: शर्मा

*कार्यशाला को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि 22 जनवरी से रामराज्य की शुरुआत हो चुकी है। केन्द्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं को धरातल पर गांव चलो अभियान के माध्यम से उतारकर 58 प्रतिशत वोट हासिल करने का लक्ष्य हासिल करना है। विधानसभा चुनाव में जिन बूथों पर हमें हार मिली है उसको जीतना एवं जीते हुए बूथों पर 10 प्रतिशत वोट शेयर बढ़ाना एकमात्र लक्ष्य होगा। हितानंद ने कहा कि मतदाताओं तक पहुंचना इस अभियान का लक्ष्य है।*

### 3 फरवरी से पहले जिला और मंडल स्तर पर होंगी कार्यशालाएं

राष्ट्रीय प्रभारी शिवप्रकाश ने कहा कि अभियान की तैयारियां 3 फरवरी तक की जाएंगी। कार्यकर्ताओं का प्रवास 9 से 11 फरवरी तक रहेगा और तृतीय चरण में समीक्षा बैठक 14 फरवरी तक होगी। मध्यप्रदेश में 3 फरवरी से पहले जिला और मंडल स्तर पर कार्यशालाओं का आयोजन किया जाएगा।

## गांव को स्वच्छ-स्वावलंबी बनाने एकजुट होना होगा: मंत्री पटेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने गुरुवार को नरसिंहपुर जिले के ग्राम हिरनपुर में 3 करोड़ रुपए से अधिक के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमि-पूजन किया।

उन्होंने कहा कि गांव को स्वच्छ एवं स्वावलम्बी बनाने के लिए एकजुट होना होगा। उन्होंने अपने समक्ष नव-मतदाता देवराज ठाकुर से मतदाता शपथ भी दिलवाई। इसके उपरांत उन्होंने पौधरोपण भी किया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक जालम सिंह पटेल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष अनीता राजेन्द्र ठाकुर, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष महंत प्रीतमपुरी गोस्वामी एवं अन्य जन-प्रतिनिधि व अधिकारी उपस्थित रहे। मंत्री पटेल ने ग्राम हिरनपुर में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजनांतर्गत 2 करोड़ 82 लाख रुपए की लागत की 5.4 किमी लम्बाई हिरनपुर से कलमेटा मार्ग का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का उद्देश्य है कि पंचायतों को आत्मनिर्भर बनाया जाए। उन्होंने कहा कि शासन की कल्याणकारी योजनाओं में लोगों को आवास, पेयजल, शौचालय, प्रधानमंत्री उज्जवला गैस कनेक्शन आदि सुविधाओं का लाभ प्रदान किया जा रहा है।

पंचायतों के विकास पर विशेष फोकस किया जा रहा है। मंत्री पटेल ने कहा कि पात्र व्यक्ति योजना के लाभ से वंचित न रहे। सरकार के इन्हीं प्रयासों से देश एवं प्रदेश का विकास होगा।

राजभवन में राज्यपाल ने किया शुभारंभ

## विकसित भारत संकल्प यात्रा को चित्रों के माध्यम से किया प्रस्तुत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



केंद्रीय संचार ब्यूरो (सीबीसी) भोपाल ने राजभवन में विकसित भारत संकल्प यात्रा को लेकर एक चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया। तीन दिवसीय चित्र प्रदर्शनी का शुभारंभ प्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने किया। पटेल ने प्रदर्शनी के अवलोकन के पश्चात इसकी सराहना की। इसके बाद राज्यपाल मंगुभाई पटेल के समक्ष गीत एवं नाटक प्रभाग के कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। कलाकारों ने राज्यपाल के सामने गीत प्रस्तुत कर विकसित भारत संकल्प यात्रा की महत्ता को रेखांकित किया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संदेश को भी चल चित्र के माध्यम से प्रस्तुत किया गया।

## राजमाता विजयाराजे सिंधिया को अर्पित किए श्रद्धासुमन



**भोपाल।** भाजपा प्रदेश कार्यालय में गुरूवार को राजमाता विजयाराजे सिंधिया की पुण्यतिथि पर पार्टी के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश, प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर पुण्य स्मरण किया। इस अवसर पर पार्टी के प्रदेश महामंत्री व विधायक भगवानदास सबनानी, सहित अन्य ने भी श्रद्धासुमन अर्पित किए।

सागर और चित्रकूट में वीसी के जरिए बैठक के दौरान ऑडियो क्वालिटी में आई थी दिक्कत

# वीसी में माइक क्वालिटी से नाराज हुए मुख्यमंत्री डॉ. यादव, आदेश दिया... बैठक से पहले करें ड्राय रन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जिले की वीडियो कांफ्रेंसिंग बैठकों के आयोजन में माइक व अन्य उपकरणों से काफी नाराज है। मामला यहां तक पहुंच गया है कि सीएम के आदेश पर सामान्य प्रशासन विभाग ने सभी संभागायुक्त और कलेक्टरों को सीएम की बैठक के पहले ड्राय रन करने तक के आदेश दे दिए हैं।

दरअसल सीएम ने हाल ही में सागर और चित्रकूट में वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए समीक्षा बैठक ली। लेकिन इस दौरान ऑडियो क्वालिटी की भारी समस्या आई। इससे सीएम नाराज हुए। इन दोनों ही जगह सिस्टम सही नहीं चल रहा था। इसके बाद सीएम ने इसे लेकर आदेश जारी करने के निर्देश विभाग को दिए।

### विभागीय आदेश में इन सात बिंदुओं पर दिया जोर



1. मीटिंग के लिए बैठक व्यवस्था, ऑडियो, वीडियो सिस्टम आदि की व्यवस्था के लिए उच्च अधिकारी को नोडल अधिकारी नियुक्त करें।
2. नोडल अधिकारी बैठक के पहले सभी विभागों से समन्वय कर आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे
3. बैठक के पहले ड्राय रन का आयोजन किया जाएगा, जिसमें पहले से ही देखा जाएगा कि सिस्टम सही तरीके से चल रहे हैं या नहीं। कलेक्टर इस ड्राय रन का सुपरीवजन कर सकते हैं
4. बैठक में भाग लेने वाले प्रतिभागियों की संख्या को देखते हुए आवश्यक संख्या में माइक की व्यवस्था की जाएगी।
5. बैठक में शामिल प्रतिभागियों के नेम प्लेट की भी व्यवस्था होगी
6. बैठक के मिनिट्स व्यवस्थित बनेंगे और अनुमोदन लिया जाएगा।
7. सभी संभागायुक्त अपने स्तर पर निदेर्शों के पालन की समीक्षा करेंगे।

हरिभूमि
# भोपाल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 26 जनवरी 2024



गणतंत्र दिवस का उत्साह युवाओं में एक दिन पहले से ही नजर आया। बोट क्लब पर युवा तिरंगे को सैल्यूट देते दिखे।

**रिहर्सल में पुलिस-एनसीसी के जवान हुए शामिल**

## उज्जैन में आज पहली बार सीएम करेंगे ध्वजारोहण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल




भोपाल। 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस पर उज्जैन के दशहरा मैदान पर मुख्य कार्यक्रम होगा। इसमें मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ध्वजारोहण करेंगे तथा परेड की सलामी लेंगे। ये पहला मौका है जब कोई मुख्यमंत्री उज्जैन में ध्वजारोहण करने जा रहे हैं। इसे देखते हुए आयोजन स्थल पर विशेष तैयारी की जा रही हैं। गुरुवार सुबह दशहरा मैदान पर गणतंत्र दिवस परेड और अन्य कार्यक्रमों की रिहर्सल हुई। इसका अवलोकन करने कलेक्टर, एसपी और अन्य अधिकारी पहुंचे।

इस बार का यह आयोजन खास रहेगा, क्योंकि पहली बार उज्जैन में प्रदेश के मुख्यमंत्री ध्वजारोहण करने जा रहे हैं। इसे देखते हुए दशहरा मैदान पर पिछले करीब एक सप्ताह से गणतंत्र दिवस मुख्य समारोह की तैयारी चल रही है। वहीं दूसरी ओर दशहरा मैदान पर जिला पुलिस बल, सशस्त्र बल, होमगार्ड, एनसीसी कैडेट और स्कूलों के विद्यार्थी परेड की रिहर्सल में जुटे हुए हैं।

### कलेक्टर-एसपी ने किया परेड निरीक्षण

परेड की रिहर्सल पुलिस लाइन के रक्षित निरीक्षक व पुलिस अधिकारी और एनसीसी के अधिकारियों द्वारा करवाई जा रही है। गणतंत्र दिवस मुख्य समारोह के दौरान निकलने वाली परेड की फाइनल रिहर्सल का निरीक्षण करने गुरुवार सुबह दशहरा मैदान पर कलेक्टर नीरज कुमार सिंह, एसपी सचिन शर्मा और अन्य अधिकारी पहुंच गए थे। रिहर्सल में पूर्ण ड्रेस के साथ पुलिस-होमगार्ड, एनसीसी के जवानों मैं फाइनल रिहर्सल में भाग लिया। स्कूली विद्यार्थियों ने देश भक्ति से ओत-प्रोत तथा अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति की अंतिम रिहर्सल की।



**संभाग कमिश्नर ने तैयारियों का लिया जायजा**

# आज लाल परेड पर निकलेंगी 11 झांकियां, फहराया जाएगा तिरंगा

» उद्यानिकी, सहकारिता समेत कई विभागों की झांकियां होंगी शामिल

» समारोह स्थल के बाद शहर में भी निकाली जाएंगी झांकियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गणतंत्र दिवस 26 जनवरी को लाल परेड मैदान स्थित मोतीलाल नेहरू मैदान में आयोजित होने वाले समारोह में उद्यानिकी सहित 11 झांकियां शामिल होंगी। इसके अलावा संभागायुक्त, कलेक्टोरेट और अन्य शासकीय कार्यालयों में राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा। समारोह को लेकर की गईं तैयारियों का गुरुवार को संभागायुक्त डॉ. पवन कुमार शर्मा ने निरीक्षण किया। उनके साथ कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह, नगर निगम आयुक्त फ्रेंक नोबल ए सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

संभागायुक्त ने मुख्य समारोह के संबंध में अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने बताया कि गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह में विभिन्न विभागों द्वारा निकाली जाने वाली झांकियां समारोह के बाद नगर में भी निकलेंगी, जिससे अधिक से अधिक संख्या में नागरिक उनका अवलोकन कर सकें। गणतंत्र दिवस परेड पर निकाली जाने वाली 11 झांकियों में उद्यानिकी, कुटीर एवं ग्रामोद्योग, किसान कल्याण एवं कृषि विभाग, जेल विभाग, निर्वाचन विभाग, पशुपालन विभाग, पर्यटन बोर्ड, मत्स्य विभाग, राज्य सहकारी संघ मर्यादित विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड विभाग और वन विभाग की झांकियां शामिल हैं।






लाल परेड मैदान में तैयार हो रही झांकियों को दिया जा रहा अंतिम रूप।



501 दीप प्रज्वलित कर शहीद सैनिकों को दी श्रद्धांजलि।



तैयारियों का जायजा लेते संभागीय आयुक्त डॉ. शर्मा।



### शहीदों को दी श्रद्धांजलि

शीतला माता जनकल्याण भक्त मंडल की ओर से गुरुवार को 73वें गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर शीतला माता मंदिर के पास भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण कर 501 दीप प्रज्वलित कर शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि दी गई।

### दोनों स्टेशनों पर आरपीएफ-जीआरपी अलर्ट



भोपाल मंडल के सभी स्टेशनों पर गणतंत्र दिवस की तैयारियों के चलते अलर्ट जारी किया है। इसमें आरपीएफ व जीआरपी ने सुरक्षा व्यवस्था को और दुरुस्त किया है। भोपाल व रानीकमलापति स्टेशन के प्लेटफार्म पर यात्रियों के सामान की जांच की जा रही है। आरपीएफ थाना प्रभारी निहाल सिंह ने बताया कि आरपीएफ की टीम लगातार स्टेशनों और ट्रेनों के अंदर जांच में लगी हुई है।

**डिप्टी सीएम देवड़ा मंदसौर, शुक्ल रीवा में करेंगे ध्वजारोहण**

## राज्यपाल भोपाल में, स्पीकर मुरैना में फहराएंगे तिरंगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



राज्यपाल मंगुभाई पटेल गणतंत्र दिवस-26 जनवरी को भोपाल में राज्य स्तरीय कार्यक्रम में ध्वजारोहण करेंगे। विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर मुरैना जिले में ध्वजारोहण कर मुख्यमंत्री डॉ. यादव के संदेश का वाचन करेंगे। 30 जिला मुख्यालयों पर मंत्री और शेष 22 जिलों में कलेक्टर ध्वजारोहण कर मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन करेंगे।

उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा मंदसौर, उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल रीवा, मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह खंडवा, मंत्री कैलाश विजयवर्गीय इंदौर, मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल नरसिंहपुर और मंत्री राकेश सिंह जबलपुर, मंत्री करण सिंह वर्मा सीहोर, मंत्री उदय प्रतापसिंह नर्मदापुरम, मंत्री सम्पतिया उईके मंडला, तुलसीराम सिलावट देवास, एदल सिंह कंषाना श्योपुर, निर्मला भूरिया झाबुआ, गोविंद सिंह राजपूत सागर, विश्वास सारंग विदिशा, नारायण सिंह कुशवाह ग्वालियर, नागर सिंह चौहान अलीराजपुर, प्रद्युम्न सिंह तोमर गुना, राकेश शुक्ला भिंड, चैतन्य काश्यप रतलाम, इंदर सिंह परमार शाजापुर में ध्वजारोहण कर मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन करेंगे।

### मंत्री कृष्णा हरदा में फहराएंगी तिरंगा

राज्य मंत्री कृष्णा गौर हरदा, राज्य मंत्री धर्मेंद्र भाव सिंह लोधी छिंदवाड़ा, राज्य मंत्री दिलीप जायसवाल अनूपपुर, राज्य मंत्री गौतम टेटवाल राजगढ़, राज्य मंत्री लखन सिंह पटैल दमोह, राज्य मंत्री नारायण सिंह पंवार बैतूल, राज्य मंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल रायसेन, राज्य मंत्री प्रतिमा बागरी सतना, राज्य मंत्री दिलीप अहिरवार छतरपुर एवं राज्य मंत्री राधा सिंह सिंगरौली जिला मुख्यालय पर ध्वजारोहण कर मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन करेंगे। जिला मुख्यालय धार, खरगौन, बड़वानी, बुरहानपुर, आगर-मालवा, नीमच, शिवपुरी, अशोकनगर, दतिया, सीधी, मैहर, मऊगंज, शहडोल, उमरिया, पन्ना, निवाड़ी, कटनी, टीकमगढ़, सिवनी, डिण्डोरी, बालाघाट और पांढुर्णा में जिला कलेक्टर ध्वजारोहण कर मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन करेंगे।

**बच्ची के दिल में था छेद, सांस लेने में हो रही थी दिक्कत**

## एम्स में 10 साल की मासूम बच्ची के पैर के रास्ते से दिल तक पहुंचाई डिवाइस

*एम्स में पहली बार अपनाई यह तकनीक*

### दिल में छेद का कारण

- जन्मजात विकृति
- गर्भवती महिला को रुबैला खसरा होना
- कुछ मेडिसिन का दुष्प्रभाव
- गर्भवती महिला द्वारा शराब व धूम्रपान का सेवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

10 साल की बच्ची का वजन लगातार घट रहा था और सांस लेने में परेशानी हो रही थी। परिजन बच्ची को लेकर एम्स पहुंचे। जांच में दिल में छेद होने की पुष्टि हुई। इस समस्या में पहले ओपन हार्ट सर्जरी ही विकल्प होता था, जबकि अब इस मामले में डिवाइस क्लोजर तकनीक को अपनाया गया। कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. किसलय श्रीवास्तव ने बताया कि रोगी की जांघ के पास से कैथेटर और तार डालकर समस्या की पूरी पड़ताल की गई। इसके बाद इसी ट्यूब से डिवाइस छेद तक पहुंचाई गई जिसके बाद डिवाइस ने खुद ऊपरी और नीचे दोनों तरफ के हिस्से को फैलाना शुरू किया। इससे छेद पूरी तरह से बंद हो गया। सर्जरी टीम में कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. भूषण शाह, डॉ. मधुर जैन, डॉ. किसलय श्रीवास्तव के साथ एनेस्थीसिया के डॉ. वैशाली वेंडेस्कर, डॉ. हरीश कुमार और डॉ. सीमा, डॉ आशिमा ने यह सफल इलाज किया।

## प्रकाश तरण पुष्कर पर 34 लाख रुपए बकाया, निगम ने जड़ा ताला

**भोपाल।** लिंक रोड नंबर एक पर स्थित प्रकाश तरण पुष्कर पर नगर निगम का 34 लाख 18 हजार 890 रुपए संपत्ति कर बकाया है। इसको लेकर निगम यहां के जिम्मेदार अधिकारियों को कई बार नोटिस जारी कर चुका था। लेकिन अधिकारी इसका जबाव नहीं दे रहे थे। नगर निगम ने बुधवार को कुर्की की कार्रवाई की। जोन 7 के जोनल अधिकारी मोहन जाट ने बताया कि प्रकाश तरण पुष्कर को संपत्तिकर जमा करने के लिए कई बार रिमाइंडर भेजा गया था। लेकिन प्रबंधन इसको लेकर लापरवाही बरत रहा था। जिसके बाद बुधवार को प्रकाश तरण पुष्कर में प्रबंधक के कक्ष में तालाबंदी की गई है। वहीं शनिवार को मालवीय नगर स्थित पत्रकार भवन में कुर्की की कार्रवाई की जाएगी। इसमें नगर निगम के अधिपत्य और भूमि अधिग्रहण का बोर्ड लगाया जाएगा।

पूर्वी मप्र के कुछ जिलों में तेजी से गिरा रात का पारा, कुछ जिलों में इतनी ही बढ़त, दो दिन में बढ़ेगा रात का तापमान

## सर्दी जारी: अब शहडोल 1.7 डिग्री पर, 5 जिले 3 डिग्री के करीब; दो दिन बाद बौछारों की उम्मीद

» एक डब्ल्यूडी सक्रिय, दूसरा 27 जनवरी को आएगा, इससे ग्वालियर, चंबल संभाग सहित कुछ जिलों में पड़ेंगी बौछारें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गुरुवार को भी प्रदेश में सर्दी का सितम कम नहीं हुआ है। पांच जिलों में रात का पारा 3 डिग्री के करीब रहा, जबकि शहडोल के कल्याणपुर में न्यूनतम तापमान 1.7 डिग्री पर रहा। एक दिन पहले बुधवार को भी कड़ाके की सर्दी रही, जिससे छतरपुर के बिजावर में रात का पारा आधा डिग्री पर रहा है। इससे यहां पाले के साथ कोल्ड वेब और कोल्ड डे रहा।
गुरुवार को भी छतरपुर के बिजावर में 2.5, पचमढ़ी में 3, शिवपुरी के पिपरसामा में 3.1 और अशोकनगर के आंवरी में रात का पारा 3.3 डिग्री पर दर्ज हुआ है। इन जिलों में पाले का असर रहा, जबकि भोपाल सहित कुछ जिलों में दिन और रात के तापमान में वृद्धि से सर्दी से कुछ राहत मिली। मौसम केंद्र के अनुसार अगले एक से दो दिन में तापमान में 2 से 3 डिग्री तक की वृद्धि हो सकती है।

- शहडोल, खजुराहो, नौगांव, शिवपुरी, अशोकनगर, दतिया, राजगढ़ आदि जिलों में शीतलहर



### कहां गिरा रात का पारा, कहां हुई वृद्धि

गुरुवार को पूर्वी मप्र के मलाजखंड, उमरिया, मंडला में 5 से 6 डिग्री, छिंदवाड़ा, जबलपुर, सिवनी में 2 से 3 डिग्री तक रात का पारा गिरा। वहीं पश्चिमी मप्र के कुछ जिलों में 1 से 2 डिग्री तक तापमान में गिरावट रही।

### एक डब्ल्यूडी सक्रिय, दूसरा कल आएगा

मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार दक्षिणी छत्तीसगढ़ और उसके आसपास चक्रवाती हवाओं का क्षेत्र बना है। गुरुवार से एक पश्चिमी विक्षोभ पश्चिमी हिमालय क्षेत्र को प्रभावित कर रहा है, जबकि दूसरा 27 जनवरी को एक्टिव होगा। इससे प्रदेश के उत्तरी हिस्से में मौसम बदलेगा।

**प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग ने मनाया अपना स्थापना दिवस**

# एम्स में नि:संतान दंपती के लिए आईवीएफ सुविधा जल्द

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी के एम्स में नि:संतान दंपती के लिए जल्द ही आईवीएफ सुविधा शुरू होने जा रही है। एम्स डायरेक्टर डॉ अजय सिंह ने जल्द से जल्द आईवीएफ सुविधा स्थापित करने की दिशा में काम करने के लिए प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग को बधाई दी। दरअसल, गुरुवार को प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग का स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर इन विट्रो फर्टिलाइजेशन (आईवीएफ) और भ्रूण स्थानांतरण (ईटी) पर एक सीएमई का भी आयोजन किया गया, जिसमें आईवीएफ-ईटी और हिस्टेरोस्कोपी का प्रदर्शन भी किया गया। कार्यक्रम में एम्स डायरेक्टर डॉ अजय सिंह मुख्य अतिथि थे और सीएमएचओ डॉ. प्रभाकर तिवारी विशेष अतिथि थे।

आईवीएफ और ईटी पर सीएमई के साथ मनाया



### एसओपी की एक पुस्तिका भी जारी

डॉ. सिंह ने एम्स भोपाल में मातृ मृत्यु में क्लिनिकल ऑटोप्सी पर मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) की एक पुस्तिका का भी विमोचन किया। पुस्तक में मातृ मृत्यु के मामलों में शव परीक्षण करने के लिए अपनाई जाने वाली प्रक्रियाओं की रूपरेखा तैयार करता है और इसे एम्स की एक विषयक टीम द्वारा तैयार किया गया है, जिसमें प्रसूति एवं स्त्री रोग, फोरेंसिक मेडिसिन, पैथोलॉजी और लैब मेडिसिन विभाग शामिल हैं।

### नर्स-लेड क्लिनिक शुरू

एम्स डायरेक्टर डॉ अजय सिंह ने नर्स-लेड क्लिनिक का उद्घाटन किया, जो स्वास्थ्य देखभाल नवाचार में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। यह पहल, देश में अपनी तरह की पहली है, इससे मरीज देखभाल और नर्सिंग पेशे में एक नई क्रांति होगी। सोमवार से शुक्रवार सुबह 9 से 10:30 बजे के बीच संचालित होने वाले क्लीनिक शुरू में तीन महत्वपूर्ण क्षेत्रों रेडियोथेरेपी और ऑन्कोलॉजी, न्यूरोसाइंसेज /न्यूरोसर्जरी/ न्यूरोलॉजी और मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य पर संचालित होंगे। क्लीनिक का लक्ष्य नैदानिक उत्कृष्टता और पैशनेट केयर पर जोर देते हुए नर्सिंग सेवाओं की भूमिका को फिर से परिभाषित करना है। डॉ सिंह ने कहा कि नर्स-लेड क्लीनिकों की स्थापना सएक महत्वपूर्ण क्षण है। यह न केवल नर्सों के नैदानिक प्रशिक्षण को बल्कि नर्सिंग के सभी मानकों को बढ़ाएगा। इससे नर्सिंग छात्रों के नैदानिक कौशल में सुधार होगा और रोगी की संतुष्टि को बढ़ाने के लिए पैशनेट केयर पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।






# गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

संकलन-ऋषभ जैन


































## खबर संक्षेप



### मतदान करना हमारी राष्ट्रीय जिम्मेदारी है: प्रो सीसी त्रिपाठी

**भोपाल।** एनआईटीटीटीआर गुरुवार को 14वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। निदेशक प्रो सीसी त्रिपाठी ने कहा कि भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। इसमें मताधिकार का सर्वाधिक महत्व है। प्रो त्रिपाठी ने कहा कि मतदान करना हम सबकी राष्ट्रीय जिम्मेदारी है। लोकतंत्र कि खूबसूरती यही है कि भारत में एक एक मत की कीमत है। उन्होंने सभी को मतदान करने के लिए प्रोत्साहित किया।

### रेलवे में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा गणतंत्र दिवस

**भोपाल।** भोपाल रेल मंडल में शुक्रवार को 75वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर मंडल के विभिन्न जगहों पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। मुख्य कार्यक्रम खेल मैदान, रेलवे कालोनी, हबीबगंज के प्रागंण में आयोजित किया गया है, जहां मण्डल रेल प्रबंधक देवाशीष त्रिपाठी प्रातः 9.15 बजे ध्वजारोहण कर रेल सुरक्षा बल (आरपीएफ) द्वारा प्रस्तुत एक आर्कषक परेड की सलामी लेंगे। इस अवसर पर सिविल डिफेंस द्वारा आपदा प्रबन्धन राहत कार्यों का प्रदर्शन तथा मण्डल सांस्कृतिक अकादमी द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा ।

### भोज मुक्त विवि में राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर हुए कार्यक्रम

**भोपाल।** गुरुवार को मध्यप्रदेश भोज मुक्त विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अध्यक्षता करते हुए भोज विवि के कुलपति प्रो. संजय तिवारी ने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य है, हम मतदान करें, स्व विवेक का इस्तेमाल कर उम्मीदवार का चयन करें और अपने आसपास के लोगों को भी मतदान के लिए प्रेरित करें। उन्होंने जानकारी दी कि चुनाव आयोग अभी रिमोट वोटिंग मशीन पर कार्य कर रहा है। जिससे दूर रहने वाले लोग भी अपना मतदान कर सकेंगे।

### आठवां अंतरराष्ट्रीय बौद्ध महोत्सव 28 को, देश-विदेश से आएंगे बौद्ध-भिक्षु

**भोपाल।** दी बुद्धभूमि धम्मदूत संघ द्वारा मप्र के बौद्ध समुदाय की हृदयस्थली बुद्धभूमि महाविहार मोनेस्ट्री गोल्डन बुद्धा प्रतिमा चुनाभट्टी, कोलार रोड भोपाल में आठवां अंतरराष्ट्रीय बौद्ध महोत्सव 28 जनवरी रविवार आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम की तैयारियां को लेकर बुद्धभूमि महाविहार उपासक संघ और मैत्रीय बुद्ध महाविहार उपासिका संघ ने तैयारियों को लेकर गुरुवार को एक बैठक हुई। इसमें देश-विदेश से बौद्ध-भिक्षु शामिल होंगे। प्रदेश के 35 जिलों से और विभिन्न तहसील, ग्राम से बौद्ध अनुयाई कार्यक्रम में रहेंगे। थाईलैंड, श्रीलंका, वियतनाम, ताइवान, यूके, म्यानमार, बांग्लादेश, तिब्बत, भूटान से विशेष तौर पर धर्मगुरु उपस्थिति रहेंगे।

# दुर्गा धाम अशोका गार्डन में चल रहे हरिहरात्मक महायज्ञ का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मां दुर्गा धाम अशोक विहार शक्तिपीठ मंदिर भोपाल में चल रहे श्री विराट हरिहरात्मक शक्ति महायज्ञ का गुरुवार को पूर्णाहूति के साथ समापन हुआ। प्रातः काल से ही वैदिक विद्वान युगल किशोर शास्त्री के सानिध्य में सैकड़ों भक्तों ने आहुतियां डालकर 27वें महायज्ञ के लिए संकल्प लिया। कार्यक्रम में इसमें विशेष अतिथि के रूप में मंत्री विश्वास सारंग शामिल हुए। राजधानी भोपाल में प्रथम मंदिर जहां निरंतर 26 महायज्ञ श्रद्धा भक्ति के साथ संपन्न हुआ। 26वें महायज्ञ में दुर्गा धाम शक्तिपीठ मंदिर स्थल राम मंदिर निर्माण के साक्षी हम सब लोग बने।

**खास बातें**

- यज्ञ के समापन पर सैकड़ों भक्तों ने दी पूर्णाहूति
- मंत्री विश्वास सारंग मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए
- 27वां यज्ञ करने का लिया संकल्प



### चिनार फार्च्युन सिटी में निकली शोभायात्रा

**भोपाल।** नर्मदापुरम रोड स्थित फार्च्युन सिटी कॉलोनी में श्रीराम मंदिर से शोभायात्रा निकाली गई। इसमें महिलाओं, बच्चों सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। सभी ने जल्द ही अयोध्या में प्रभु श्रीराम के दर्शन करने के लिए जाने का निर्णय लिया। शोभायात्रा में शामिल लोगों पर फूलों की वर्षा की गई। प्रभु श्रीराम को 56 भोग भी अर्पित किया गया। जय-जय श्रीराम के जयकारे लगाए। इस मौके पर कालोनी के शरद पंडित, कौशल झवर, रणधीर फाल्के, विशाल पांडे, परेश श्रीवास्तव, महेश पाटीदार सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## 29 जनवरी को विद्यार्थियों के साथ परीक्षा पे चर्चा करेंगे प्रधानमंत्री

# भोपाल के तीर्थ सोनी और वंशिता माहेश्वरी का हुआ चयन, प्रधानमंत्री से पूछेंगे सवाल

कार्यक्रम में शामिल होने के लिए प्रदेश से करीब 20 लाख विद्यार्थियों ने आवेदन किया था

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 29 जनवरी की विद्यार्थियों के साथ परीक्षा पे चर्चा करेंगे। नई दिल्ली में आयोजित इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए राजधानी भोपाल के सुभाष उत्कृष्ट उमा विद्यालय के कक्षा 11वीं के छात्र तीर्थ सोनी व छात्रा वंशिता माहेश्वरी और शिक्षिका योगिता नायक का चयन हुआ है।

इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए प्रदेश से करीब 20 लाख विद्यार्थियों ने आवेदन किया था। इसमें से तीन विद्यार्थी और शिक्षक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए रवाना हो गए हैं। 10वीं व 12वीं बोर्ड परीक्षा को लेकर नई दिल्ली में परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसमें देश भर से करीब 800 विद्यार्थी शामिल होंगे।

### पूछेंगे प्रश्न, सफलता का सफर कैसे पूरा किया?

इस कार्यक्रम के लिए चयन होने पर वह बहुत खुश है। अवसर मिलने पर प्रधानमंत्री जी से मेरा सवाल रहेगा कि एक बच्चे की आर्थिक स्थिति उसकी पढ़ाई को सीधे तौर पर प्रभावित डालती है। हमारे प्रधानमंत्री जी भी ऐसे ही परिवार से आते हैं और आज देश बड़े पद पर कार्य कर रहे हैं ऐसे में मैं उनसे यह जानना चाहूंगा कि उन्होंने कैसे इस सफलता का सफर पूरा किया और उन्होंने इस सफलता को प्राप्त करने में कैसे अपने मन को तैयार किया। वहीं किसी भी परिस्थिति में प्रधानमंत्री इतने शांत कैसे रहते हैं और हर बात और समस्या का उनके पास समाधान होता है, वह यह कैसे करते हैं। उनके द्वारा कहा गया हर शब्द दूसरे के लिए एक प्रेरणा होता है। **तीर्थ सोनी**, विद्यार्थी



### दूसरे विकल्प के बारे में सोचना क्या सही है?

इस कार्यक्रम में शामिल के लिए मेरा चयन हुआ, इसकी मुझे बहुत खुशी है। इस कार्यक्रम में मेरा प्रधानमंत्री जी से सवाल रहेगा कि 11वीं और 12वीं कक्षा के बच्चे प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करते हैं, ऐसे में बच्चों के सामने यह बड़ा सवाल होता है कि वह एक प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करें अथवा एक अन्य विकल्प की तैयारी रखें। ऐसे में दूसरे विकल्प के बारे में पहले से ही सोचना क्या सही है।



**वंशिता माहेश्वरी**, विद्यार्थी

**'परीक्षा के दौरान मानसिक स्वास्थ्य' विषय पर ऑनलाइन मार्गदर्शन सत्र आयोजित**

## पढ़ाई करें, पर तनाव न लें, एक-दो घंटे के बीच कुछ मिनट का ब्रेक लें: प्रिया सोनपार

**भोपाल।** परीक्षा में अच्छे परिणाम प्राप्त करने के लिए पढ़ाई तो करना ही चाहिए, पर तनाव से दूर रहना बहुत जरूरी है। पौष्टिक खान-पान व भरपूर नींद लेना चाहिए। साथ ही मानसिक एकाग्रता के लिए थोड़ा व्यायाम और योग भी करें। पढ़ाई के दौरान एक-दो घंटे के बीच कुछ मिनट का ब्रेक लेना चाहिए। यह बात राज्यस्तरीय ऑनलाइन मार्गदर्शन सत्र में बच्चों को संबोधित करते हुए कॅरियर काउंसलर एवं मनोवैज्ञानिक प्रिया सोनपार ने कही। जनजातीय कार्य विभाग द्वारा गुरुवार को 10वीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए 'परीक्षा के दौरान मानसिक स्वास्थ्य' विषय पर राज्यस्तरीय ऑनलाइन मार्गदर्शन सत्र आयोजित किया गया। विभाग ने जिलों में संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, सी.एम. राइज विद्यालय, कन्या शिक्षा परिसर और आदर्श आवासीय विद्यालयों के हजारों विद्यार्थी मार्गदर्शन सत्र में शामिल हुए। विभाग की कॅरियर काउंसलर एवं मनोवैज्ञानिक प्रिया सोनपार ने सत्र का संचालन करते हुए विद्यार्थियों से संवाद कर उन्हें मार्गदर्शन एवं परामर्श दिया। विद्यार्थियों ने अपनी जिज्ञासाएं और समस्याएं भी व्यक्त कीं। विद्यार्थियों ने गणित व विज्ञान जैसे कठिन विषय की तैयारी के डर, डेट्स और फैक्ट्स याद रखने में आने वाली तकलीफ के बारे में प्रश्न पूछे। अपर आयुक्त जनजातीय कार्य डॉ. सतेन्द्र सिंह ने बताया कि राज्य के जनजातीय वर्ग के विद्यार्थियों के बेहतर परीक्षा परिणामों के लिए मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े सत्रों का आयोजन किया जा रहा है। ऑनलाइन सत्रों के साथ-साथ राज्य के विभिन्न जिलों में विभागीय विद्यालयों में भी सत्र आयोजित किए जा रहे हैं।

### मन की बातें साझा करें

*कॅरियर काउंसलर प्रिया ने विद्यार्थियों से कहा कि अपने शिक्षकों, परिवारजनों व मित्रों से बात करने के लिए भी समय निकालें और मन की बातें साझा करें। अपनी चिंताओं के बारे में उनसे चर्चा कर काफी राहत महसूस होगी। कोई अच्छी सलाह भी मिल सकती है। थकान व दबाव महसूस करें, तो 15-20 मिनट पसंद का संगीत सुनने से स्फूर्ति आएगी। चाहें तो कुछ देर मौन रहकर टहल भी सकते हैं।*

**आरटीओ: ट्रैक पर कैमरे न लगना बनी वजह**

## 8 करोड़ से टेस्टिंग ट्रैक तैयार लेकिन नहीं हो पा रहा ट्रायल



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

कोकता के ट्रांसपोर्ट नगर स्थित आरटीओ में 8 करोड़ से ज्यादा खर्च करके टेस्टिंग ट्रैक बनाया है, लेकिन इस पर ट्रायल ही नहीं हो पा रहा है। दरअसल टेस्टिंग ट्रैक पर अभी तक कैमरे नहीं लगे हैं। जिसकी वजह से डीएल की पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन होने के बाद भी आवेदक को बिना ट्रायल डीएल मिल जाता है।

वहीं कमर्शियल वाहनों के फिटनेस के दौरान भी उनकी टेस्टिंग का फीड भी कंप्यूटर तक नहीं पहुंच पा रहा है। यह हाल तब है जबकि आरटीओ को यहां शिफ्ट हुए ही करीब दो साल से ज्यादा का समय बीत चुका है। सूत्रों के अनुसार निर्माण एजेंसी राजधानी परियोजना प्रशासन (सीपीए) की ओर से काम पूरा नहीं किया गया था। तो वहीं इस एजेंसी के बंद होने के बाद अभी तक इसका काम पीडब्ल्यूडी या अन्य एजेंसी को नहीं सौंपा जाता, तब तक यह काम आगे बढ़ने की उम्मीद नहीं है। यहां निर्माण एजेंसी ने ट्रायल ट्रैक का निर्माण तो कर दिया, लेकिन कैमरे नहीं लगे होने से अब तक ट्रायल सिस्टम शुरू नहीं हुआ है।

### जल्द ट्रैक शुरू कराएंगे

इस मामले की जानकारी लेता हूं। जल्द से ट्रैक का जो भी काम अधूरा होगा। इसको पूरा कराकर जल्द ट्रैक को शुरू कराया जाएगा।

**अरविंद सक्सेना,**
अपर परिवहन आयुक्त

### अंग्रेजी के 8 आकार में बना है ट्रैक

वाहन चालकों को टेस्ट देने के लिए कोकता में एक ऑटोमैटिक ड्राइविंग टेस्टिंग ट्रैक बनाया गया है। जहां वाहन चालक को अंग्रेजी के 8 आकार में बनाए गए ऑटोमैटिक ड्राइविंग टेस्टिंग ट्रैक पर गाड़ी चलाकर टेस्ट देना होगा। यहां पर सेंसर लगाए गए हैं, जिसके आधार पर वाहन चालक को 200 में से नंबर दिए जाएंगे। इसमें पास होने के लिए कम से कम 165 नंबर लाना जरूरी होगा।

**आरकेडीएफ मेडिकल कॉलेज को दान की देह**

## दूसरों को नया जीवन देंगे स्वप्ना मित्रा के अंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

किसी भी परिवार के लिए यह बेहद कठिन समय होता है जब वह अपने प्रियजन की पार्थिव देह को अग्नि को समर्पित न करते हुए समाज की भलाई के लिए देहदान के रूप में प्रदान करते हैं। भोपाल के मित्रा परिवार ने चिकित्सा छात्रों के शोध और अपने प्रियजन के अंगों को दूसरे व्यक्ति के शरीर में धड़कने के लिए अपनी मां स्व. स्वप्ना मित्रा का देहदान किया हैं। उन्होंने भोपाल के आरकेडीएफ मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर को यह देहदान किया है। 79 साल की स्वप्ना मित्रा, जिन्होंने अपना शरीर गिरवी रख दिया था, का मंगलवार को उम्र संबंधी बीमारी से निधन हो गया। उनके बेटे, अनिर्बान मित्रा, जो आरकेडीएफ समूह के पुराने और मूल्यवान कर्मचारी हैं, ने बुधवार को उनका शरीर आरकेडीएफ मेडिकल कॉलेज और अस्पताल और अनुसंधान केंद्र को दान कर दिया।



अनिर्बान और उनके परिवार को यह सामाजिक चेतना से भरा कदम उठाने के लिए डॉ. रुचि चौबे, कुलपति, एसआरके विश्वविद्यालय, डॉ. एसएस पवार, रजिस्ट्रार, एसआरके विवि, डॉ. प्रियंका जयसवाल, सीईओ, एसआरके विवि, और आरकेडीएफ समूह ने परिवार के सदस्यों को धन्यवाद दिया और किसी भी आगामी आपात स्थिति में उनके परिवार को हरसंभव सहायता देने का आश्वासन दिया है।

## कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों के वेतन पर लगाई रोक, काम नहीं तो सैलरी नहीं

**भोपाल।** बैतूल जिले में कलेक्टर नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी ने जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), तहसीलदार और नायब तहसीलदार के जनवरी माह के वेतन आहरण पर रोक लगा दी है, जिसके बाद कलेक्टर की इस कार्रवाई से प्रशासनिक अधिकारियों में हड़कंप मच गया है।

बता दें कि कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी द्वारा जिले में राजस्व प्रकरणों के निराकरण, सीएम हेल्पलाइन, स्वामित्व योजना एवं धारणाधिकार योजना से संबंधित प्रतिदिन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा की गई। इस पर जिले के तहसीलदार-नायब तहसीलदार द्वारा उक्त प्रकरणों के निराकरण एवं योजनाओं की प्रगति में रुचि नहीं लिए जाने और अपेक्षित परिणाम प्राप्त न करने पर कलेक्टर ने कड़ी कार्रवाई की है। जानकारी के मुताबिक उन्होंने समस्त अनुविभागीय अधिकारी, तहसीलदार और नायब तहसीलदार को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए उनके जनवरी माह के वेतन आहरण पर रोक लगाई है। साथ ही कहा गया है कि अफसरों की ओर से कार्य में रुचि नहीं दिखाई गई। इसलिए बिना काम उन्हें सैलरी नहीं दी जा सकती है। हालांकि कलेक्टर ने कहा कि जवाब आने के बाद फैसला लिया जाएगा।

- कार्रवाई से प्रशासनिक अधिकारियों में मचा हड़कंप

**सरकार ने निगम से हटाने जारी किया आदेश**

## राज्य वन विकास निगम के अध्यक्ष माधव सिंह डाबर पर गिरी गाज

डाबर ने साल 2023 के विधानसभा चुनाव में जोबट से भरा था बागी होकर नामांकन फॉर्म

अनुशासन समिति की बैठक की सिफारिश के बाद लिया सरकार ने फैसला



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मध्य प्रदेश सरकार ने राज्य वन विकास निगम के अध्यक्ष माधव सिंह डाबर को हटा दिया है। इसके पीछे की वजह है कि माधव सिंह डाबर ने विधानसभा चुनाव के दौरान जोबट से पार्टी के खिलाफ चुनाव लड़ने का फैसला किया था। डाबर ने बाकायदा पार्टी से बगावत करते हुए निर्दलीय नामांकन फॉर्म भरा था।

माना जा रहा था कि डाबर के खिलाफ भाजपा एक्शन लेगी। शुक्रवार को अनुशासन समिति की बैठक में माधव सिंह डाबर पर एक्शन लेने पर सहमति बनी। इसके बाद सूचना राज्य सरकार को दी गई। सरकार की ओर से अध्यक्ष पद से हटाए जाने की कार्रवाई वन विभाग की ओर से की गई है। सूत्र बताते हैं कि भाजपा से उन्हें जल्द ही निष्कासित भी कर दिया जाएगा। डाबर का मध्य प्रदेश के वन मंत्री के साथ भी तालमेल नहीं बैठ रहा था। इस बात की चर्चा मंत्रालय में जरूर है। पार्टी उन्हें बाहर का रास्ता दिखाएंगे।



### मतदाता दिवस पर पर्यटन भवन में मतदान करने की शपथ दिलाई गई

**भोपाल।** 14वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर मध्य प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम द्वारा मुख्यालय पर्यटन भवन एवं निगम के समस्त क्षेत्र कार्यालय के साथ समस्त इकाइयों में मतदाताओं को जागरूक करने एवं मतदान करने की शपथ विधि का कार्यक्रम आयोजित किया गया, निगम के प्रबंध संचालक डॉ. इलैया राजा टी. ने इस अवसर पर कहा कि यह कार्यक्रम मतदाता को जागरूक करने के उद्देश्य से एवं उनको मतदान में भाग लेने के लिए प्रेरित एवं प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया है। ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित करने के साथ ही मतदाताओं का ध्यान आकर्षित करना है।

**रोड एक्सीडेंट में घुटने की हड्डी हो गई थी चूर-चूर**

## अपोलो सेज अस्पताल में हुआ दुर्लभ ऑपरेशन दुर्घटना में घायल मरीज का पैर कटने से बचाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

कुछ दिनों पहले पेशे से किसान 58 वर्षीय बुजुर्ग का मोटरसाइकिल से कोलार रोड पर एक्सीडेंट हो गया। दुर्घटना की वजह से बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें एंबुलेंस द्वारा अपोलो सेज हॉस्पिटल लाया गया। डॉक्टर द्वारा जांच करने पर पता चला कि बुरी तरह से कुचलने की वजह से पैर की खून की नस कट गई है एवं घुटने की हड्डी चकनाचूर हो गई है।

खून की नसें कटने की वजह से घुटने के नीचे रक्त संचार खत्म हो गया है। तुरंत ही मरीज को ऑपरेशन थियेटर में लिया गया और वरिष्ठ प्लास्टिक सर्जन डॉ. विशाल रामपुरी एवं वरिष्ठ हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ डॉ. चेतन सिंह द्वारा ऑपरेशन किया गया, जिसमें घुटने की हड्डी को फिक्सेटर द्वारा स्थिर कर दूरबीन की मदद से कटी हुई खून की नस और मांसपेशियों को जोड़ा गया और मरीज के पैर का रक्त संचार पुनः स्थापित किया गया। सर्जरी में एनेस्थीसिया विभाग की वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. तेजस्विनी जम्बोतकर एवं डॉ. अनिरुद्ध नेवासकर का अहम योगदान रहा। डॉ. रामपुरी द्वारा बताया गया कि इस तरह की चोट जिसमें खून की नस कट जाती है या शरीर का कोई अंग कट जाता है, ऐसे में 6 घंटे के भीतर यदि सर्जरी कर दी जाए तो उस सर्जरी के सक्सेस रेट ज्यादा बेहतर होते हैं। अपोलो सेज अस्पताल में समय पर मरीज के अस्पताल पहुंचने, 24 घंटे वरिष्ठ विशेषज्ञ चिकित्सक, उत्कृष्ट ओटी, आईसीयू सुविधा उपलब्ध होने से 58 वर्षीय मरीज का पैर बचा लिया गया। उल्लेखनीय है कि डॉ. चेतन सिंह एवं डॉ. विशाल रामपुरी सितंबर 2023 में भी इस तरह की जटिल सर्जरी कर एक 36 वर्षीय युवक का हाथ कटने से बचा चुके हैं।



### गोवा का वादा कर पति ने अयोध्या जाने का बनाया प्लान पत्नी ने लगाई तलाक की अर्जी

**भोपाल।** राजधानी के कुटुंब न्यायालय मे दंपति के बीच कलह का एक अनोखा मामला पहुंचा है। मामले में पत्नी ने तलाक का आवेदन दिया है। पत्नी ने आरोप लगाए है कि शादी के बाद उसका मन हनीमून पर सिंगापुर या मलेशिया जाने का था, लेकिन पति काम का बहाना बनाकर करीब आठ माह से टालता रहा। इसके बाद फिर से पत्नी ने नए साल पर गोवा जाने की योजना बनाई तो पति बुजुर्ग माता-पिता का हवाला देते हुए टाल गया कि ठंड में उन्हें छोड़कर कैसे जाया जाएं और सभी के साथ अयोध्या जाने की योजना बना ली। फिलहाल दंपति की काउंसलिंग की जा रही है, ताकि रिश्ते को टूटने से बचाया जा सके। मामला पिपलानी क्षेत्र का बताया जा रहा है। दोनों की शादी पिछले साल मई में हुई थी। दोनों आईटी कंपनी में नौकरी करते हैं।

**राज्य का पहला जिला अस्पताल, जहां शुरू हुई यह सुविधा**

## जेपी अस्पताल में शुरू हुआ हर्बल गार्डन, क्यूआर कोड के माध्यम से मिलेगी पौधों के औषधीय गुणों की जानकारी

**400 से भी ज्यादा औषधीय प्रजातियों के पौधे लगाए जाएंगे**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

जेपी अस्पताल में हर्बल गार्डन शुरू किया गया है। इस गार्डन में 12 औषधियों पौधों को लगाकर नई पहल की शुरुआत की गई। इसके साथ ही ऐसा करने वाले राज्य का पहला जिला अस्पताल बन गया है। आने वाले समय में पूरे अस्पताल में 400 से भी ज्यादा औषधीय प्रजातियों के पौधे लगाए जाएंगे।

एनएमसी ने सभी जिला अस्पतालों में बॉटनिकल गार्डन तैयार करने को कहा है। यही नहीं कायाकल्प अभियान के तहत भी बॉटनिकल गार्डन को मेंडेटरी माना जाता है। इसी को देखते हुए यह नई सुविधा शुरू की गई है। इस गार्डन की खास बात यह है कि हर पौधों पर क्यूआर कोड लगाए गए हैं। इसमें पौधे के औषधीय गुणों के बारे जानकारी होगी। कोई भी व्यक्ति कोड स्कैन कर पौधों की जानकारी ले सकता है।



### यह होगा फायदा

गार्डन में देशभर में पाए जाने वाले औषधीय प्रजातियों के पौधे लगाए जाएंगे। इससे अस्पताल में आने वाले मरीजों और उनके परिजनों को औषधीय पौधों के बारे में जानकारी मिलेगी। अब तक लोग ये पौधे सिर्फ किताबों या फिर इंटरनेट के माध्यम से देख पाते हैं।

### औषधीय पौधों का महत्व

सिविल सर्जन डॉ. राकेश श्रीवास्तव के अनुसार पुराने समय में बीमारियों के उपचार का एकमात्र साधन पौधे ही थे। इन पौधों को प्राकृतिक रूप में,अर्क या चूर्ण के रूप में कूट, पीसकर प्रयोग किया जाता था, लेकिन अब आज के समय में औषधीय पौधों पर खोज करके अब इनके क्रियाशील तत्त्वों को पहचान और निकाल कर प्रयोग किया जाने लगा है। इन प्रजातियों के पौधे रोपें... पारस पीपल, एलोवेरा, मेषश्रृंगी, ब्राह्मी, दमबेल, पथरचट्टा, सतावरी, पान, अडूसा और जामुन।

## चिंतन

# देश के मतदाता अपने अधिकार को पहचानें


भारतीय लोकतंत्र दुनिया का सबसे बड़ा भी है और सबसे पुराना भी है। मतदाता लोकतंत्र के भाग्यविधाता हैं। आज 25 जनवरी को 14वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर देश में वोटरों की स्थिति और चुनाव प्रक्रिया, राजनीतिक सुधार आदि विषयों पर विवेचना जरूरी है। जबसे भारत में मतदाताओं को लुभाने के लिए 'रेवड़ी कल्चर' ने तेजी पकड़ी है, तब से जहां एक तरफ राजनीतिक शुचिता की मांग बढ़ी है, वहीं इस प्रवृत्ति पर रोक लगाने के लिए चुनाव सुधार व केंद्रीय चुनाव आयोग के अधिकार में वृद्धि की जरूरत भी महसूस हुई है। एक स्वायत्त संस्था होने के बावजूद चुनाव आयोग पर सत्ता पक्ष के हितों में काम करने के आरोप लगते रहे हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने चुनाव प्रक्रिया में तकनीक के इस्तेमाल को दुनिया के सभी लोकतंत्रों के लिए एक उदाहरण कहा है। इसमें कोई संदेह नहीं कि केंद्रीय चुनाव आयोग संविधान प्रदत्त अपनी शक्ति व क्षमता से देश में सभी तरह के चुनावों को कराने में सफलता अर्जित की है, ईवीएम और वीवीपैट से चुनाव कराने में भारत विश्व में अग्रणी है, लेकिन इसके बावजूद न ही देश में रेवड़ी कल्चर पर रोक लग सकी है, न ही राजनीतिक दलों की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता आई है और न ही देश में अपेक्षित चुनाव सुधार हो सका है। सरकार जरूर मतदाताओं को जागरूक करने के लिए जागरूकता अभियान चलाती रहती है। सरकार ने 'माई वोट माई ड्यूटी' लघु फिल्म से एक वोट की शक्ति के महत्व को बताया है। इसके बावजूद मतदाताओं को प्रलोभन देने की प्रवृत्ति बढ़ी ही है। पीएम नरेन्द्र मोदी ने युवा मतदाताओं में देश को बदलने की शक्ति को रेखांकित किया है। केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने सभी चुनावों के लिए एक ही मतदाता सूची की वकालत की है। यदि ऐसा होता है तो यह बड़ा चुनावी सुधार होगा। आधार लिंक्ड स्मार्ट मतदाता पहचान पत्र बनना चाहिए। देश में 'एक व्यक्ति, एक वोट, एक मूल्य' के सिद्धांत पर मतदान हो रहा है, लेकिन इस राजनीतिक प्रणाली में खामियां भी हैं। सुशासन के लिए सबसे अच्छे नागरिकों का चयन सुनिश्चित नहीं हो पा रहा है। चुनाव से पूर्व तक मतदाता सूची अपूर्ण रहती है। निर्दलीय उम्मीदवारों की संख्या में बहुलता भी एक बड़ी समस्या है। राजनीति के अपराधीकरण, जाति व धर्म को केंद्र में रखकर टिकट वितरण, चुनाव में धन बल के अनुचित प्रयोग हमारी चुनाव व्यवस्था के गंभीर दोष हैं। वर्ष 1974-75 में तारकुंडे समिति, वर्ष 1990 में चुनाव सुधार पर दिनेश गोस्वामी समिति, वर्ष 1993 में राजनीति के अपराधीकरण पर वोहरा समिति, वर्ष 1998 में चुनावों में राज्य वित्तपोषण पर इंद्रजीत गुप्ता समिति, वर्ष 1998 व 2004 में चुनाव सुधारों पर विधि आयोग की रिपोर्ट, वर्ष 2007 में शासन में नैतिकता पर वीरप्पा मोइली समिति, वर्ष 2010 में चुनाव कानूनों और चुनाव सुधार पर तनखा समिति की अनुशंसाओं के आधार पर चुनाव प्रणाली, चुनाव मशीनरी और चुनाव प्रक्रिया में कई सुधार किए गए हैं। मतदान की आयु 18 वर्ष की गई। ईवीएम का प्रयोग, एक्ज़िट पोल पर प्रतिबंध, चुनावी खर्च पर सीलिंग, पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान, नोटा आदि उपाय भी किए गए हैं। इसके बावजूद साफ-सुथरे चुनाव चुनौती बने हुए हैं। चुनाव के दौरान नेताओं के धार्मिक स्थलों पर जाने और धार्मिक नारे लगाए जाने, पेड न्यूज़ और फेक न्यूज़ पर सख्ती से रोक लगनी चाहिए। एक राष्ट्र एक चुनाव की दिशा में बढ़ने की जरूरत है। सबसे अधिक जरूरत मतदाता अपने अधिकार के महत्व को पहचानें और जागरूक होकर लोकतंत्र के सही अर्थ को स्थापित करें। प्रलोभन में ना पड़ें।

## सारा संसार



मोडीकुड भगवती मंदिर तमिलनाडु के कन्याकुमारी के तट पर कोलाचेल के पास स्थित मंदिर है। यह मंदिर माता भगवती की सुन्दर मूर्ति के आकर्षण के कारण लोकप्रिय बन गया है।

# पुरुषार्थ व राष्ट्रप्रेम के अद्भुत संगम



पुण्यतिथि
प्रो. सुरेन्द्र कुमार


यद्यपि चौधरी मित्रसेन की नश्वर देह को पूरा हुए 13 वर्ष व्यतीत हो चुके हैं, पर उनके द्वारा स्थापित विभिन्न औद्योगिक उपक्रम, शिक्षण-संस्थान, गुरुकुल तथा अन्य सामाजिक न्यास आदि अपने कार्यकलापों से उनके हमारे आसपास ही होने का निरंतर आभास कराते हैं। वे अपनी भौतिक देह से भले ही हमारे बीच में नहीं है, पर अपने कीर्तिमय शरीर से वे सब समय और सब जगह अपने निम्नलिखित प्रकार के सहस्रों अमृतमय वचनों से हमारा मार्गदर्शन करते हुए दिखाई देते हैं। चौधरी मित्रसेन ने आर्य मर्यादाओं के अनुकूल अपने गृहस्थ आश्रम का निर्वाह किया, जिन मर्यादाओं की प्रतिष्ठा उन्होंने अपने घर में की, वे उनके परिवार में आज भी विद्यमान हैं।

27 जनवरी को चौधरी मित्रसेन आर्य की पुण्यतिथि है। आज से 13 वर्ष पूर्व 27 जनवरी 2011 को 80 वर्ष की आयु में उन्होंने अपने नश्वर शरीर का परित्याग किया था। यद्यपि वे अपनी भौतिक देह से आज हमारे बीच में नहीं है, किन्तु उनका यशःशरीर आज भी हमारे बीच में विद्यमान है, जो अपनी अनंत सत्प्रेरणाओं से हमारे जैसे अनेक भूले भटके लोगों को कल्याण के मार्ग की ओर प्रेरित करता रहता है।

चौधरी मित्रसेन का जन्म 15 दिसंबर 1931 को हिसार जिले के खांडाखेड़ी नामक ग्राम में हुआ था। भारतीय इतिहास में यह वह समय था जब भगतसिंह, राजगुरु और सुखदेव की शहादत के पश्चात देश में स्वतंत्रता की सुगबुगाहट दूर-दूर तक फैल रही थी। भारत का उस समय का यह संयुक्त प्रांत पंजाब इस हलचल से विशेष रूप से आंदोलित था। देश के नगर-नगर, गांव-गांव में नर और नारी देश की स्वतंत्रता प्राप्ति के लिए किए जाने वाले संघर्षों के लिए स्वयं को संकल्पित कर रहे थे। ऐसे देशभक्ति के भाव से ओत-प्रोत वातावरण में चौधरी मित्रसेन आर्य का जन्म हुआ। आपके पिता चौधरी शीशराम पेशे से किसान थे और आर्य प्रतिनिधि सभा पंजाब के लिए अवैतनिक रूप से उपदेशक का कार्य भी करते थे। भारत की स्वतंत्रता का शंखनाद करने वाले महर्षि दयानंद सरस्वती द्वारा संस्थापित आर्य समाज की विचारधारा के उपदेशक, देशप्रेमी पिता के संस्कारों की छाप बालक मित्रसेन पर भी पड़ी।

10 वर्ष की आयु तक सब कुछ ठीक चल रहा था, लेकिन तभी काले मोतियाबिंद के कारण पिता चौधरी शीशराम की आंखों की रोशनी सदा के लिए चली गई। विपत्ति अकेले नहीं आती की कहावत चरितार्थ हुई और चाचा हरिदास जी और बलवंत जी की छत्रछाया भी परिवार के ऊपर से उठ गई। परिवार के सामने उपस्थित हुए इस गहरे संकट के समय बालक मित्रसेन को अपनी तीसरी कक्षा की पढ़ाई बीच में ही छोड़कर बहुत कम आयु में ही खेती का काम संभालना पड़ा।

पिता और परिवार से मिले संस्कारों के बलबूते दृढ़ संकल्पों से भरे हुए बालक ने परिवार की बागडोर बखूबी संभाल ली। खेती का काम संभालते ही बुद्धिमान व पुरुषार्थी बालक ने यह जल्दी ही समझ लिया कि बिना उद्योग के केवल अकेले खेती के सहारे अपेक्षित प्रगति कर पाना बहुत मुश्किल है। अतः उन्होंने रोहतक में लेथ एंड इंजिन बोरिंग की मशीन पर कार्य करने का प्रशिक्षण प्राप्त किया। फिर 1949 में कुछ समय तक सोनीपत में एटलस साइकिल में नौकरी की, उसके बाद 1950 में रोहतक के बिजली घर में कार्य किया। इन सभी स्थानों पर कार्य करते हुए युवक मित्रसेन ने तकनीकी काम में महारत हासिल कर ली और इसके बाद 1954 में उदयपुर के कारखाने में कार्य किया। इस समय तक उन्हें इस क्षेत्र का पर्याप्त अनुभव हो चुका था। अतः उन्होंने उदयपुर में कार्य करते करते यह संकल्प किया कि अब अपना ही उद्योग आरंभ करना चाहिए और इस दृढ़ संकल्प के साथ 1955 में उन्होंने लेथ एंड इंजन बोरिंग मशीन का कारखाना रोहतक में स्थापित किया।




बचपन में ही परिवार से देशप्रेम के जो संस्कार मिले थे वे युवा होते-होते इतने परिपक्व हो गए के 1957 के हिंदी सत्याग्रह में उन्होंने सक्रिय रूप से भाग लिया और सत्याग्रह करते हुए एक महीने से अधिक का समय जेल में बिताया। जीवन में कार्यकुशलता, पुरुषार्थ राष्ट्रप्रेम का जैसा बेजोड़ संगम चौधरी मित्रसेन जी के जीवन में देखने को मिलता है वैसा अद्भुत संगम अन्यत्र खोज पाना बहुत कठिन है। एक ओर उनके उद्योग का विस्तार रोहतक से उड़ीसा प्रांत के बड़विल होते हुए देश और विदेश के विभिन्न क्षेत्रों तक जा पहुंचा और दूसरी ओर वे समाज के हितकारी कार्यों को भी अपने समय, श्रम और धन से निरंतर आगे बढ़ाते रहे। उन्होंने समाज के प्रत्येक क्षेत्र में अपनी बुद्धिमत्ता, पुरुषार्थ, साहस और उदारता से जो मानदंड स्थापित किए हैं वे अतुलनीय हैं।

चौधरी मित्रसेन ने आर्य मर्यादाओं के अनुकूल अपने गृहस्थ आश्रम का निर्वाह किया। जिन मर्यादाओं की प्रतिष्ठा उन्होंने अपने घर में की वे मर्यादाएं उनके परिवार में आज भी विद्यमान हैं। उनके परिवार के सभी सदस्य धार्मिक, ईश्वर उपासक, गुणानुरागी, राष्ट्रभक्त और पंच महायज्ञों के अनुष्ठाता हैं। प्रायः लक्ष्मी उपासकों के घर में सरस्वती का निवास नहीं देखा जाता, पर आपके परिवार में लक्ष्मी और सरस्वती दोनों का निवास है। आपकी और परिवार की सारस्वत अभिरुचि का ही यह परिणाम है कि आपके आश्रम तुल्य घर की चारदीवारी पर अंकित सृष्टि के प्रारम्भ से लेकर आज तक के आर्यावर्त के इतिहास की गौरवमयी झलकियां रोमांचक हर्षातिरेक का अनुभव कराती हैं। खांडाखेड़ी गांव में निर्मित मित्र स्मृति स्तंभ में प्रस्तुत की गई झलकियों से यह स्पष्ट तौर पर प्रतीत होता है कि उनका परिवार उनके आदर्शों पर चलते हुए उनकी आर्थिक विरासत के साथ-साथ सामाजिक, ऐतिहासिक व सांस्कृतिक विरासत के सहेजने के लिए भी पूरी तरह से प्रतिबद्ध है।

यद्यपि चौधरी मित्रसेन की नश्वर देह को पूरा हुए 13 वर्ष व्यतीत हो गए हैं, पर उनके द्वारा स्थापित विभिन्न औद्योगिक उपक्रम, शिक्षण-संस्थान, गुरुकुल तथा अन्य सामाजिक न्यास आदि अपने कार्यकलापों से उनके हमारे आसपास ही होने का निरंतर आभास कराते हैं। वे अपनी भौतिक देह से भले ही हमारे बीच में नहीं है, पर अपने कीर्तिमय शरीर से वे सब समय और सब जगह अपने निम्नलिखित प्रकार के सहस्रों अमृतमय वचनों से हमारा मार्गदर्शन करते हुए दिखाई देते हैं कि-"सफलता का मूलमंत्र है आस्तिक भाव से उस ईश्वरीय सत्ता को स्वीकार करते हुए नेक इरादे और सच्चे मन से हंसते हंसते पुरुषार्थ करना"और यह कि "जिस भी समाज में आप रह रहे हैं उसमें इस तरह से रहना कि पड़ोसी को आपकी वजह से तकलीफ न हो। मन, वाणी और हाथ पैर से अपने से कमजोर को कभी हानि नहीं पहुंचाएं। अपने से कमजोर की रक्षा करना समर्थ की जिम्मेदारी है। जो मनुष्य सामर्थ्यवान होकर अपने से कमजोरों के प्रति दया, क्षमा और करुणा का भाव नहीं रखता वह समाज के लिए पशु से भी भयंकर है।"

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।


## शिवत्व की साधना



संकलित
दर्शन

हर कर्म का आरंभ संकल्प से होता है। बातों को बनाने, बिगाड़ने व संभालने का आधार भी हमारा सोच रूपी कर्म है। अच्छी या बुरी सोच के कारण हमारे कर्म और कर्मफल सुखदायी व दुखदायी होते हैं, इसलिए कहते हैं, परमात्मा शिव अपनी शुद्ध और श्रेष्ठ संकल्पों से सोच को परिष्कृत कर दुनिया को परिवर्तित कर देते हैं। उनका प्रत्येक संकल्प मानवता का कल्याण है, जिसकी वर्षा से प्रकृति में शांति, संतुलन, सद्भावना व प्रसन्नता का वातावरण निर्मित होता है। मानव जीवन व संसार से विकार, व्याभिचार, भ्रष्टाचार, पापाचार, दुख, कष्ट व हिंसा के ताप समाप्त होते हैं। परमात्मा के इस सृष्टि परिवर्तन या उद्धार कार्य से कृतज्ञ होकर हम श्रावण मास में भगवान शिव की पूजा-अर्चना और व्रत-उपवास करते हैं। शिव की महिमा स्मरण, गायन, पूजन व श्रवण से श्रावण मास शिवमय हो जाता है। कहते हैं, चातुर्मास के आरंभ में भगवान विष्णु जब शयन में चले जाते हैं, तब शिव संसार की बागडोर संभालते हैं। शिव निराकार ज्योति स्वरूप हैं। वे शिव ज्ञान व योग सिखाकर मनुष्यों में सतयुगी दिव्य गुण व दैवी संस्कारों को पुनः विकसित करते हैं। जब भगवान विष्णु योगनिद्रा में चले जाते हैं, तब सृष्टि को बचाने एवं भक्तों की शुद्ध भावनाओं और कामनाओं का फल देने हेतु शिव अदृश्य रूप में संसार का कार्यभार संभालते हैं। ज्ञान सूर्य ज्योति स्वरूप शिव अपने ईश्वरीय ज्ञान व शिक्षा के प्रकाश द्वारा मनुष्यों के आसुरी अवगुणों को सद्गुण, दैवी चरित्र व दैवी संस्कारों में बदलते हैं।

## जीवन में गुरु की आवश्यकता क्यों?



संकलित
प्रेरणा

एक गाय घास चरने जंगल में चली गई। शाम ढलने के करीब थी। उसने देखा कि एक बाघ उसकी तरफ दबे पांव बढ़ रहा है। वह डर के मारे इधर-उधर भागने लगी। दौड़ते हुए गाय को सामने एक तालाब दिखाई दिया। घबराई हुई गाय उस तालाब के अंदर घुस गई। वह बाघ भी उसका पीछा करते हुए तालाब के अंदर घुस गया। उसमें पानी कम था और वह कीचड़ से भरा हुआ था। उन दोनों के बीच की दूरी काफी कम हुई थी, लेकिन अब वह कुछ नहीं कर पा रहे थे। वह गाय उस कीचड़ के अंदर धीरे-धीरे धंसने लगी। बाघ भी धीरे-धीरे कीचड़ के अंदर धंसने लगा। दोनों करीब गले तक उस कीचड़ के अंदर फस गए। गाय के करीब होने के बावजूद वह बाघ उसे पकड़ नहीं पा रहा था। थोड़ी देर बाद गाय ने उस बाघ से पूछा, क्या तुम्हारा कोई गुरु या मालिक है? बाघ ने गुर्राते हुए कहा, मैं तो जंगल का राजा हूं। मेरा कोई मालिक नहीं। मैं खुद ही जंगल का मालिक हूं। गाय ने कहा, लेकिन तुम्हारी उस शक्ति का यहां पर क्या उपयोग है? उस बाघ ने कहा, तुम भी तो फस गई हो और मरने के करीब हो। तुम्हारी भी तो हालत मेरे जैसी है। गाय ने मुस्कुराते हुए कहा, बिलकुल नहीं। मेरा मालिक जब शाम को घर आएगा और मुझे वहां पर नहीं पाएगा तो वह ढूंढते हुए यहां जरूर आएगा और मुझे इस कीचड़ से निकाल कर अपने घर ले जाएगा। तुम्हें कौन ले जाएगा? थोड़ी ही देर में सच में ही एक आदमी वहां पर आया और गाय को कीचड़ से निकालकर अपने घर ले गया।

## दरकार



डॉ. रमेश ठाकुर

# कोचिंग संस्थानों पर नकेल कसें

कोचिंग संस्कृति पर लगाम के लिए बीते एकाध दशकों में केंद्र सरकार की ओर से कई मर्तबा आदेश पारित हुए, जिनमें बंदिशों के कई तरह के दिशा-निर्देश शामिल रहे, पर किसी भी सरकारी आदेशों को कोचिंग संस्थानों ने ज्यादा दिनों तक नहीं माना? जैसे ही शोर कम हुआ, फिर से मनमानी शुरू कर दी। अब फिर से कोचिंगों पर नया सरकारी आदेश जारी हुआ है, जिसमें 16 वर्ष से कम आयु के छात्रों को कोचिंग की मनाही बताई है। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय का ये कदम निश्चित रूप से सराहनीय है, लेकिन बात वहीं आकर अटक जाती है, ये आदेश कब तक और क्या गारंटी है कि ये आदेश कोचिंग वाले तत्काल प्रभाव से मानेंगे। आदेश अगर मुकम्मल हो जाए, तो राजस्थान कोटा में आए दिन छात्र आत्महत्या नहीं करेंगे। खैर, पुरानी बातों को छोड़कर अब कोचिंग संस्कृति पर लगाम की इस नई पहल पर व्यापक रूप से बहस की दरकार है। आमजन से लेकर हुकूमतें भी अब जान चुकी हैं कि कोचिंग सेंटर किस तरह से शिक्षा के नाम पर गोरखधंधा करने लगे हैं। वह शिक्षा और छात्रों के जीवन से खिलवाड़ कर रहे हैं। शिक्षा मंत्रालय ने अपने आदेश में 16 साल से कम उम्र के छात्रों का जिक्र किया है। लेकिन सच्चाई इससे भी कहीं इतर है। यहां आर्मी स्कूलों में दाखिले का जिक्र करना जरूरी हो जाता है जहां, छात्रों को तो 10 उम्र से ही कोचिंग लेने पर विवश किया जाता हैं। शायद सरकार का इस ओर ध्यान नहीं गया। देश में 33 अधिकृत सैनिक स्कूलों के अलावा 5 राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल और एक राष्ट्रीय इंडियन मिलिट्री कॉलेज है जिनमें दाखिले की परीक्षा यूपीएससी के बराबर मानी है, वहां बिना कोचिंग के छात्र परीक्षा किसी भी सूरत में पास नहीं कर सकता। सामान्य स्कूलों के छात्र सैनिक स्कूलों की एंट्रेंस परीक्षा नहीं निकाल सकते, इसलिए उन्हें मजबूरी में कोचिंग लेनी पड़ती है। ऐसी परीक्षाओं का पैटर्न हल्का किया जाए, इस ओर शिक्षा मंत्रालय को ध्यान देने की जरूरत है। आर्मी स्कूलों की परीक्षाओं का सिलेबस बहुत कठिन रखा जाता है। तभी इन परीक्षा को पास करवाने के लिए देशभर में सैकड़ों डिफेंस एकेडमियां संचालित हो रही हैं। वो अभिभावकों से मुंह मांगा पैसा वसूलती हैं। वहां कोई सरकारी सख्ती नहीं है, इसलिए इन पर सबसे पहले नकेल कसने की आवश्यकता है। कोचिंग के चक्रव्यूह में फंसना अब छात्रों-अभिभावकों की मजबूरी भी बन गई है। जिस छात्र को अगर चोटी की प्रतियोगी परीक्षा पास करनी है, तो उसके जेहन में अव्वल ख्याल कोचिंग संस्थाओं की ओर ही दौड़ता है। यूपीएससी के लिए दिल्ली का मुखर्जी नगर हो या जेई-इंजीनियरिंग के लिए राजस्थान का कोटा? कागजों में ये उच्च शिक्षा के लिए 'महाकुंभ' बन गए हैं, पर दुर्भाग्य ये है, दोनों स्थान अब 'आत्महत्या' के लिए भी मशहूर हो गए हैं। दिल्ली में भी ऐसा ही हाल है जहां दस हजार से भी ज्यादा कोचिंग संस्थाएं इस वक्त संचालित हैं जो अपनी कमाई का एक तिहाई हिस्सा सरकार को देती हैं। इसके अलावा दूसरे तरीकों से पुलिस-प्रशासन, नगर निगम व अन्य विभागों को चढ़ावे के रूप में भी ये संस्थाएं धन लुटाती हैं। इसके बाद सहज अनुमान लगा सकते हैं कि आखिर कोचिंग माफिया खुलेआम मनमानी क्यों न करें?

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## तिरंगा जान से भी प्यारा...




**अमृतसर।** अमृतसर में गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर अपने चेहरे और हाथों को तिरंगे में रंगे हुए एक युवा महिला फोटो खिंचवाती हुई।

## आज की पाती

### वोट ही देश के भावी भविष्य की नींव रखता है

भारत में राष्ट्रीय मतदाता दिवस हर साल 25 जनवरी को मनाया जाता है। यह दिवस भारत के प्रत्येक नागरिक के लिए अहम है। इस दिन भारत के प्रत्येक नागरिक को अपने राष्ट्र के प्रत्येक चुनाव में भागीदारी की शपथ लेनी चाहिए, क्योंकि भारत के प्रत्येक व्यक्ति का वोट ही देश के भावी भविष्य की नींव रखता है। इसलिए हर एक व्यक्ति का वोट राष्ट्र के निर्माण में भागीदार बनता है। भारत में जितने भी चुनाव होते हैं, उनको निष्पक्षता से संपन्न कराने की जिम्मेदारी भारतीय निर्वाचन आयोग की होती है जिसका गठन 25 जनवरी 1950 को हुआ था। संविधान के अनुच्छेद 324 के अनुसार संसद, राज्य विधानमंडल, राष्ट्रपति व उपराष्ट्रपति के पदों के निर्वाचन के लिए संचालन, निर्देशन व नियंत्रण की जिम्मेदारी चुनाव आयोग की है। *- अजय पांडेय, भिलाई नगर*

## करंट अफेयर

# चेक सांसदों ने किया महिला अधिकार संधि को खारिज


चेक गणराज्य के सांसदों ने महिलाओं के अधिकारों पर एक अंतरराष्ट्रीय संधि का समर्थन किए जाने के खिलाफ मतदान किया है। चेक संसद के उच्च सदन में उपस्थित 71 सीनेटर में से केवल 34 ने बुधवार को इस्तांबुल संधि के समर्थन में मतदान किया, जबकि इसे पारित करने के लिए दो और सदस्यों के समर्थन की आवश्यकता थी। मतदान के बाद, संसद का निचला सदन संधि पर आगे नहीं बढ़ेगा और चेक गणराज्य उन देशों में से एक होगा जिन्होंने दस्तावेज पर हस्ताक्षर तो किये हैं लेकिन उसका अनुसमर्थन नहीं किया है। यूरोपीय परिषद ने पूरे महाद्वीप में महिलाओं के खिलाफ हिंसा को रोकने के लिए 2011 में दस्तावेज को अंगीकृत किया था। चेक गणराज्य ने संधि पर 2016 में हस्ताक्षर किया था। मतदान ने रूढ़िवादी और उदारवादी सांसदों के बीच विभाजन को प्रदर्शित किया है। रूढ़िवादियों ने तर्क दिया कि यह दस्तावेज समाज में पुरुषों और महिलाओं के लिए पारंपरिक भूमिकाओं को चुनौती देता है तथा अन्य देशों में इसका अनुसमर्थन किये जाने से वहां महिलाओं के खिलाफ हिंसा को कम करने में मदद नहीं मिली है। कई गिरिजाघरों ने भी इसका विरोध किया है।




## ऑफ बीट

# ताड़ का पेड़ जो वर्षावन के तल के नीचे रहता है

पश्चिमी बोर्नियो के समृद्ध जंगलों के बीच में, भूमिगत ताड़ के खाने योग्य फल के बारे में स्थानीय लोग अच्छी तरह से वाकिफ हैं और अकसर उनका नाश्ता करते हैं। लेकिन वनस्पति के इस चमत्कार पर लंबे समय तक वैज्ञानिक समुदाय द्वारा ध्यान नहीं दिया गया क्योंकि यह जमीन के अंदर फूल और फल देता है। पहली नज़र में, एक दुर्लभ ताड़ का पेड़, पिनंगा सबट्रेनिया, एक छोटे पौधे या अंकुर जैसा दिखता है। एक सामान्य ताड़ के पेड़ की तुलना में, पिनंगा भूमिगत अधिक कोमल और सुंदर दिखता है, जो इसे छोटी जगहों या घने जंगलों के लिए उपयुक्त बनाता है। इसके चमकीले लाल फल लगभग पूरी तरह से मिट्टी में छिपे रहते हैं। तो यह भूमिगत सुपरस्टार जंगल की ज़मीन के नीचे कैसे जीवित रहता है? पौधे मिट्टी से पानी और पोषक तत्वों को अवशोषित करने के लिए अपनी जड़ों का उपयोग करके बढ़ते हैं। उन्हें प्रकाश संश्लेषण नामक प्रक्रिया के माध्यम से अपना भोजन बनाने के लिए सूर्य के प्रकाश की भी आवश्यकता होती है। आमतौर पर, तने और पत्तियाँ जमीन से ऊपर होती हैं, प्रकाश की ओर ऊपर तक पहुँचती हैं। ताड़ के पेड़ आमतौर पर परागण और बीज फैलाव के लिए अपने फूल और फल जमीन के ऊपर विकसित करते हैं।



## ट्रेंड

### महिला सशक्तिकरण



भारत की रक्षा शक्ति में नारी शक्ति की भूमिका निरंतर बढ़ती जा रही है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में जीवन के हर क्षेत्र में महिला सशक्तिकरण हो रहा है। इस बार गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान कर्तव्य पथ पर, देश की नारीशक्ति का भव्य स्वरूप, भारत ही नहीं पूरे विश्व को दिखाई देगा।
-राजनाथ सिंह, केंद्रीय मंत्री

### संभावनाएं सुलभ होती



धान्य पूर्णिमा उस समय का प्रतीक है जब उच्च संभावनाएं उन सभी के लिए सुलभ होती हैं जो ग्रहणशील होते हैं। यह पूर्णिमा आपके जीवन को सर्वोत्तम तरीके से बढ़ाने और आध्यात्मिक प्रयास की अधिकतम फसल प्राप्त करने में सहायता करे।
-सदगुरु, आध्यात्मिक गुरु

### कोई जवाब देगा



रामलला मंदिर में प्राणप्रतिष्ठा धार्मिक आयोजन था या राजनीतिक? यह सनातन धर्म शास्त्र के अनुसार था या नहीं था? मैं हिन्दू धर्म प्रेमियों से पूछना चाहता हूं क्या निर्माणाधीन मंदिर में प्राणप्रतिष्ठा होते देखी है? यजमान बिना पत्नी के बैठता है क्या?
-दिग्विजय सिंह, कांग्रेस नेता

### जीत सकते हैं पांच लाख



मैं मुंबई उत्सव के लिए बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज में हूं। स्टार्टअप मुंबई चैलेंज जहां प्रसिद्ध उद्यमियों का एक टर्बोचार्ज्ड पैनल स्थिरता के क्षेत्र में स्टार्टअप्स की पिचें सुन रहा है। विजेता पांच लाख तक जीत सकते हैं। पिचें शुरू होने से पहले, पैनल उद्यमिता पर एक संवाद में लगा हुआ था।
-आनंद महिंद्रा, उद्योगपति

**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
**aapkepatra.haribhoomi@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

100 से अधिक सीडी में कांड के साक्ष्य और हार्ड डिक्स में करोड़ों के लेनदेन के जिक्र का होगा खुलासा

# हाईप्रोफाइल हनी ट्रैप केस : 4 साल में 5 सीनियर आईपीएस बने एसआईटी चीफ, बयान के बाद जांच नहीं हो पाई पूरी, अब एडीजी कटियार से उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एमपी का बहुचर्चित हनीट्रैप कांड एक बार फिर सुर्खियों में आ गया है। सरकार ने 1992 बैच के आईपीएस आदर्श कटियार को स्पेशल इन्वेस्टीगेशन टीम यानी एसआईटी का अध्यक्ष बना दिया। क्या है ये हनी ट्रैप कांड, जिसकी चार साल में भी जांच पूरी नहीं हो पाई है। खास बात है कि 4 सीनियर आईपीएस कमेटी के चीफ रह चुके हैं। अब 5 वें चीफ के तौर पर कटियार को जिम्मेदारी दी गई है।

23 सितंबर 2019 को गठित एसआईटी की जिम्मेदारी सबसे पहले 1997 बैच के आईपीएस डी श्रीनिवास वर्मा को दी गई थी, लेकिन गठन के 24 घंटे के अंदर ही एसआईटी की जिम्मेदारी तेजतर्रार अफसरों में शुमार एडीजी संजीव शमी



को दी गई। एक अक्टूर को संजीव शमी को एसआईटी प्रमुख के पद से हटाकर राजेंद्र कुमार को एसआईटी जांच की कमान सौंपी गई। श्वेता ने एक बार एसआईटी को बताया था कि आईपीएस और आईएएस अफसरों की डिमांड पर कॉलेज की छात्राओं को उनके पास भेजा जाता था। इन अधिकारियों में कई तो उन छात्राओं की पिता की उम्र के बराबर थे। इसके बाद वीके महेश्वरी भी जांच के मुखिया रहे चुके। अब कटियार के पास जांच का जिम्मा है। चार साल से चल रही ये जांच अपने मुकाम तक कब पहुंचेगी।

**आईएएस-आईपीएस और कई राजनेताओं सहित वीआईपी के शामिल होने से साल 2019 में बनाई एसआईटी**

## ब्लैकमेल करके तीन करोड़ रुपए मांगे

कांग्रेस की कमलनाथ सरकार के समय 17 सितंबर, 2019 को इंदौर नगर निगम के तत्कालीन इंजीनियर हरभजन सिंह पलासिया पुलिस थाने पहुंचे। उन्होंने जो बताया उससे हनी ट्रैप की परतें खुलना शुरू हुईं। उन्होंने कहा कि महिलाएं उनसे अश्लील वीडियो के नाम पर ब्लैकमेल करके तीन करोड़ रुपए मांग रही हैं। पुलिस ने ब्लैकमेल करने वाली भोपाल की एक महिला को अपनी गिरफ्त में लिया। पता चला कि श्वेता स्वप्निल जैन (48), श्वेता विजय जैन (39), आरती दयाल (29), मोनिका यादव (19), बरखा सोनी (34) इस पूरे मामले में मुख्य किरदार हैं। केस में दिन प्रतिदिन नए खुलासे होने लगे तो 31 अक्टूबर 2020 को एसआईटी का गठन किया गया।

**कई मंत्री और अफसरों के आए वीडियो**

हनीट्रैप गैंग ने ब्लैकमेलिंग करके करोड़ों रुपए जमा किए। इनके पास 100 से अधिक सेक्स वीडियो मिले, इनमें 20 से ज्यादा अफसरों के साथ नेताओं के भी वीडियो हैं। इन महिलाओं ने एक पूर्व मुख्यमंत्री, दो मंत्री, तीन पूर्व मंत्री, एक पूर्व सांसद, 20 अफसरों को अपना शिकार बनाया है। हालांकि, इनमें से एक-दो नेताओं और दो अफसरों के वीडियो ही लीक हुए।

## पॉश कॉलोनी में रहकर फंसाती थी जाल में

महिला भोपाल के बेहद पॉश इलाके रिवेरा टाउन में रहती थी। वह रसूख झाड़ने के लिए एक विधायक के घर में 35 हजार रुपए महीने के किराए पर रहती थी। इस कॉलोनी में पूर्व मंत्रियों और तत्कालीन कमलनाथ सरकार के मंत्री और विधायकों के भी घर हैं। महिला यहीं से साजिश रचती थी, इसलिए नेता उसके जाल में आसानी से फंस गए। जिस बंगले में ये महिला रहती थी, उसे एक पूर्व मुख्यमंत्री ने उसे दिलवाया था। ब्लेकमैलर महिला साल 2013 में ही एक बड़ी पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ना चाहती थी, लेकिन विधानसभा चुनाव से ऐन पहले खुद के ड्राइवर के साथ ही उसका एक अश्लील वीडियो भी वायरल हो गया। यहीं से उसका सपना चौपट हो गया।

## अश्लील वीडियो बनाने के बाद होती थी वसूली

हनीट्रैप कांड की मुख्य आरोपी श्वेता विजय जैन अफसर और नेताओं से आरती की दोस्ती करवाती थी। बाद में आरती उन्हें अपने जाल में फंसाकर वीडियो बना लेती, फिर श्वेता के इशारे पर रुपए वसूलने का काम होता था। श्वेता स्वप्निल जैन, श्वेता विजय जैन, आरती दयाल, मोनिका यादव, बरखा सोनी इस पूरे मामले में मुख्य किरदार थे।

**खबर संक्षेप**



### भागवत कथा का हवन पूजन के साथ समापन

**मंडीदीप।** औद्योगिक नगर के सतलापुर में श्रीमद् भागवत कथा के समापन पर भक्तों ने हवन यज्ञ में पूर्णाहुति दी। इसी के साथ भागवत कथा का विश्राम हो गया। श्री पिपलेश्वर महादेव मंदिर समिति के तत्वावधान में आयोजित कथा के पश्चात वेद मंत्रोच्चारण के मध्य हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। यज्ञ में आहुति देकर क्षेत्र की खुशहाली और विश्व में सभी के स्वस्थ रहने की कामना की। हवन के महत्व की जानकारी देते हुए शेरसिंह चौहान ने कहा कि यज्ञ का धुआं वातावरण एवं वायु मंडल को शुद्ध करने के साथ लोगों के आत्मबल को बढ़ाता है।

### छात्रा के साथ युवक ने की अश्लील हरकत

**भोपाल।** तलैया पुलिस ने दसवीं कक्षा की एक छात्रा की रिपोर्ट पर युवक के खिलाफ अश्लील हरकत करने और जान से मारने की धमकी देने समेत विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक इलाके में रहने वाली 17 वर्षीय किशोरी दसवीं की छात्रा है। मंगलवार सुबह करीब आठ बजे वह स्कूल जा रही थी, तभी रास्ते में उसे अरमान नामक युवक मिला। उसने छात्रा को अश्लील इशारे किए और शादी करने के दबाव बनाया। अरमान ने उसे धमकी दी कि अगर किसी दूसरे से शादी की तो वह उसे जान से खत्म कर देगा। इसकी जानकारी पीड़िता ने परिजनों को दी और बुधवार को थाने जाकर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज करवा दिया।

### स्वच्छता के लिए चित्र और निबंध प्रतियोगिता



**मंडीदीप।** औद्योगिक नगर में नगर पालिका परिषद द्वारा स्वच्छता अभियान जागरूकता कार्यक्रम के तहत चित्र और निबंध स्पर्धा का आयोजन किया जा रहा है। शुक्रवार को शाम को विजेताओं को पुरस्कार वितरण किया जाएगा।


रिश्तेदार के घर शादी में शामिल होने दिल्ली से आया था भोपाल

# बीआरटीएस लेन पार करते समय सिटी बस ने अधेड़ को कुचला, मौत

- बैरागढ़ थाना क्षेत्र स्थित सीहोर नाका के पास रात करीब आठ बजे हुआ सड़क हादसा
- भैंसाखेड़ी के निजी अस्पताल में भर्ती कराया वहां इलाज के दौरान हो गई मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बैरागढ़ थाना क्षेत्र स्थित सीहोर नाका के पास बीसीसीएल की बस ने सड़क पार कर एक युवक को कुचल दिया। गंभीर रूप से घायल युवक को इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, वहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। अस्पताल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।




**टहलते हुए सीहोर नाका तक पहुंचे थे**

पुलिस के अनुसार दीपक ऋषि पिता कंचन किशोर (45) साउथ दिल्ली के थे और कैंप नंबर 12 बैरागढ़ में रिश्तेदार के घर शादी में शामिल होने आए थे। बुधवार शाम वह टहलते हुए सीहोर नाका तक पहुंच गए थे। वहां सड़क पार करते समय बीआरटीएस लेन में बीसीसीएल की बस ने उन्हें कुचल दिया। हादसा रात करीब आठ बजे के आसपास हुआ था। उन्हें नजदीक ही स्थित भैंसाखेड़ी के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वहां करीब दो घंटे चले इलाज के बाद उनकी मौत हो गई।

## पॉश कॉलोनी में चड्डी पहने संदिग्ध को बंगले के गार्ड ने पकड़ा, किया पुलिस के हवाले

**भोपाल।** गोविंदपुरा स्थित पॉश कॉलोनी शक्ति नगर सेक्टर-1 में चोरी की नीयत से घूम रहे एक संदिग्ध को बुधवार देर रात बंगले के गार्डन ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। वह चड्डी पहने हुए था। पुलिस को अनुमान है कि वह चड्डी बनियान गिरोह का सदस्य हो सकता है। संदिग्ध पर शाहपुरा में आधा दर्जन चोरी के अपराध दर्ज हैं। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। पुलिस के अनुसार तकनीकी शिक्षा विभाग के डिप्टी डायरेक्टर सुबोध पांडेय के बंगले के पीछे नाले में एक संदिग्ध अपने साथियों के साथ खड़ा था। सुबोध की पत्नी को बंगले के पीछे की तरफ किसी के होने की आशंका हुई और उन्होंने बंगले में तैनात गार्ड को बुलाकर मौके पर भेजा। मौके पर पहुंचे गार्ड को एक संदिग्ध मिला। वह चड्डी बनियान पहने हुए था। संदिग्ध की पहचान 12 नंबर मल्टी शाहपुरा निवासी सुरेश साहू (43) के रूप में की गई। सुरेश पर शाहपुरा थाने में छह चोरी के अपराध दर्ज हैं।

**पूर्व में दर्ज हैं आरोपी पर आधा दर्जन चोरी के अपराध, चड्डी बनियान गिरोह का सदस्य होने की आशंका, पुलिस कर रही पूछताछ**



**नाले के अंदर खड़ा था संदिग्ध**

गार्ड राजेश ने बताया कि बुधवार रात सुबोध पांडेय ने आवाज दी थी कि बंगले के पीछे कोई बात-चीत कर रहा है। सुबोध के कहने पर वह छत पर पहुंचे और टार्च से देखा तो नाले में एक युवक खड़ा हुआ नजर आया। वह सिर्फ चड्डी पहने हुए था। उसे नाले से पकड़कर बंगले के सामने लेकर पहुंचे और पुलिस को घटना की जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि संदिग्ध का मानसिक संतुलन बिगड़ा हुआ लग रहा है, लेकिन उस पर पूर्व में अपराध दर्ज हैं और उससे पूछताछ की जा रही है।

नव विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई थी मौत

# छोटी बहन पर परिजनों ने लगाया खाने में जहर देकर हत्या करने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



अरेरा हिल्स थाना क्षेत्र स्थित ग्वाल मोहल्ला में गत 26 नवंबर को संदिग्ध परिस्थितियों में हुई नव विवाहिता की मौत के मामले में पुलिस ने छोटी बहन पर हत्या का मामला दर्ज किया है। हालांकि छोटी बहन की अभी गिरफ्तारी नहीं की गई है। दरअसल, नव विवाहिता की मौत जहरीला पदार्थ खाने से होने की बात सामने आई है, लेकिन बिसरा परीक्षण रिपोर्ट नहीं मिली है। बिसरा परीक्षण रिपोर्ट आने के बाद ही पता चल सकेगा कि उसकी मौत जहरीला पदार्थ खाने से हुई है अथवा फूड पाइंजनिंग से हुई है। पुलिस ने उक्त कार्रवाई परिजन के आरोप पर की है।

**घबराहट होने पर परिजन अस्पताल ले गए थे**

पुलिस के अनुसार गायत्री यादव पति धर्मेंद्र यादव (25) ग्वाल मोहल्ला, रोशनपुरा में रहती थी। उसकी शादी नजीराबाद में हुई थी। नवंबर में वह अपने मायके ग्वाल मोहल्ला आई हुई थी। उसका थायराइड बढ़ा हुआ था और वह थायराइड की दवाई लेती थी। गत 24 नवंबर को सुबह 11 बजे के आसपास उसने खाना खाया था। शाम 4 बजे उसे घबराहट हुई और परिजन उसे जय प्रकाश अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां स्थिति बिगड़ती देख परिजन ने उसे हमीदिया अस्पताल में भर्ती करा दिया। दो दिन बाद 26 नवंबर की सुबह गायत्री की इलाज के दौरान मौत हो गई।

**प्रेम-प्रसंग का करती थी विरोध**

गायत्री की छोटी बहन बुलबुल का घर के सामने रहने वाले एक युवक से प्रेम प्रसंग था। प्रेम प्रसंग की भनक परिजन को थी। सभी लोग उसे युवक से दूर रहने की हिदायत देते थे। गायत्री यादव भी बुलबुल का सहयोग नहीं कर रही थी और बुलबुल का विरोध करती थी। गायत्री की मौत के बाद बुलबुल ने सामने रहने वाले युवक से कोर्ट मैरिज कर ली।

**पुलिस बिसरा परीक्षण रिपोर्ट का कर रही इंतजार**

गायत्री के मां और भाई ने अपने बयान में बताया कि गायत्री की मौत नहीं, बल्कि उसकी हत्या की गई है। बुलबुल ने गायत्री को खाने में जहर दिया है। मामला नव विवाहिता से जुड़ा होने के कारण मर्ग जांच एसीपी जहांगीराबाद द्वारा की गई थी। जांच और बयान के आधार पर एसीपी के निर्देश मिलने पर अरेरा हिल्स पुलिस ने हत्या का प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस बिसरा परीक्षण रिपोर्ट मिलने का इंतजार कर रही है।

## पैरामेडिकल स्टूडेंट के साथ बस कंडक्टर ने सरेराह की छेड़छाड़, मोबाइल तोड़ा

**भोपाल।** हमीदिया अस्पताल के गेट के सामने एक पैरामेडिकल स्टूडेंट के साथ बस कंडक्टर ने सरेराह अश्लील हरकत की और विरोध करने पर मारपीट करते हुए उसका मोबाइल फोन तोड़ दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक 26 वर्षीय युवती पैरामेडिकल की पढ़ाई कर रही है। वह पड़ोसी जिले से रोजाना बस से अपडाउन करती है। इस दौरान बस कंडक्टर रामकेश उसे पहचानने लगा। आने-जाने के दौरान दोनों के बीच कभी-कभार बातचीत हो जाया करती थी। पिछले कुछ दिनों से रामकेश की बातचीत का तरीका बदला तो युवती ने उससे बात करना बंद कर दिया। वह कई बार दूसरी बस से अभी आना-जाना करती थी। पिछले करीब एक महीने से रामकेश छात्रा का पीछा कर उसे परेशान कर रहा था। सोमवार शाम करीब चार बजे छात्रा घर जाने के लिए हमीदिया अस्पताल के गेट के पास बस का इंतजार कर ही थी, तभी रामकेश पहुंचा और उससे बातचीत करने का प्रयास किया। छात्रा ने जब बात करने से इंकार किया तो उसने सरेराह उसके साथ मारपीट कर दी और मोबाइल फोन छीनकर तोड़ दिया। घर पहुंचने के बाद पीड़िता ने परिजनों को घटना की जानकारी दी और बुधवार को परिजनों के साथ कोहेफिजा थाने पहुंचकर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवा दी। पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास कर रही है।



## चाणक्य स्कूल में वार्षिकोत्सव, बच्चों ने दी मनमोहक प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

चाणक्य पब्लिक इंग्लिश मीडियम हायर सेकंडरी स्कूल प्रांगण में प्राथमिक सेक्शन का वार्षिक उत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया। केजी वन के बच्चे, समृद्धि, रुद्र, संध्या, तासी, योगिता, देवांशी, शिवांश आदि ने आओ बच्चों तुम्हें दिखाए...गीत पर मनमोहक प्रस्तुति दी। नर्सरी के बच्चों ने बम-बम भोले... गीत पर सुरेश, शौर्य, साध्वी, तेजस, भावना आदि ने सरहनीय प्रस्तुति दी। केजी टू के बच्चे युग, ओम, हिमांशी, सची, वेदांत आदि ने सुनो गौर से दुनिया वालों... गीत पर मनहर प्रस्तुति दी।

इसी तरह कक्षा एक एवं दो के बच्चे गौरी सिलावट, आद्या बामनिया, आर्या पारे, अवनि, कनक, आद्या, चंद्र वंशी आदि ने आई लब माई इंडिया... गीत पर आकर्षक सामूहिक नृत्य प्रस्तुत किया। केजी वन की छात्रा दिशा साहू ने मेरा मुल्क मेरा देश... गीत पर प्रशंसनीय नृत्य प्रस्तुत किया। श्री राम लला के प्राण प्रतिष्ठा पर कक्षा चौथी एवं पांचवी के छात्र छात्राओं ने राम आएंगे... गीत पर नृत्य प्रस्तुत किया। शाला प्राचार्य भूपेंदर कौर ने उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए सभी का आभार व्यक्त किया।

नगर में भाजयुमो का नमो नव मतदाता सम्मेलन

## वर्चुअली जुड़े प्रधानमंत्री मोदी विधायक पटवा भी हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

औद्योगिक नगर में भारतीय जनता युवा मोर्चा ने नमो नव मतदाता सम्मेलन का आयोजन किया। राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअली जुड़ कर नव मतदाताओं को संबोधित किया।



भाजपा कार्यालय पर इस सम्मेलन में भोजपुर विधायक सुरेन्द्र पटवा व नगर पलिका अध्यक्ष प्रियंका राजेन्द्र अग्रवाल व मोर्चा जिला अध्यक्ष भूपेन्द्र नागर भी शामिल हुए। मोर्चा अध्यक्ष शुभम खटीक ने बताया कि युवा मोर्चा के माध्यम से आयोजित इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने प्रेरणास्पद संबोधन से नए मतदाताओं को देश के अमृतकाल, विकास और वर्तमान हालात पर जानकारी दी। उन्होंने युवाओं से लोकतंत्र को मजबूत करने मतदान करने का आह्वान किया। इस दौरान भाजयुमो अतुल भार्गव, अंशुल साहू, शिवम तिवारी, मयंक शर्मा सहित कार्यकर्ता, कॉलेज के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में नव मतदाता मौजूद रहे।

## 30 मिनट में तीन स्थानों पर लगी आग

**भोपाल।** शहर में गुरुवार को आधे घंटे के भीतर तीन स्थानों पर आग लगने की घटनाएं हुई। इनमें सबसे पहले कमला नगर थाने के पीछे स्थित एक झुग्गी बस्ती में आग लगने की सूचना शाम 5.40 बजे फायर कंट्रोल रूम को दी गई, जिसके बाद यहां माता मंदिर फायर स्टेशन से एक दमकल भेजी गई। 15 से 20 मिनट में दमकलकर्मियों ने इस आग पर काबू पा लिया। इसी तरह शाम 5.54 बजे रोशनपुरा स्थित बापू की कुटिया में आग लगने की सूचना फायर कंट्रोल रूम को मिली। यहां बोगदा पुल और माता मंदिर से तीन दमकलें भेजी गई। हालांकि आग ज्यादा बड़ी नहीं थी। यहां होटल की चिमनी में आग पकड़ ली थी, जिसे दमकलकर्मियों ने कुछ ही देर में बुझा दी। वहीं तीसरी आग अयोध्या नगर स्थित इंडस मुस्कान कालोनी में शाम छह बजे लगी। यहां गोविंदपुरा फायर स्टेशन से गाड़ियां भेजी गई।

जमीन फर्जीवाड़े और विदेशी फंडिंग मामले में एजेंसियों की नजर से बिशप पीसी सिंह फरार

# 4000 वर्ग फीट की एक जमीन के दस्तावेजों में हेरा फेरी कर अपने नाम कराने के प्रकरण में पीसी सिंह का नहीं मिला सुराग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मिशनरी की जमीनों के फजीर्वाड़ों से लेकर धर्मांतरण और विदेशी फंडिंग के मामले में जेल की हवा खाने वाले पूर्व बिशप पीसी सिंह परिवार सहित फरार हो गया है। खास बात है कि ईडी सहित कई अन्य एजेंसियों के रडार पर बिशप थे। इसके बाद भी बिशप के गायब होने पर एजेंसियों की निगरानी पर सवाल उठ रहे हैं। ईओडब्ल्यू भी उनसे रिश्तेदारों से पूछताछ कर रही है।

द बोर्ड ऑफ एजूकेशन चर्च ऑफ नॉर्थ इंडिया के चेयरमैन और जबलपुर डायोसिस के बिशप के पद पर रहते हुए पीसी सिंह ने जमकर घोटालेबाजी की थी।

**4000 वर्गफीट जमीन के मामले में पूर्व बिशप की फिर से तलाश**

द बोर्ड ऑफ एजुकेशन चर्च ऑफ नॉर्थ इंडिया और जबलपुर डायोसिस के बिशप पीसी सिंह के ठिकानों पर 8 सितंबर 2022 को छापेमारी की कार्रवाई की गई थी इस कार्रवाई के दौरान बिशप अपने घर में नहीं था और वह जर्मनी की यात्रा पर था, जर्मनी से जैसे ही भारत आया तो जांच एजेंसियों ने उसे नागपुर एयरपोर्ट में दबोच लिया था। ईओडब्ल्यू ने बिशप के अलावा उसके दो राजदार सुरेश जैकब और प्रेम मसीह को भी अपने रडार पर लिया जिसमें सरकार के द्वारा मिशनरियों को आवंटित जमीनों की हेरा फेरी का खुलासा हुआ। इसी मामले से जुड़े नेपियर टाउन में 4000 वर्ग फीट की एक जमीन के दस्तावेजों में हेरा फेरी कर अपने नाम करने के प्रकरण में ईओडब्ल्यू को पूर्व बिशप की तलाश है लेकिन उसका कोई सुराग हासिल नहीं हो पा रहा है।

**नोट गिनने के लिए बुलवानी पड़ी थी मशीनें**

आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो ने जब 8 सितंबर 2022 को पूर्व बिशप पीसी सिंह के घर पर छापेमारी की कार्रवाई की थी तब नोटों के इतने बंडल निकले कि अधिकारियों की आंखें भी फटी की फटी रह गई थी, हालात ऐसे बने की नोट गिरने के लिए बैंक से मशीनें तक बुलवानी पड़ी थी, कई दिनों तक चली कार्रवाई के बाद इस पूरे मामले में ईडी की भी एंट्री हुई और प्रवर्तन निदेशालय ने भी बिशप के ठिकानों पर छापेमारी कर कई सुराग हासिल किए थे।

जिसके बाद लगातार मिल रही शिकायतों के आधार पर आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो यानी ईओडब्ल्यू ने पीसी सिंह के ठिकानों पर छापेमारी की कार्यवाही की थी, इस कार्यवाही में पीसी सिंह के घर से एक करोड़ 65 लाख रुपए की नगदी, 18000 की विदेशी करेंसी के अलावा 174 बैंक खातों और 9 लग्जरी कारें और 32 विदेशी घड़ियां बरामद हुई थी, इस पूरे मामले में जेल से छूटने के बाद पीसी सिंह पर जांच एजेंसियां नजर रखी हुई थी लेकिन अचानक पीसी सिंह अपने परिवार सहित फरार हो गया है जिसकी तलाश के लिए ईओडब्ल्यू की टीमों ने देश के कई हिस्सों में दबिश भी दी लेकिन पीसी सिंह का कोई सुराग हासिल नहीं हो पा रहा है।

# पावर ऑफ अटार्नी तैयार कर ससुर ने एनआरआई दामाद की जमीन अपने बेटे और बहू के नाम की

शाहपुरा पुलिस ने दर्ज की धोखाधड़ी सहित अन्य धाराओं में एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शाहपुरा थाना क्षेत्र में ससुर द्वारा अपने एनआरआई दामाद की जमीन बेटे बहू के नाम करने का मामला सामने आया है। जालसाज ससुर ने जमीन की फर्जी पावर ऑफ अटार्नी तैयार की और जमीन नाम कर दी। पुलिस ने एनआरआई की शिकायत पर उसके ससुर, साले और साले की पत्नी के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। पुलिस ने साले और उसकी पत्नी को गिरफ्तार कर लिया है। जालसाज ससुर की मौत हो चुकी है। पुलिस के अनुसार 81 साल के केवल कृष्ण सिंह इंग्लैंड में रहते हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि साल 2010 में उनके ससुर प्यारा सिंह कलसी ने बवाड़िया कला इलाके में प्वाइंट 21 एकड़ जमीन उन्हें दिलाई थी।





- जालसाज ससुर की मौत हो चुकी है, पुलिस ने साले और उसकी पत्नी को गिरफ्तार कर लिया

**फर्जी हस्ताक्षर कर ससुर ने जमीन को बहू के नाम कर दिया**

जमीन की रजिस्ट्री भी कृष्ण सिंह के नाम कराई। बाद में कृष्ण को पता चला कि ससुर ने फर्जी पॉवर ऑफ अटार्नी तैयार कराते जमीन को अपनी बहू लवनीत सिंह के नाम से करा दिया। बहू ने जमीन को अपनी बहन-जीजा, पति जगजीत सिंह के नाम कर दी। जमीन का कुछ हिस्सा कृष्ण सिंह के नाम ही रहने दिया। इसकी शिकायत कृष्ण सिंह ने पुलिस को की। जांच में सामने आया कि जब पावर ऑफ अटार्नी तैयार की गई तब कृष्ण सिंह इंग्लैंड में रहे। उनके फर्जी हस्ताक्षर कर ससुर ने जमीन को बहू के नाम कर दिया। पुलिस ने लवनीत सिंह और उनके पति जगजीत को गिरफ्तार कर लिया है। ससुर की मौत हो चुकी है।

## नमो नवमतदाता सम्मेलन में फर्स्ट टाइम वोटर से रूबरू हुए प्रधानमंत्री

# पीएम मोदी ने बताई वोट की ताकत पूछा-कैसा हो भाजपा का मेनिफेस्टो

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नमो नवमतदाता सम्मेलन में गुरुवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से युवाओं से रू-ब-रू हुए। प्रधानमंत्री ने फर्स्ट टाइम युवा वोटरों से कहा कि भारत को विकसित बनाने में योगदान दें। प्रधानमंत्री ने आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर भाजपा घोषणापत्र के लिए देश के युवाओं से सुझाव देने का आग्रह किया। इस सम्मेलन में छत्तीसगढ़ समेत देशभर के भाजयुमो के कार्यकर्ता शामिल हुए।*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा की युवा इकाई भारतीय जनता युवा मोर्चा की ओर से राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर आयोजित 'नमो नवमतदाता सम्मेलन' को वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि श्रेष्ठ सुझाव साझा करने वाले चुनिंदा लोगों से वह व्यक्तिगत रूप से मिलेंगे। उन्होंने युवा मतदाताओं से कहा, आने वाले लोकसभा चुनाव में भाजपा का घोषणापत्र कैसा होना चाहिए, खासकर युवाओं के लिए उसमें क्या होना चाहिए। इससे जुड़े सुझाव नमो ऐप पर आप मुझे भेज सकते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि वह मतदान से पहले ही युवाओं की भागीदारी चाहते हैं। उन्होंने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा, देश को बनाने के लिए आगे आइए, आप भागीदारी कीजिए। मैं चाहता हूं कि लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा के संकल्प पत्र में देश के ज्यादा से ज्यादा युवाओं की भागीदारी हो। भारत के युवा ही भाजपा के संकल्प पत्र को गाइड करेंगे। इस दौरान 5800 स्थानों के युवा पीएम से जुड़े।





### आप लोकतंत्र में भागीदार

पीएम मोदी ने कहा, ये कालचक्र दो वजहों से बहुत अहम है- पहला, आप सभी ऐसे समय में वोटर बने हैं, जब भारत का अमृतकाल शुरू हुआ है। दूसरा, 26 जनवरी को देश अपना 75वां गणतंत्र दिवस मनाएगा। अगले 25 साल आपके लिए भी और भारत के लिए भी दोनों के लिए ही महत्वपूर्ण है। पीएम मोदी ने कहा, 18 से 25 वर्ष की आयु ऐसी होती है जब किसी का भी जीवन बहुत से बदलावों का साक्षी बनता है। इन्हीं बदलावों के बीच आप सभी को एक और जिम्मेदारी साथ-साथ निभानी है। ये जिम्मेदारी दुनिया की सबसे बड़ी डेमोक्रेसी में भागीदारी की है।


### एक वोट का ऐसा दम

- *एक वोट और देश की विकास की दिशा दोनों आपस में जुड़े हुए हैं*
- *एक वोट, भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाएगा*
- *एक वोट, भारत में एक स्थिर और बड़े बहुमत वाली सरकार लाएगा*
- *एक वोट, भारत में तेज रिफॉर्म की गति को और तेजी देगा*
- *एक वोट, डिजिटल क्रांति को और ऊर्जा देगा*
- *एक वोट, भारत को अपने दम पर अंतरिक्ष में पहुंचाएगा*
- *एक वोट, भारत में पहला पैसेंजर एयरक्रॉफ्ट बनाएगा*
- *आपका एक वोट, दुनिया में भारत की साख और बढ़ाएगा*

## खबर संक्षेप

### ट्रेन के इंजन में अचानक लगी आग

**बनिहाल।** काजीगुंड रेलवे स्टेशन पर बड़ा हादसा होते-होते टल गया। जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले में काजीगुंड रेलवे स्टेशन पर गुरुवार को एक ट्रेन के इंजन में अचानक आग लग गई। अधिकारियों ने जानकारी दी है कि आग लगने के पीछे का अभी तक कारण नहीं पता चल पाया है। वहीं हादसे में किसी भी यात्री की जान जाने या घायल होने की कोई सूचना नहीं है। रेलवे कर्मचारी समय पर पहुंच गए।



### 4 वाहनों में भीषण टक्कर, 4 की मौत

**धर्मपुरी।** तमिलनाडु के धर्मपुरी जिले में थोप्पुर घाट पर भयानक और रोंगटे खड़े कर देने वाली घटना में कम से कम चार लोगों की मौत हो गई। जबकि 8 घायल हो गए, क्योंकि चार वाहन एक-दूसरे से टकरा गए, जिसके परिणामस्वरूप यह हादसा हुआ। तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन ने मृतकों के परिवारों को 2 लाख रुपए और घायलों को 50,000 रुपए का मुआवजा देने की घोषणा की।



### डेढ़ घंटे बंद रहेगा तिलक ब्रिज

**नई दिल्ली।** गणतंत्र दिवस परेड समारोह के मद्देनजर 26 जनवरी को नई दिल्ली में तिलक ब्रिज पर रेल यातायात सुबह 10:30 बजे से दोपहर 12 बजे तक अस्थाई रूप से बंद रहेगा। उत्तर रेलवे ने एक बयान में यह जानकारी दी। इसमें कहा गया है कि तिलक ब्रिज पर रेल यातायात बंद होने कारण कुछ रेलगाड़ियां अस्थाई रूप से रद्द रहेंगी।



### 1.8 मिनट में खत्म कर दिया बजट भाषण

**तिरुवनंतपुरम।** केरल की सीपीआई (एम) के नेतृत्व वाली राज्य सरकार के साथ राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान की तनातनी जारी है। राज्यपाल ने गुरुवार को विधानसभा के बजट सत्र की शुरुआत करते हुए अपने नीतिगत संबोधन को छोटा कर दिया और दो मिनट से भी कम समय में समाप्त कर दिया। सदन में सभी का अभिवादन करते हुए हुए उन्होंने अपना संबोधन शुरू किया।



### देवप्रयाग को जोड़ने के लिए बनेंगे तीन पुल

**देहरादून।** ऋषिकेश से देवप्रयाग तक गंगा नदी के बीच पौड़ी जिले को जोड़ने के लिए तीन और नए पुलों का निर्माण होगा। मुख्य सचिव डॉ. एसएस संधु ने सचिव लोनिवि डॉ. पंकज कुमार पांडेय को इस संबंध में कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। कनेक्टिविटी की सुविधा मिलने से गंगा नदी के पार पौड़ी जिले के हिस्से में पर्यटन और अन्य गतिविधियों को मजबूती मिल सकती है।



## बुलंदशहर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 19 हजार करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण किया और कहा

# बुलंदशहर से पीएम का बुलंद ऐलान कहा-आपके सारे सपने मेरा संकल्प

बुलंदशहर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 19 हजार करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण किया। पीएम मोदी ने कहा कि राम लला की प्राण-प्रतिष्ठा का कार्य संपन्न हुआ अब राष्ट्र प्रतिष्ठा को नई ऊंचाई देने का समय है।

एजेंसी ▶▶ बुलंदशहर

बुलंदशहर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 19 हजार करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण किया। साथ ही बुलंदशहर में दो स्टेशनों से मालगाड़ियों को हरी झंडी दिखाकर डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर पर न्यू खुर्जा-न्यू रेवाड़ी के बीच 173 किलोमीटर लंबी डबल लाइन विद्युतीकृत खंड का शुभारंभ किया। पीएम मोदी ने कहा कि आपके सारे सपने, मेरा संकल्प है। रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा का कार्य संपन्न हुआ अब राष्ट्र प्रतिष्ठा को नई ऊंचाई देने का समय है। हमारा लक्ष्य साल 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है। उन्होंने कहा कि 22 तारीख को अयोध्या धाम में प्रभु श्रीराम के दर्शन हुए और अब यहां जनता जनार्दन के दर्शन का सौभाग्य मिला है।

### पश्चिमी यूपी रोजगार देने वाला प्रमुख केंद्र बना

राष्ट्र प्रतिष्ठा को नई ऊंचाई देने का समय

ग्रेटर नोएडा में बनेगी एकीकृत औद्योगिक टाउनशिप

नैनो यूरिया से खेती की लागत में कमी आएगी



**भारत का पहला नमो प्रोजेक्ट यूपी में**

पीएम मोदी ने कहा कि आज भारत का पहला नमो भारत प्रोजेक्ट पश्चिमी यूपी में ही शुरू हुआ है। यूपी के कई शहर मेट्रो सुविधा से जुड़ रहे हैं। सरकार के प्रयासों से आज पश्चिमी यूपी रोजगार देने वाले प्रमुख सेंटर में से एक बन रहा है। पीएम मोदी ने कहा कि आज यह शहर दुनिया भर के निवेश के लिए तैयार है।

### कल्याण ने रामकाज और राष्ट्रकाज को दिया जीवन

पीएम मोदी ने बुलंदशहर में कल्याण सिंह को याद किया। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र ने देश को कल्याण जी जैसा सपूत दिया है, जिन्होंने रामकाज और राष्ट्रकाज दोनों के लिए अपना जीवन समर्पित किया। आज वो जहां हैं वो अयोध्या धाम को देखकर बहुत आनंदित हो रहे होंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि ये हमारा सौभाग्य है कि देश ने कल्याण सिंह और उनके जैसे अनेक लोगों का सपना पूरा किया है लेकिन अभी भी सशक्त राष्ट्र निर्माण का और सच्चे सामाजिक न्याय का उनका सपना पूरा करने के लिए हमें अपनी गति बढ़ानी है। हमें मिलकर काम करना है। राम लला की प्राण-प्रतिष्ठा का कार्य संपन्न हुआ अब राष्ट्र प्रतिष्ठा को नई ऊंचाई देने का समय है।




### विकसित भारत का निर्माण यूपी के विकास बिना संभव नहीं

पीएम मोदी ने कहा कि पीएम मोदी ने कहा कि हमारा लक्ष्य साल 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाना है। लक्ष्य बड़ा हो तो उसके लिए हर साधन को जुटाना पड़ता है। सबको मिलकर कोशिश करनी पड़ती है। विकसित भारत का निर्माण भी यूपी के तेज विकास के बिना संभव नहीं है। पीएम मोदी ने कहा कि आज पश्चिमी यूपी को विकास के लिए 19 हजार करोड़ रुपए से अधिक के प्रोजेक्ट्स भी मिले हैं। ये प्रोजेक्ट्स रेल लाइन, हाइवे, पेट्रोलियम पाइपलाइन, पानी, सीवेज, मेडिकल कॉलेज से जुड़े हुए हैं।

### किसान हित हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता

पीएम मोदी ने कहा कि डबल इंजन से जुड़ी सरकार ने गन्ना किसानों की समस्याओं को लगातार कम करने की कोशिश की है। हमारी सरकार इथेनॉल बनाने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि किसानों का कल्याण हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। आज सरकार हर किसान के परिवार के चारों ओर एक पूर्ण सुरक्षा कवच बना रही है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि किसानों को उर्वरक मिलता रहे। नैनो यूरिया से खेती की लागत में कमी आएगी।

## राष्ट्रपति ने 75वें गणतंत्र दिवस पर कहा

# महिलाएं ही आने वाले कल को आकार देंगी



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने 75वें गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्र के नाम दिए अपने संबोधन में कहा कि महिलाएं ही आने वाले कल को आकार देंगी। महिला सशक्तिकरण और महिला और पुरुष के बीच समानता अब केवल नारे नहीं रह गए हैं। उन्होंने गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा, 'जब हम गणतंत्र दिवस मनाते हैं, तब एक राष्ट्र के रूप में हमने मिल-जुल कर जो उपलब्धियां प्राप्त की हैं, उनका हम उत्सव मनाते हैं।'

राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि हम सब एक ही हैं, और हम सभी भारतीय हैं. राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि भारत एक गरीब और निरक्षर राष्ट्र की स्थिति से आगे बढ़ते हुए विश्व-मंच पर एक आत्मविश्वास से भरे राष्ट्र का स्थान ले चुका है।

### संविधान का मूल भाव लोकतंत्र

राष्ट्रपति ने कहा कि संविधान की प्रस्तावना 'हम, भारत के लोग', इन शब्दों से शुरू होती है। ये शब्द, हमारे संविधान के मूल भाव अर्थात लोकतंत्र को रेखांकित करते हैं। भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था, लोकतंत्र की पश्चिमी अवधारणा से कहीं अधिक प्राचीन है। इसीलिए भारत को 'लोकतंत्र की जननी' कहा जाता है। हमारा देश स्वतंत्रता की शताब्दी की ओर बढ़ते हुए अमृत काल के प्रारंभिक दौर से गुजर रहा है। यह एक युगांतरकारी परिवर्तन का कालखंड है। हमें अपने देश को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का सुनहरा अवसर मिला है।

### राम मंदिर न्यायिक प्रक्रिया में आस्था का प्रमाण


उन्होंने कहा कि हमारे गणतंत्र की मूल भावना से एकजुट होकर 140 करोड़ से अधिक भारतवासी एक कुटुंब के रूप में रहते हैं। दुनिया के सबसे बड़े इस कुटुंब के लिए, सह-अस्तित्व की भावना, भूगोल द्वारा थोपा गया बोझ नहीं है, बल्कि सामूहिक उल्लास का सहज स्रोत है, जो हमारे गणतंत्र दिवस के उत्सव में अभिव्यक्त होता है। हम सबने अयोध्या में प्रभु श्रीराम के जन्मस्थान पर निर्मित भव्य मंदिर में स्थापित मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा का ऐतिहासिक समारोह देखा। उचित न्यायिक प्रक्रिया और देश के उच्चतम न्यायालय के निर्णय के बाद, मंदिर का निर्माण कार्य आरंभ हुआ। अब यह एक भव्य संरचना के रूप में शोभायमान है। यह मंदिर न केवल जन-जन की आस्था को व्यक्त करता है बल्कि न्यायिक प्रक्रिया में हमारे देशवासियों की अगाध आस्था का प्रमाण भी है।

## हिंदू पक्ष के वकील ने एएसआई रिपोर्ट के हवाले से कहा

# मंदिर अवशेषों पर बनी थी ज्ञानवापी मस्जिद, 32 प्रमाण से हुआ खुलासा

एजेंसी ▶▶ वाराणसी

हिंदू पक्ष के वकील विष्णु शंकर जैन ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारतीय पुरातात्विक सर्वेक्षण (एएसआई) की सर्वेक्षण रिपोर्ट से संकेत मिला है कि ज्ञानवापी मस्जिद वहां पहले से मौजूद एक पुराने मंदिर के अवशेषों पर बनाई गई थी। जैन ने बताया कि एएसआई की 839 पन्नों वाली सर्वेक्षण रिपोर्ट की प्रतियां बृहस्पतिवार देर शाम अदालत द्वारा संबंधित पक्षों को उपलब्ध करा दी गईं। सर्वेक्षण रिपोर्ट से यह स्पष्ट हो गया है कि मस्जिद पूर्व में मौजूद मंदिर को तोड़कर उसके अवशेषों पर बनाई गई थी।



### जदूनाथ सरकार की निष्कर्ष सही

रिपोर्ट में कहा गया है कि वहां 32 ऐसे जगह प्रमाण मिले हैं कि जो बता रहे हैं कि वहां हिंदू मंदिर था। देवनागरी, ग्रंथा, तेलगू, कन्नड़ के पुरालेख मिले हैं। इसके अलावा जनार्दन, रुद्र और विश्वेश्वर के पुरालेख मिले हैं। रिपोर्ट में एक जगह महामुक्ति मंडप लिखा है। ऐसे में जदूनाथ सरकार की निष्कर्ष को सही पाया। 1669 में 2 सितंबर को मंदिर ढहाया गया था। पहले के मंदिर के जो खंभे थे उनका उपयोग मस्जिद के लिए किया।

## कर्नाटक में कांग्रेस को बड़ा झटका

# पूर्व सीएम जगदीश शेट्टार की भाजपा में हुई वापसी

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

कर्नाटक में कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है। विधानसभा चुनाव से पहले भारतीय जनता पार्टी छोड़ने वाले पूर्व सीएम जगदीश शेट्टार की भाजपा में वापसी हो गई है। शेट्टार को कर्नाटक में दबदबे वाली लिंगायत समुदाय का बड़ा नेता माना जाता है। हालांकि, अब तक कांग्रेस छोड़ने की वजह साफ नहीं हो सकी है। शेट्टार ने पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा की मौजूदगी में भाजपा की सदस्यता दोबारा ली। उनके साथ दिल्ली कार्यालय में कर्नाटक भाजपा प्रमुख बीवाई विजयेंद्र और केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव मौजूद रहे।



### इस्तीफे पर जमकर बरसे थे येदियुरप्पा

भाजपा की तरफ से टिकट नहीं मिलने के बाद शेट्टार और लक्ष्मण सवादी ने पार्टी छोड़ दी थी। इसके बाद येदियुरप्पा दोनों ही नेताओं पर जमकर हमलावर हो गए थे। बीते साल अप्रैल में उन्होंने कहा था, 'पार्टी ने शेट्टार और सवादी को हर संभव सभी मौके दिए।

## गणतंत्र दिवस पर उल्लास की रोशनी



गणतंत्र दिवस के अवसर पर मुंबई के छत्रपति महाराज टर्मीनस को तिरंगे के रंग से रोशन किया गया।

## बंगाल में राहुल की न्याय यात्रा से ममता ने बनाई दूरी

# टीएमसी ने कहा अधीर रंजन बोलते हैं भाजपा की भाषा

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

इंडिया ब्लॉक में तनाव के बीच पार्टी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा मेगा रैली के 12वें दिन पश्चिम बंगाल में प्रवेश कर गई है। हालांकि, ममता बेनर्जी ने इससे पूरी दूरी बना रखी है। टीएमसी सुप्रीमो ने कांग्रेस पर निराशा व्यक्त करते हुए दावा किया था कि उन्होंने उन्हें पश्चिम बंगाल में अपनी नियोजित भारत जोड़ो न्याय यात्रा के बारे में भी सूचित नहीं किया। उन्होंने कहा, 'शिष्टाचार के नाते, उन्होंने मुझे यह भी सूचित नहीं किया कि वे बंगाल में यात्रा आयोजित करने जा रहे हैं।' बेनर्जी के फैसले से भाजपा के खिलाफ एकजुट मोर्चा पेश करने के विपक्ष के प्रयासों में बाधा उत्पन्न हुई है।

न्याय भारत यात्रा के बारे में सूचना नहीं दी गई

विपक्ष के प्रयासों को लगा झटका



**चौधरी भाजपा के इशारे पर काम कर रहे**

तृणमूल कांग्रेस नेता डेरेक ओब्रायन ने पश्चिम बंगाल में दोनों पार्टियों के बीच गठबंधन नहीं हो पाने के लिए पश्चिम बंगाल कांग्रेस प्रमुख अधीर रंजन चौधरी को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन के दो मुख्य विरोधी हैं: भाजपा और अधीर रंजन चौधरी। वह भाजपा की भाषा बोलते हैं। इसके साथ ही कहा कि बंगाल में गठबंधन न चल पाने के तीन कारण है। 1. अधीर रंजन चौधरी 2. अधीर रंजन चौधरी 3. अधीर रंजन चौधरी। चौधरी भाजपा के इशारे पर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा, 'आवाज उनकी है, लेकिन शब्द दिल्ली के'।

### भगवान की फोटो दिखाने से पेट नहीं भरता: खरगे

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे तेलंगाना में कांग्रेस की एक बैठक में कहा कि मंदिर और भगवान की फोटो दिखाने से पेट नहीं भरता। जब संकट आता है तो पीएम सब भगवान पर छोड़ देते हैं और उनकी इच्छा बताने लगते हैं। उन्होंने कहा कि, पीएम मोदी की चाल में न फंसें नहीं तो लोकतंत्र बर्बाद हो जाएगा। खरगे ने कहा, 'अब सिर्फ लोगों को भगवान की फोटो दिखाने से पेट नहीं भरता, मेहनत करनी पड़ती है। मेहनत करने के लिए काम करना पड़ता है, रोजगार भी नहीं और महंगाई दिन पर दिन बढ़ रही है, मोदी जी बड़े खुश हैं। वो सब छोड़ देते हैं। सबको बोलते हैं, भगवान की इच्छा। कल के दिन अगर लोग भूखे मर गए, किसान मर गया तो भगवान की इच्छा ही बोलेंगे उसको, उनको आदत है जब संकट आता है तो पाक और चीन का नाम लेने लगते हैं।'

## ठंड से स्कूली बच्चों की मौत

# केके पाठक सहित तीन के खिलाफ परिवाद दर्ज

एजेंसी ▶▶ मुजफ्फरपुर

बिहार में कड़ाके की ठंड पड़ने के बावजूद सभी स्कूल का संचालन लगातार जारी है। दो-तीन दिन पूर्व बिहार के शिक्षा विभाग के अपर सचिव केके पाठक ने एक पत्र जारी कर सभी यह निर्देश कर दिया था कि किसी भी सूरत में स्कूल में छुट्टी नहीं होगी। इसको लेकर बिहार के पटना में डीएम और शिक्षा विभाग के सचिव के के पाठक के बीच विवाद भी चल रहा है।



### सर्दी में बच्चों को बुलाना अपराध

इस मामले को लेकर शिक्षा विभाग बिहार के अपर मुख्य सचिव केके पाठक, संयुक्त सचिव कन्हैया प्रसाद श्रीवास्तव और मुजफ्फरपुर जिला शिक्षा पदाधिकारी अजय कुमार सिंह के खिलाफ अधिवक्ता सुशील कुमार सिंह ने मुजफ्फरपुर के मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी की अदालत में कोर्ट परिवाद दर्ज कराया है। इसमें परिवादी के द्वारा यह आरोप लगाया गया है कि अमानवीय तरीके से इतनी जबरदस्त सर्दी के बावजूद स्कूल को खोल रखना और जबरन बच्चों को बुलाना एक सोची समझी साजिश और यह बड़ा अपराध है।


## खबर संक्षेप

### आर्थिक गलियारा अपग्रेड चीन पाक के साथ राजी



**बीजिंग।** चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने अपनी महत्वाकांक्षी परियोजना- सीपीईसी पर अरबों डॉलर का निवेश किया है। जिनपिंग प्रशासन ने कहा है कि वह चीन-पाक आर्थिक गलियारे को अपग्रेड करने की परियोजना पर एक साथ काम करने को राजी है। आपसी विश्वास को और मजबूत करने के मकसद से फैसला लिया है।

### सऊदी अरब में 72 साल से शराब बैन, अब शुरू



**रियाद।** इस्लामिक देश सऊदी अरब में एक बड़ा बदलाव होने जा रहा है। अब राजधानी रियाद में शराब की पहली दुकान खुलने जा रही है। 72 साल से इस पर बैन लगा था। हालांकि शर्त है कि शराब सिर्फ गैर-मुस्लिम राजनयिकों को ही बेची जाएगी। शराब का मंथली कोटा भी होगा। शराब खरीदने से पहले मोबाइल ऐप के जरिए रजिस्टर करना होगा।

# एंटी-शिप वर्जन का सफल परीक्षण

## फायरपावर से कांपेगा दुश्मन

1. आत्मनिर्भर भारत के तहत एक और सफल शॉट
2. ब्रह्मोस मिसाइल हुई और ताकतवर
3. टारगेट को खत्म करने में सक्षम यह मिसाइल
4. इसकी रेंज 800 किलोमीटर से ज्यादा
5. दुश्मन की नजर में नहीं आती ब्रह्मोस मिसाइल
6. यह मिसाइल हवा में ही रास्ता बदलने में सक्षम

**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना ने उन्नत सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल से भूमि लक्ष्य पर सफलतापूर्वक हमला किया। वायुसेना ने जंगी जहाज से नई ब्रह्मोस मिसाइल का सफल परीक्षण किया। मिसाइल की रेंज और फायर पावर में इजाफा किया गया है। यह लैंड अटैक वर्जन थी। ब्रह्मोस मिसाइल अमेरिका के टोमाहॉक मिसाइल से दोगुना तेज उड़ती है। यह मिसाइल 1200 यूनिट की ऊर्जा पैदा करती है, जो किसी भी बड़े टारगेट को मिट्टी में मिला सकता है।



### केंद्र और शिपबिल्डर्स के बीच 1070 करोड़ के रक्षा सौदे पर सहमति

# केंद्र सरकार का बड़ा कदम... अब अभेद्य होगी समुद्री तटों की सुरक्षा

रक्षा मंत्रालय ने भारतीय समुद्री तट रक्षा सुनिश्चित करने बड़ा कदम उठाया है। स्वदेशी रूप से निर्मित इन आधुनिक शिपों को एमडीएल द्वारा डिजाइन किया जाएगा। जिसे 5 साल की समय सीमा के भीतर भारतीय तट रक्षकों को सौंप दिया जाएगा।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा मंत्रालय ने भारतीय समुद्री तटों रक्षा सुनिश्चित करने के लिए 14 तेज गति से निगरानी करने वाले शिप के लिए मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड के साथ 1,070 करोड़ रुपए के समझौते पर हस्ताक्षर किया। स्वदेशी रूप से निर्मित इन आधुनिक शिपों को एमडीएल द्वारा डिजाइन, विकसित किया जाएगा, जिसे पांच साल की समय सीमा के भीतर भारतीय तट रक्षकों को सौंप दिया जाएगा। विभिन्न अत्याधुनिक सुविधाओं और उपकरणों के अलावा एफपीवी बहुउद्देशीय ड्रोन, वायरलेस रूप से नियंत्रित रिमोट वॉटर रेस्क्यू क्राफ्ट लाइफबॉय और एआई क्षमता से लैस होंगे। इससे भारतीय तटरक्षकों को चुनौतियों का सामना करने में मदद और परिचालन में आसानी होगी।

**खास बातें**

- पांच वर्षों के भीतर सौंपा जाएगा यह आधुनिक शिप
- तटरक्षकों को नई चुनौतियों का सामना करने में मिलेगी मदद

**शक्तिशाली**

समुद्री प्रदूषण के निपटान में सहायता और निगरानी में मजबूत भूमिका

बहुउद्देशीय ड्रोन, वायरलेस और एआई क्षमता से लैस



**तटरक्षा की क्षमता को बढ़ावा**

*इन शिपों (एफपीवी) के अधिग्रहण का उद्देश्य भारतीय तटरक्षा की क्षमता को बढ़ावा देना और समुद्री सुरक्षा को मजबूत करना है। बता दें कि करीब एक महीने पहले भारतीय तटरक्षक बल के लिए आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस से युक्त अगली पीढ़ी के 6 अपतटीय गश्ती जहाजों के अधिग्रहण के लिए रक्षा मंत्रालय द्वारा एमडीएल के साथ 1,614 करोड़ रुपए के समझौते पर हस्ताक्षर किया गया था। इस तरह यह सौदा आत्मनिर्भर भारत को भी बढ़ावा देगा।*

**एंटी-पाइरेसी ऑपरेशन में मददगार**

ये शिप (एफपीवी) मत्स्य पालन संरक्षण और निगरानी, नियंत्रण और निगरानी, तस्करी विरोधी अभियान, खोज और बचाव अभियान,संकट में जहाज या शिल्प को सहायता, टोइंग क्षमताओं,एंटी-पाइरेसी ऑपरेशन, समुद्री प्रदूषण के निपटान में सहायता और निगरानी को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका होगी।

### गणतंत्र दिवस से पहले बड़ा आतंकी हमला नाकाम

सेना की मुस्तैदी से टल गया बड़ा आतंकी हमला

# सेना ने पुलवामा में डिफ्यूज किया जिंदा आईईडी बम

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



भारतीय सुरक्षाबलों को जम्मू-कश्मीर के पुलवामा सेक्टर में बड़ी कामयाबी मिली है। सुरक्षा बलों ने एक आईईडी को डिटेक्ट किया और उसे बम निरोधक दस्ते की मदद से डिफ्यूज भी कर दिया। अतंकियों ने इस आईईडी को भारतीय सेना को निशाना बनाते हुए प्लांट किया था। आगामी गणतंत्र दिवस से पहले आतंकियों की प्लानिंग भारतीय सेना को निशाना बनाने की थी।

सुरक्षा बलों की मुस्तैदी के चलते एक बड़ी आतंकी घटना को टालने में मदद मिली। सेना इस वक्त इलाके में सर्च ऑपरेशन चला रही है ताकि आतंकियों के बारे में जानकारी जुटाई जा सके। केंद्र सरकार कश्मीर में आतंकवाद को लेकर जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है।

**दो सप्ताह पहले भी हुआ था आतंकी हमला**

*इससे पहले 12 जनवरी को जम्मू कश्मीर के पुंछ सेक्टर में भारतीय सेना के वाहन पर आतंकियों द्वारा हमला किया गया था। पुंछ के खनेतर क्षेत्र में आतंकवादियों ने सेना के वाहनों पर घात लगाकर हमला किया। जिसके बाद जवानों ने जवाबी फायरिंग की। इससे पहले राजौरी के डेरा की गली में दो सैन्य वाहनों पर घात लगाकर किए गए हमले में चार सैनिक मारे गए और पांच अन्य घायल हो गए थे।*

## पाक को भारत का जवाब, यह झूठा प्रचारः विदेश मंत्रालय

विदेश मंत्रालय ने पाकिस्तान के बयान पर करारा जवाब दिया है, जिसमें उसने सियालकोट में दो आतंकियों की हत्या में भारतीय एजेंटों के शामिल होने का झूठा आरोप लगाया था। मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि पाक की मीडिया रिपोर्ट्स देखी है। यह पाक का फर्जी प्रचार है। पूरी दुनिया जानती है कि पाक आतंक, संगठित अपराध और अवैध सीमापार गतिविधियों का केंद्र रहा है। भारत ने चेताया है कि उसे आतंकवाद की खेती को काटना पड़ेगा। खुद के कुकर्मों का दोषारोपण दूसरे पर न करे।

### स्मारक में प्रतीक चिन्हों को देखते हुए




**मुंबई।** ताज महल पैलेस होटल में 26/11 के पीड़ितों के स्मारक के दौरे के दौरान संयुक्त राष्ट्र महासभा के अध्यक्ष डेनिस फ्रांसिस संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज के साथ।

गृहमंत्री शाह ने दिखाई हरी झंडी

# जम्मू में चलेंगी 100 ई-बसें

## स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने खर्च किए 950 करोड़

एजेंसी ▶▶ जम्मू

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने गुरुवार को वर्चुअल मोड से जम्मू में ई-बसों को हरी झंडी दिखाई। यह कार्यक्रम जम्मू कन्वेंशन सेंटर में आयोजित किया गया। स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने 100 ई-बसों को जम्मू में चलाने के लिए लगभग 950 करोड़ रुपए खर्च किए हैं। यह बसें जम्मू में 11 रूटों पर दौड़ेंगी। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, केंद्रीय मंत्री महेंद्र नाथ, सांसद जुगल किशोर शर्मा, राज्यसभा सांसद गुलाम अली उपस्थित रहे। इसके अलावा दिल्ली से संयुक्त सचिव भी जम्मू पहुंचे।

**हर 20 मिनट पर मिलेगी बस सुविधा**



ई-बस का फायदा यह है कि बस हर बीस मिनट बाद आएगी और रात 11 बजे तक इसकी सुविधा मिलेगी। इससे लोगों को काफी राहत मिलेगी। जम्मू शहर में मेटाडोर रात 8 बजे तक की चलती है। ऑटो चालकों के मनमाने किराये से भी निजात मिलेगी। बता दें कि बस में किसी की तबीयत बिगड़ने पर स्वास्थ्य सुविधा भी मिलेगी। इतना ही नहीं चोरी होने या फिर छेड़छाड़ होने पर चालक के माध्यम से कॉल नजदीकी पुलिस स्टेशन में की जाएगी। बसें सीसीटीवी कैमरों से लैस होंगी।

पाक में चुनाव प्रचार जोरों पर

# नवाज शरीफ की रैली में समर्थक ले आए असली शेर



एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

पाकिस्तान में 8 फरवरी को आम चुनाव के लिए मतदान होगा। ऐसे में राजनीतिक पार्टियां जोर-शोर से चुनाव प्रचार में जुटी हैं। नवाज शरीफ की रैली में पीएमएलएन समर्थक असली शेर ही ले आए। इसकी पूरी दुनिया में चर्चा हो रही है। पाकिस्तान के लाहौर में नेशनल असेंबली 130 पर शरीफ की पार्टी ने विशाल रैली का आयोजन किया।

## भारत और इजराइल के बीच निर्विवाद कारोबार पर जोर

# इजराइल नए तरीके से हूतियों को चखाएगा मजा, प्लान तैयार

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इजराइल और हमास में जंग जारी है। इसी बीच हमास के समर्थित यमन के हूती विद्रोही इजराइल जाने वाले कारोबारी जहाजों पर निशाना बना रहे हैं। ऐसे में इजराइल ने भारत से कारोबार जारी रखने नई तरकीब निकाली है। इससे इजराइल से यमन के पास लाल सागर से आने जाने वाले जहाजों में लदे माल को हूती विद्रोहियों से कोई खतरा नहीं होगा। हूतियों के इजराइली जहाजों पर हमलों के बीच इजराइल अब भारत के साथ व्यापार के लिए यूएई के माध्यम से माल परिवहन करने की योजना पर काम कर रहा है।



**हूतियों ने अमेरिकी जहाज पर दागीं मिसाइलें**

समुद्र में हूती विद्रोहियों के हमले रुकने का नाम नहीं ले रहे हैं। एक बार फिर हूती विद्रोहियों ने अमेरिकी जहाज को निशाना बनाने की कोशिश की। उन्होंने एक के बाद एक 3 मिसाइलें दागीं। हमले की यह कोशिश नाकामयाब रही। अमेरिकी शिप ने 24 जनवरी की दोपहर 2 बजे अदन की खाड़ी को पार किया। इस शिप पर अमेरिका का झंडा लगा हुआ था। अचानक शिप की तरफ एक के बाद एक 3 बैलिस्टिक मिसाइलें आईं। एक मिसाइल समुद्र में गिरी। दो मिसाइलों को अमेरिकी मिसाइल रोधी प्राणाली ने मार गिराया।



फटे हाल पाक का 3 देशों को खुला चैलेंज

# आर्मी चीफ बोले- एक साथ तीन देशों को मिटाने की रखते हैं क्षमता

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पड़ोसी देश पाकिस्तान की आर्थिक स्थिति से हर कोई वाकिफ है। इसके बाद भी पाकिस्तान वेबजह की बयानबाजी कर रहा है। ऐसा पहली बार हुआ है, जब पाकिस्तान के आर्मी चीफ आसिम मुनीर ने एक साथ तीन मुल्कों को धमकी दे डाली है। इन तीन देशों में भारत के साथ ईरान और अफगानिस्तान शामिल हैं। ईरान द्वारा हाल ही में पाकिस्तान पर की गई सर्जिकल स्ट्राइक के चलते दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ गया था। जानकारों के मुताबिक अफगानिस्तान, ईरान और भारत की नजदीकियों की वजह से पाकिस्तानी सेना बौखलाई हुई है।



**3 तरफ से घिरा पाकिस्तान**

*अफगानिस्तान की तालिबानी सरकार पाकिस्तानी सेना पर सीधा हमला करने को तैयार बैठी है। ईरान, पाकिस्तान में घुसकर हमला कर चुका है, भारत के खौफ से पाकिस्तानी सेना पहले ही कांप रही है। ऐसे हालात में पाकिस्तान के आर्मी चीफ आसिम मुनीर का ये बयान साफ दिखाता है, कि पाक अब तीन तरफ से घिर चुका है। छात्रों से बातचीत में मुनीर ने कहा कि बात जब देश की सुरक्षा की होती है तो प्रत्येक पाकिस्तानी हमारे लिए अफगानिस्तान से ज्यादा अहम है। हमनें 50 लाख अफगानियों को 50 साल तक खाना दिया, लेकिन अगर हमारे बच्चों की बात आएगी तो जो हमला करेंगे हम उनके पीछे जाएंगे और मिटा देंगे।*





75th Happy Republic Day
26th JANUARY 2024
Remembering the sacrifice of our great heroes, who laid down their lives for the freedom of the country.
St. Joseph's Co-Ed School
E-6, Arera Colony, Bhopal

ST. GEORGE GROUP OF SCHOOLS WISHES YOU
A VERY PROUD AND HAPPY 75TH REPUBLIC DAY
CBSE AFFILIATED
HOSTEL
ADMISSION OPEN
ENGLISH MEDIUM
CALL:+91- 91311 91243, 70497 75985
ST. GEORGE SR. SEC. SCHOOL — OPP. BMHRC, NEAR PEOPLE'S HOSPITAL KAROND, BHOPAL
ST. GEORGE HR. SEC. SCHOOL — HOUSING BOARD COLONY KAROND, BHOPAL
ST. GEORGE INTERNATIONAL SCHOOL — DEEWANGANJ, VIDISHA - BHOPAL HIGHWAY, RAISEN
ST. GEORGE INSTITUTE OF PHARMACY — DEEWANGANJ, VIDISHA - BHOPAL HIGHWAY, RAISEN

LIC HFL
LIC HOUSING FINANCE LTD
HOME LOAN
Begin you home-boying journey with LIC HFL home loans, starting at 8.35% interest rate
@ 8.35%*
UP TO 15Cr.
- LOWEST INTEREST RATE
- APPROVAL WITHIN 24 HOURS
- FLEXIBLE EMI
Home Loan Counsellor
9827224121, 9303067869
समस्त देशवासियों को राष्ट्रीय महापर्व गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
ARSHAD KHAN

SAM GLOBAL UNIVERSITY Bhopal
We educate our students to work for our Nation
Wisdom comes not from age but from Education & Learning
Happy 75th Republic Day
Courses Offered
Agriculture | Ayurveda
Arts & Humanities | Commerce
Education | Engineering | IT
Journalism | Law | Library Science
Management | Nursing | Paramedical
Pharmacy | Sciences
Website: www.samglobaluniversity.ac.in
Bilkhiriya, Raisen Road, Bhopal
Helpline No.: 96445 53399

SHEELA AD-MAKERS
A UNIT OF SHEELA GROUP
47, Gurmandi Daliganj, Lucknow
शीला एड मेकर्स
गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ
झंडा, बैनर, स्टीकर, प्लास्टिक, बिल्ला पोस्टर, हैंडबिल, टोपी, टी-शर्ट, फटका, मफलर, फॉम बैनर, फ्लैक्स प्रिंटिंग
अजय अग्रवाल
चुनाव प्रचार सामग्री के निर्माता एवं विक्रेता
139, मालवीय नगर, पत्रकार भवन के सामने, भोपाल (म.प्र.)
जीवी 3, ग्राउण्ड फ्लोर, मानसरोवर काम्प्लेक्स, निकट बीजेपी कार्यालय, भोपाल
Mobile : 9301020777, 8889120777
Website: www.sheelaadmakers.com, Email : sheelaadmaker@gmail.com

Wish You Happy Republic Day
जागृति उ.मा.विद्यालय एवं ग्रीन वैली इंग्लिश मिडियम स्कूल
गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर आइये हम सब संकल्प ले म.प्र. को आदर्श प्रदेशबनायें। सभी देशवासियों को हार्दिक-हार्दिक बधाई।
एल.पी. गड़ेकर संचालक
स्वदेश नगर, अशोका गार्डन, भोपाल 9424439911

Wish You Happy Republic Day
जी.बी. पंत हा.से. स्कूल
गणतंत्र दिवस के पावन पर्व पर सभी विद्यार्थियों, पालकों तथा देशवासियों को जी.बी. पंत परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं
महेश साहू जी प्राचार्य
परिहार जी संचालक
स्वदेश नगर, पुलिस स्टेशन के पास, अशोका गार्डन, भोपाल

SUMAN SAURABH HIGHER SECONDARY SCHOOL
Ist to 12th Hindi & English Medium
Happy Republic Day
LIBRARY
SCIENCE LAB
GAMES & SPORTS
COMPUTER LAB
TEACHING METHODOLOGY
FIRDOS NAGAR, BERASIA ROAD, BHOPAL (M.P.) PH. : 0755-2733335
Email : sumanhss@sancharnet.in

Recognized by State Govt. An ISO 9001:2015 Certified School
SURAJ PREMIER CONVENT HR. SEC. SCHOOL
An International Standard School
CBSE Patter Education
HAPPY REPUBLIC DAY
Admission Open
A PREMIER INSTITUTE OF EDUCATION
AN ENGLISH MEDIUM SCHOOL ONLY
Principal / Director - M.: 9981690587, 9630110986
Main Road, Shiv Nagar, Bhopal ( M.P)

मौर्य कान्वेंट हायर सेकेण्डरी स्कूल
की ओर से गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं
(आर्ट्स, बायो, मेथ, कामर्स एवं कम्प्यूटर्स)
नर्सरी से 12वीं तक
हिंदी एवं अंग्रेजी माध्यम
भानपुर बाय पास रोड, करोंद, भोपाल
मो.: 9893284487

चित्रांश के.डी.मेमो.हा.से.स्कूल
अंग्रेजी/हिन्दी माध्यम (संकाय-कॉमर्स, कॉमर्स कम्प्यूटर, कॉमर्स मैथ्स, बायो साइन्स, मैथ्स साइन्स एवं आर्ट्स)
समस्त देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
आर.टी.ई. के तहत राशन कार्ड या जाति प्रमाण पत्र से निःशुल्क शिक्षा
ऑनलाईन क्लास
अल्पसंख्यक छात्रों को छात्रवृत्ति
विशेषताएं
1. संस्था को 33 वर्षो का अनुभव
2. स्मार्ट क्लास 3. वेन सुविधा
4. सम्पूर्ण उपकरणों सहित कम्प्यूटर एवं विज्ञान प्रयोगशाला
बी-8, सुभाष कालोनी, चर्च के सामने, भोपाल
Mob. : 9630130051, 9039364436
website : chitranshschool.com

BHOPAL ACADEMY
CO-ED HIGHER SECONDARY SCHOOL
Admission Open 2024-25
Small Wonder World Play School
(Run By: Shiv Deep Shiksha Avam samaj kalyan samiti)
" A Perfect System For Complete School Education "
NURSERY TO STD 12th
26 January Republic Day
Office Timing: 9 am to 2 pm
BHOPAL ACADEMY CO-ED HIGHER SECONDARY SCHOOL
(RUN BY : SHIV DEEP SHIKSHA AVAM SAMAJ KALYAN SAMITI)
Naveen Nagar, 80 Feet Road, Near Bhopal Railway Station, Bhopal-462010, Phone : 0755-4255599

# 26 जनवरी गणतंत्र दिवस विशेषांक
















































# मिट्टी को सांसें अर्पित करती हूं, सरहद पर रहने वालों...तुमको सारे गीत समर्पित करती हूं....

गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर बही राष्ट्रभक्ति की सरिता, राष्ट्रीय कवि प्रदीप सम्मान अलंकरण और अखिल भारतीय कवि सम्मेलन सम्पन्न





हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल


मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग द्वारा गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर 25 जनवरी, 2024 को राष्ट्रीय कवि प्रदीप सम्मान अलंकरण और अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन अंजनी सभागार, रवीन्द्र भवन में किया गया। इस अवसर पर संचालक संस्कृति शअदिति कुमार त्रिपाठी विशेष रूप से उपस्थित रहे, साथ ही सहायक संचालक-संस्कृति संचालनालय वंदना जैन भी उपस्थित रहीं। संचालक संस्कृति द्वारा आमंत्रित सभी कवियों का स्वागत पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया।

## गुरु सक्सेना को कवि प्रदीप सम्मान से नवाजा

कार्यक्रम में सर्वप्रथम राष्ट्रीय कवि प्रदीप सम्मान-वर्ष 2022 अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। यह प्रतिष्ठित सम्मान गुरु सक्सेना (सांड नरसिंहपुरी) को प्रदान किया गया। उन्हें सम्मान स्वरूप शॉल, श्रीफल, प्रशस्ति पत्र एवं रुपए पांच लाख की राशि प्रदान की गई। इस अवसर पर प्रशस्ति वाचन वंदना जैन ने किया। इस अवसर पर गुरु सक्सेना ने कहा कि मैं हर्षित और गर्वित हूं की मुझे मध्यप्रदेश शासन ने सम्मानित किया और संस्कृति विभाग का सदैव आभारी रहूंगा। अलंकरण समारोह का संचालन वरिष्ठ कला समीक्षक विनय उपाध्याय ने किया।

## अरुण जैमिनी ने जीता श्रोताओं का दिल

अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का संचालन कवि संदीप शर्मा, धार ने किया। सर्वप्रथम कवयित्री सरिता शर्मा, दिल्ली ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। युवा कवि सुमित मिश्रा, ओरछा ने अपनी कविता 'आस्था के पुण्य पियूष धाम की कहानी, शब्द-शब्द प्रेरणा श्री राम की कहानी' पढ़ी। अगले क्रम में दीपिका माही, उदयपुर ने कविता पाठ किया। उन्होंने पढ़ा 'मिट्टी को ये सांसें अर्पित करती हूं, खुद का इंसा होना गर्वित करती हूं, सरहद पर रहने वालो, तुमको अपने सारे गीत समर्पित करती हूं'। तेजनारायण शर्मा, ग्वालियर ने पढ़ा 'सड़क रास्ते जाम कराकर, जलवा अपने नाम कराकर, सभी मसीहा लौट चुके हैं, शहर में कत्ल-ए-आम कराकर', डॉ. सरिता शर्मा, दिल्ली ने पढ़ा 'जय भारती जय हिन्द हरेक जन कहे सदा, गंगो जमन की धार पावन बहे सदा, हमको वतन पे जान लुटाने का शौक है, हम हों न हों हमारा तिरंगा रहे सदा'। अंत में कवि अरुण जैमिनी ने 'मिल के जीवन से उम्र हम तमाम करते हैं, दर्द को भूलने का इंतजाम करते हैं' कविता पढ़कर उपस्थित श्रोताओं का दिल जीत लिया। सुंदर शब्दों का यह सुखद सिलसिला देर रात तक चला और राष्ट्रभक्ति की बयार में हर एक साहित्यप्रेमी डूब गया।





### सैर-सपाटा पर दिखी प्रदेश की संस्कृति की झलक

# 'श्री अन्न' से महका फूड एंड क्रॉफ्ट मेला लुभा रही झाबुआ की गुड़िया, वुडन तोप

## तिल और कोदो के लड्डुओं का स्वाद लेकर खरीदे डेकोरेटिव आयटम्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

श्री अन्न से तैयार कोदो चावल, कुटकी, देसी धान चावल, तिल के लड्डू, कोदो के लड्डू के साथ ही वुडन से बनी तोप, लैंप, टेराकोटा के बने होम डेकोरेटिव आयटम्स और झाबुआ की पारंपरिक गुड़िया.. प्रदेश के अलग अलग अंचलों की शोभा बढ़ाते यह आयटम्स देखने को मिले सैर- सपाटा पर फूड एवं क्राफ्ट मेले में, जिन्हें प्रदेश के अलग अलग अंचलों से आए क्राफ्ट मैन ने एग्जीबिट किया। मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा राष्ट्रीय पर्यटन दिवस के मौके पर गुरुवार को मोटे अनाज या श्री अन्न से तैयार व्यंजनों के तथा ऑर्ट एंड क्राफ्ट के स्टॉल लगाये गए जिसमें प्रदेश की संस्कृति झलकाते एक से बढ़कर एक प्रोडक्टस देखने को मिले। इसके साथ ही कार्यक्रम के अंतर्गत शुभंकर एवं लघु फिल्म निर्माण प्रतियोगिता के विजयी उम्मीदवारों को पुरस्कार वितिरत किए गए।



इस मेले में चंबल के रागिनी फाउंडेशन शिवपुरी से आई शगुफ्ता वुडन क्राफ्ट के एक से बढ़कर एक आइटम लेकर आई हैं, जिसमें खास रूप से वुडन की तोप ने लोगों का ध्यान आकर्षित किया, 300 रुपए की इस तोप में बेहद ही महीन काम किया गया है। वहीं इस स्टॉल पर खिलौने, लैंप, बैंगल्स और फ्लावर पॉट भी खास रूप से देखे जा सकते हैं। बाग प्रिंट से डिजाइनड डेसेस के साथ झाबुआ की गुड़िया निमाड़ अंचल से वसुधा विकास संस्था की जया चोपड़ा जहां एक ओर धार के बाग व बटिक प्रिंट से डिजाइन डेसेस का खास कलेक्शन लाई हैं जिसमें बाग प्रिंट से डिजाइन्ड रनिंग मैटेरियल, सूट पीसेस और बेडशीट के साथ ही उन्होंने झाबुआ की पारंपरिक गुड़िया को भी इस प्रदर्शनी में प्रस्तुत किया गया है।

### महुआ के लड्डू के साथ महुआ का चूर्ण है खास

वहीं बघेलखंड से चंद्रावती सिंह मोटे अनाज और जैविक खाद से संबंधित उत्पादों को अपने स्टॉल पर डिस्प्ले किया, उनके स्टाल पर कोदो चावल, कुटकी, देसी धान चावल, तिल के लड्डू, महुआ के लड्डू, महुआ का चूर्ण, कोदो के लड्डू और महुआ का लाटा प्रमुख रूप से लाया गया है। इसके अतिरिक्त जैविक खाद को भी वो लाए हैं।

### वोकल फॉर लोकल में गर्ल्स की पहली पसंद हैंडमेड बैग्स

महाकौशल मालवा क्षेत्र से रुद्राक्षी दीक्षित ने टेराकोटा के होम डेकोरेटिव आइटम के साथ-साथ कैनवास बैग, वुडन से तैयार शुभ लाभ, कॉटन बैग, लैपटॉप बैग, हैंड पर्स को अपने स्टॉल पर डिस्प्ले किया। रुद्राक्षी कहती हैं कि अब चूंकि वोकल फॉर लोकल का जमाना है ऐसे में गर्ल्स इस तरह के बैग कैरी करना ज्यादा पसंद करती हैं।








# यूएसए के मंच पर दिखी भारतीय संस्कृति की छवि


## भोपाल की फैशन डिजाइनर रखशां की डिजाइन ड्रेसेस की यूएसए के विक्टोरियन स्टाइल फैशन शो में धूम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कहते हैं फैशन कहीं भी किसी भी देश और शहर में एक सा नहीं रहता और हर एक देश का फैशन अलग है, लेकिन भारतीय फैशन का जलवा जब यूएसए की जमीं पर दिखाई दे तो क्या कहना। कुछ ऐसा ही काम किया है भोपाल की फैशन डिजाइनर रखशां शमीम जाहिद ने, रखशां के ब्रांड तराश के द्वारा डिजाइनड ड्रेसेस में यूएसए में आयोजित विक्टोरियन स्टाइल फैशन शो मॉडल्स ने रैंप वॉक में प्रस्तुत किया। इन ड्रेसेस को अंतर्राष्ट्रीय मंच पर पहुंचाने में हाउस आफ फैशन बॉय स्मिता का भी विशेष योगदान है।









### गरारा-शरारा के साथ क्रॉप टॉप विद लहंगे में मॉडल्स ने की रैंप वॉक

रखशां ने बताया कि इन ड्रेसेस में इंडियन कल्चर की झलक साफ नजर आती है, जहां ड्रेस के पैटर्न में क्रॉप टॉप विद लहंगा है, गरारा-शरारा के डिजाइन शामिल है, तो वहीं कुर्ती में काफ्तान पैटर्न और वन शोल्डर कुर्ता विथ प्लाजो में मॉडल्स ने यूएसए के मंच पर भारत की संस्कृति की झलक बिखेरी। वहीं इन डिजाइनर ड्रेसेस के फैब्रिक में बनारसी, सिल्क, क्रेप और ब्रोकेड वर्क के साथ ही कॉटन का प्रयोग किया गया है।

# अंतरराष्ट्रीय महिला काव्य मंच की मासिक गोष्ठी में सुनाईं देशभक्ति की रचनाएं

*अंतरराष्ट्रीय महिला काव्य मंच नरेश नाज द्वारा स्थापित संस्था का आयोजन*



**भोपाल।** अंतर्राष्ट्रीय महिला काव्य मंच नरेश नाज़ द्वारा स्थापित संस्था की गोष्ठी गुरुवार को आयोजित की गई। मुख्य अतिथि श्यामा गुप्ता थीं।
वरिष्ठ नागरिक मंच की अध्यक्ष जया आर्य एवं मंच की सचिव रजनी यादव विशिष्ट अतिथि रहीं। सब बहनों ने देशभक्ति और नए साल पर सुंदर रचनाएं प्रस्तुत की। महिला काव्य मंच की अध्यक्ष सुनीता केसवानी ने स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत किया।
जिन बहनों ने सुंदर रचनाएं प्रस्तुत की उनमें करुणा दयाल, शकुंतला कालिया, शेफालिका श्रीवास्तव, निधि गुप्ता थीं। अंत में सुनीता केसवानी ने सबका आभार व्यक्त किया।

## भोजपुर क्लब में रॉयल राजपूताना क्लब की महिलाओं का पोस्ट मकर संक्रांति सेलिब्रेशन





भोपाल। भोजपुर क्लब में रॉयल राजपूताना क्लब की महिलाओं के द्वारा पोस्ट मकर संक्रांति सेलिब्रेशन का आयोजन किया गया, इस सेलिब्रेशन में ग्रुप की करीब 30 महिलाओं ने शिरकत की और हल्दी कुमकुम के साथ-साथ डांस म्यूजिक और मस्ती की धूम मचाई। ग्रुप की हेड शिवा राजे सिसोदिया नीलम सिंह ने कहा कि इस तरह के आयोजन हम हमेशा से करते रहे हैं, जिसका उद्देश्य एक दूसरे को त्यौहार की बधाई देना है और गेट टूगेदर भी है।




# युवा पीढ़ी रामचरित मानस का गहन अध्ययन करेः कुलपति प्रो. सुरेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

- *साहित्य के स्त्रोत हैं राम : प्रो. संजीव शर्मा*
- *पत्रकारिता विश्वविद्यालय में 'रामाख्यान' का समापन*



माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय में तीन दिवसीय 'रामाख्यान' का समापन हो गया। इस अवसर पर संचार के सूत्र विषय पर महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो.(डॉ.) संजीव कुमार शर्मा ने अपने विचार व्यक्त किए। इ अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) के.जी. सुरेश ने की। प्रो. सुरेश ने युवा पीढ़ी को रामचरित मानस का गहन अध्ययन करने की बात कही। साथ ही कहा कि हमें कब,कहां, कैसे और क्या बोलना है, ये सीखना बहुत जरूरी है। वहीं महात्मा गांधी केंद्रीय विवि के पूर्व कुलपति प्रो. संजीव कुमार शर्मा ने समाज विज्ञान को संचार का एक रूप बताया। प्रो. शर्मा ने शिव-पार्वती, राम-जटायु संवाद आदि कई उदाहरण दिए। प्रो.शर्मा ने रामचरित की प्रशंसा की तो वहीं राम को साहित्य का स्त्रोत बताया। संचालन एवं संयोजन प्रो. गिरीश उपाध्याय ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन जनसंचार विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. आरती सारंग ने किया।

### तिरंगे और कमल के साथ दिखाई अनेकता में एकता

# किचन नाइफ से बना डाली गणतंत्र दिवस के लिए पेंटिंग

**भोपाल ।** भोपाल की कलाकार नवाब जहां बेगम ने किचन नाइफ यानी सब्जी काटने वाली छुरी से एक अनोखी पेंटिंग गणतंत्र दिवस के लिए तैयार की है। करीब एक महीने में तैयार हुई इस पेंटिंग के बारे में उन्होंने बताया कि यह पेंटिंग सिर्फ गणतंत्र दिवस के लिए तैयार की जा रही है, अनेकता में एकता का संदेश देती इस पेंटिंग में ऐसा पहली बार होगा कि प्रदेश की ट्राइबल आर्ट को भी नाइफ से ही पेंट किया है। इस पेंटिंग में तिरंगे के रंग में रंगा कमल को दिखाया गया है। क्योंकि 26 जनवरी 1950 को ही कमल को राष्ट्रीय फूल का दर्जा दिया गया।



### यह बहुत चैलेंजिंग

नवाब ने बताया कि नाइफ से पेंटिंग करना अपने आप में एक बड़ा चैलेंज होता है, पैलेंट नाइफ से आम तौर पर कई कलाकार पेंटिंग करते हैं मगर किचन नाइफ से काम करना काफी मुश्किल होता है। इस पेंटिंग में अगर सबसे बड़े चैलेंज की बात की जाए तो, ट्राइबल आर्ट को नाइफ से पेंट करता है। जो कि सबसे मुश्किल काम है

# आस्ट्रेलियन ओपन : बोपन्ना पहला ग्रैंडस्लैम खिताब से एक जीत दूर, फाइनल में बनाई जगह

एजेंसी ▶▶| मेलबर्न

रोहन बोपन्ना पहला ग्रैंडस्लैम खिताब अपने नाम करने से अब बस एक जीत दूर है जिन्होंने आस्ट्रेलिया के मैथ्यू एबडेन के साथ यहां आस्ट्रेलियाई ओपन पुरुष युगल फाइनल में प्रवेश कर लिया। दूसरी वरीयता प्राप्त बोपन्ना और एबडेन की जोड़ी ने थॉमस माचाक और झांग झिंझेन की जोड़ी को गुरुवार को तनावपूर्ण सेमीफाइनल में 6-3, 3-6, 7-6 (10-7) से हराया।

करीब दो घंटे तक चले मैच में सुपर टाइ ब्रेकर्स में उनका अनुभव काम आया। झांग विश्व रैंकिंग में 54वें और माचाक 75वें स्थान पर हैं। दोनों एकल रैंकिंग में शीर्ष 100 में होने के साथ बेहद शानदार खिलाड़ी हैं और उन्होंने बोपन्ना तथा एबडेन को कड़ी चुनौती दी। एक दिन पहले ही बोपन्ना ने विश्व युगल रैंकिंग में शीर्ष स्थान सुनिश्चित किया था।

### सिमोन-आंद्रिया से होगा सामना

बोपन्ना ने मैच में दमदार सर्विस और स्ट्रोक्स का प्रदर्शन किया। वह 2013 और 2023 में अमेरिकी ओपन फाइनल में पहुंचे हैं लेकिन ग्रैंडस्लैम खिताब नहीं जीत सके। अब 43 वर्ष की उम्र में वह अपना यह सपना पूरा करने से एक जीत दूर हैं। बोपन्ना और एबडेन का सामना अब इटली के सिमोन बोलेली और आंद्रिया वावास्सोरी से होगा जिन्होंने जर्मनी के यानिक हांफमैन और डोमिनिक कोफेर को 6-3, 3-6, 7-6 से हराया।

### युगल सेमीफाइनल में माचाक-झिंझेन को 6-3, 3-6, 7-6 (10-7) से हराया




*'सर्किट पर हमने कई सुपर टाइब्रेकर खेले हैं। हमारे प्रतिद्वंद्वियों का रिटर्न बेहतरीन था जिससे हमें सर्विस मजबूत रखनी थी। एबडेन के साथ मेरा तालमेल अच्छा रहा है।'*

**रोहन बोपन्ना**

*'मैं बहुत खुश हूं। घरेलू दर्शकों के सामने जीतना खास रहा। प्रतिद्वंद्वी काफी खतरनाक थे। युगल विशेषज्ञों का सामना एकल विशेषज्ञों से था और दर्शकों को मजा आया होगा। हम काफी मेहनत कर रहे हैं और अब एक मैच बाकी है।'*

**मैथ्यू एबडेन**



### सबालेंका ने गॉफ को हराया

गत चैंपियन एरिना सबालेंका ने गुरुवार को यहां कोको गॉफ को हराकर अमेरिकी ओपन फाइनल में हार का बदला चुकता किया और सेरेना विलियम्स के बाद लगातार दो बार ऑस्ट्रेलियाई ओपन के फाइनल में जगह बनाने वाली पहली महिला खिलाड़ी बनीं। सबालेंका ने सेमीफाइनल में गॉफ को 7-6, 6-4 से हराया। शनिवार को होने वाले फाइनल में सबालेंका की भिड़ंत झेंग किनवेन से होगी। झेंग पहली बार किसी ग्रैंडस्लैम के फाइनल में खेल रही हैं। पिछले साल यहां खिताब जीतने वाली सबालेंका मेलबर्न पार्क पर लगातार 13 मैच जीत चुकी हैं। सेरेना ने 2015, 2016 और 2017 में लगातार तीन साल ऑस्ट्रेलियाई ओपन के फाइनल में जगह बनाई थी।

## टेस्ट : टीम इंडिया ने एक विकेट पर बनाए 119 रन

# अश्विन और जडेजा भारत की सबसे सफल जोड़ी, इंग्लैंड 246 रन पर ढेर

एजेंसी ▶▶| हैदराबाद

भारतीय स्पिन तिकड़ी ने इंग्लैंड की 'बैजबॉल' रणनीति को बेअसर साबित करते हुए पहले क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन गुरुवार को उसे पहली पारी में 246 रन पर समेट दिया। मैच के दौरान रविचंद्रन अश्विन और रविंद्र जडेजा की जोड़ी ने इतिहास रच दिया है। यह स्पिन जोड़ी अब टेस्ट क्रिकेट में भारत की सबसे सफल जोड़ी बन गई है। उन्होंने एक जोड़ी के रूप में सबसे ज्यादा टेस्ट विकेट चटकाने के मामले में अनिल कुंबले और हरभजन सिंह की जोड़ी को पछाड़ दिया है। कुंबले-भज्जी की जोड़ी ने एक साथ मिलकर भारत के लिए 501 विकेट चटकाए थे, मगर अब अश्विन और जडेजा ने 502 विकेट अपने नाम कर भारत की सबसे सफल जोड़ी का टैग अपने नाम कर लिया है। जवाब में यशस्वी जायसवाल के शानदार अर्धशतक से मेजबान ने अच्छी शुरुआत भी की। पहले दिन का खेल समाप्त होने पर भारत ने 23 ओवर में एक विकेट पर 119 रन बना लिए थे। शानदार फॉर्म में दिख रहे युवा तुर्क जायसवाल 70 गेंद में 76 रन बनाकर खेल रहे हैं। वहीं शुभमन गिल ने 14 रन बना लिए हैं।



### आठ विकेट स्पिनर के नाम

*सुबह स्टोक्स ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया लेकिन उनके बल्लेबाज भारतीय स्पिन तिकड़ी का सामना नहीं कर सके। मददगार पिच पर रविचंद्रन अश्विन ने 68 और रविंद्र जडेजा ने 88 रन देकर तीन तीन विकेट चटकाए जबकि अक्षर पटेल और जसप्रीत बुमराह को दो दो विकेट मिले।*



### भारतीय विकेटटेकर जोड़ी

| विकेट | खिलाड़ी |
|---|---|
| 502 | रविचंद्रन अश्विन/रविंद्र जडेजा |
| 501 | अनिल कुंबले/हरभजन सिंह |
| 474 | जहीर खान/हरभजन सिंह |
| 431 | रवि अश्विन/उमेश यादव |
| 412 | अनिल कुंबले/जवागल श्रीनाथ |

### वर्ल्ड रिकॉर्ड एंडरसन और ब्रॉड के नाम

*इंटरनेशनल क्रिकेट में एक जोड़ी के रूप में टेस्ट क्रिकेट में सबसे ज्यादा विकेट लेने का वर्ल्ड रिकॉर्ड जेम्स एंडरसन और स्टुअर्ट ब्रॉड के नाम है, जिन्होंने एक साथ मिलकर 1039 विकेट चटकाए हैं। एंडरसन और ब्रॉड के अलावा शेन वॉर्न और ग्लेन मैक्ग्रा की जोड़ी दूसरी ऐसी जोड़ी है जिसने 1000 से अधिक विकेट चटकाए है। मैक्ग्रा और वॉर्न ने मिलकर अपने करियर में 1001 विकेट चटकाए थे।*



### स्कोर बोर्ड

| इंग्लैंड पहली पारी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| क्राउले का सिराज बो अश्विन | 20 | 40 | 3 | 0 |
| बेन डकेट पगबाधा बो अश्विन | 35 | 39 | 7 | 0 |
| पोप का शर्मा बो जडेजा | 01 | 11 | 0 | 0 |
| रूट का बुमराह बो जडेजा | 29 | 60 | 1 | 0 |
| जॉनी बेयरस्टो बो पटेल | 37 | 58 | 5 | 0 |
| बेन स्टोक्स बो बुमराह | 70 | 88 | 6 | 3 |
| फोक्स का भरत बो पटेल | 04 | 24 | 0 | 0 |
| अहमद का भरत बो बुमराह | 13 | 18 | 1 | 0 |
| टॉम हार्टले बो जडेजा | 23 | 24 | 2 | 1 |
| मार्क वुड बो अश्विन | 11 | 24 | 2 | 0 |
| जैक लीच नाबाद | 00 | 03 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 03, कुल : 64.3 ओवर में 246/10

गेंदबाजी : बुमराह 8.3-1-28-2, सिराज 4-0-28-0, जडेजा 18-4-88-3, अश्विन 21-1-68-3 , अक्षर 13-1-33-2.

# नीरज की उपलब्धियों से हैरान हुए स्विस टेनिस स्टार फेडरर

एजेंसी ▶▶| ज्यूरिख


स्विस टेनिस स्टार रोजर फेडरर और भारतीय ओलंपिक चैंपियन एथलीट नीरज चोपड़ा हाल में एक मुलाकात के दौरान एक दूसरे की उपलब्धियों की प्रशंसा करते दिखे। दोनों को अपनी सफलता, ख्याति और विरासत का कोई गुमान नहीं। बस एक दूसरे की प्रशंसा किए जा रहे। इस बातचीत में एक दूसरे की सफलता और समर्पण के प्रति आपसी सम्मान साफ दिखा। 'स्विट्जरलैंड टूरिज्म' द्वारा आयोजित इस मुलाकात में 20 बार के ग्रैंडस्लैम विजेता फेडरर और भारत के विश्व चैंपियन चोपड़ा ज्यूरिख में मौजूद थे।

ऐसा हालांकि रोज रोज नहीं होता कि खेल के प्रति ऐसे दो जुनूनी खिलाड़ी एक साथ बातचीत के मौजूद हों जिन्होंने अपनी उपलब्धियों से अपने देशों को गौरवान्वित किया हो।




## मैरी कॉम बोलीं-अभी नहीं लूंगी संन्यास, दिखाऊंगी और दम

**नई दिल्ली।** टोक्यो ओलंपिक के बाद से रिंग पर नहीं उतरी एमसी मैरी कॉम के भविष्य को लेकर अटकलें लगाई जा रही थीं, लेकिन छह बार की विश्व चैंपियन इस मुक्केबाज ने गुरुवार को खेल से संन्यास की अटकलों को खारिज किया। लंदन ओलंपिक 2012 की कांस्य पदक विजेता 41 वर्ष की मैरी कॉम अमैच्योर सर्किट पर खेलने के लिए उम्र के मानदंडों पर वैसे भी खरी नहीं उतरती हैं। उन्होंने हालांकि कहा कि अभी तक उन्होंने खेल को अलविदा कहने की औपचारिक घोषणा नहीं की है।












# ड्यूटी ऑवर्स में मेकअप, एएनएम का तबादला



हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास

शिप्रा उप स्वास्थ्य केन्द्र में पदस्थ एक एएनएम का ड्यूटी के दौरान मेकअप करवाने का वीडियो सामने आया है। इस वीडियो में उप स्वास्थ्य केन्द्र की एएनएम नीलिमा परमार अपनी साथी महिला कर्मचारी से अपने बालों में कलर लगवाती दिखाई दे रही है। मामले में सीएचएमओ ने एएनएम को कारण बताओ नोटिस देकर शिप्रा उपस्वास्थ्य केन्द्र से लौहार पीपल्या में पदस्थ कर दिया है। नीलिमा शिप्रा में लंबे समय से पदस्थ थी। यह वीडियो शिप्रा उपस्वास्थ्य केन्द्र की एएनएम नीलिमा परमार का है और इस संबंध में उन्हें नोटिस जारी किया और उन्हें अन्य जगह पदस्थ कर दिया है। यह वीडियो करवाचौथ के दिन है। नर्स का कहना है कि उस दिन काम करने के बाद जो समय बचा उस दौरान वह अपने बालों में रंग लगा रही थी।

# सतनाः राम-राम सुनते ही टीचर ने छात्र को पीटा, निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सतना



जिले में छात्र के राम-राम कहने पर स्कूल मैडम भड़क गईं और छात्र की पिटाई कर डाली। मामला बुधवार सुबह का है। सूचना मिलने पर एनएसयूआई और करणी सेना के कार्यकर्ता स्कूल पहुंचे और हंगामा किया। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। एनएसयूआई डिग्री कॉलेज प्रभारी विजय सिंह परिहार के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता स्कूल पहुंचे और करणी सेना के साथ नारेबाजी करने लगे। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और बड़ी मुश्किल से लोगों को समझा-बुझाकर शांत किया। स्थिति को देखते हुए स्कूल प्रबंधन ने भी शिक्षक को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया।

# भाजपा अनुशासन समिति की बैठक भितरघातियों पर होगी कड़ी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यालय में गुरूवार को अनुशासन समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें मुख्य रूप से भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा और संगठन महामंत्री हितानंद सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। बताया जा रहा है कि इस बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय हुए हैं। इसी कड़ी में विधानसभा चुनाव में भीतर घात करने वाले और पार्टी के घोषित प्रत्याशी को नुकसान पहुंचाने वालों पर कार्रवाई करने की भी तैयारी है, जिनके नामो पर मुहर लग चुकी है। फिलहाल नाम सार्वजनिक नहीं किए गए हैं।




## अयोध्या के लिए वाया दिल्ली जाना पड़ेगा

# अयोध्या के लिए भोपाल के राजा भोज एयरपोर्ट से एक भी डायरेक्ट उड़ान नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

इंटरनेशनल दर्जा प्राप्त राजा भोज एयरपोर्ट से अयोध्या के लिए कोई भी डायरेक्ट फ़्लाइट नहीं है। अगर ही यात्रियों को अयोध्या जाना है तो वाया दिल्ली जाना पड़ेगा। राजा भोज एयरपोर्ट पर इंटरनेशनल एयरपोर्ट जैसी सुविधाएं तो दी जा रही है, लेकिन अपेक्षाकृत फ्लाइटों की संख्या में वृद्धि नहीं हो रही है। ऐसे कई शहरों के लिए यहां से फ्लाइट की डिमांड है, लेकिन एयरवेज कम्पनियां इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रही है।

सबसे बड़ी बात तो यह है कि अयोध्या के लिए भी अभी तक भोपाल से एक भी सीधी फ्लाइट शुरू नहीं की गई है। अगर यात्रियों को अयोध्या जाना हो तो वाया दिल्ली जाना पड़ेगा। वहीं इंदौर एयरपोर्ट से भी आयोध्या के लिए कोई भी कोई भी सीधी उड़ान नहीं है। एयरपोर्ट डायरेक्टर रामजी अवस्थी का कहना है कि एयरवेज़ कम्पनियों से समय-समय पर फ्लाइटें शुरू करने का आग्रह किया जाता है। वर्तमान में एयरपोर्ट पर यात्रियों को इंटरनेशनल एयरपोर्ट की तरह सभी सुविधाएं मिल रही है। बस एयरवेज़ कंपनियों को डिमांड के अनुसार विभिन्न शहरों के लिए उड़ान शुरू करनी है।

## भाजपा की सदस्यता लेने वालों में कांग्रेस, सपा व बसपा नेता शामिल

# सेवानिवृत्त एसडीओ ओपी द्विवेदी सहित 24 लोगों ने ली भाजपा की सदस्यता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भाजपा प्रदेश कार्यालय में गुरूवार को सेवानिवृत्त एसडीओ ओपी द्विवेदी सहित कांग्रेस के 12, सपा के 11 एवं बसपा के 1 सरपंच ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने भाजपा में शामिल हुए सभी नेताओं को पार्टी का अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया।

सदस्यता लेने वालों में निवाड़ी जिले से कांग्रेस के बपरोली संरपच आनंद यादव, ढीमरपुरा सरपंच संजीव केवट, तरिचखुर्द सरपंच दयाराम अहिरवार, देंवेन्द्रपुरा सरपंच राहुल यादव, नोरा सरपंच अमित यादव, कुडार सरपंच देवव्रत अडजरिया, लडवारी सरपंच संजय तोमर, बिल्ट सरपंच बिलेखा देवी यादव, गुर्जरकला सरपंच राजू अहिरवार, कलोथर सरपंच संजीव प्रजापति, पिपरा सरपंच जीवन प्रजापति, पूर्व मुडारा सरपंच अशोक पुरी हैं। इसी तरह सपा के भमौरा सरपंच ब्रजेन्द्र यादव, पूर्व बसोवा सरपंच संजीव यादव, पठारी सरपंच तारासिंह यादव, घुघसी सरपंच अरविंद यादव सहित अन्य शामिल हैं।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930